सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:46
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-232 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 01 फरवरी 2024

20 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# प्रशांत कुमार बने यूपी के कार्यवाहक डीजीपी

**जिम्मेदारी**

- यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी ने संभाला कार्यभार



**लखनऊ।** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को राज्य सरकार ने प्रदेश पुलिस का नया मुखिया बना दिया है। उन्होंने बुधवार शाम को कार्यभार संभाल लिया। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को सेवानिवृत्त होने के बाद प्रशांत कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वर्ष 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार 16 अफसरों को सुपरसीड करके कार्यवाहक डीजीपी बने हैं। बीते करीब साढ़े तीन वर्ष से वह कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इसके अलावा उनके पास ईओडब्ल्यू और स्टेट एसआईटी की जिम्मेदारी भी है। यह लगातार चौथी बार है जब यूपी में कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति हुई है। कार्यवाहक डीजीपी ने नियुक्ति के निर्णय के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। बता दें कि मूल रूप से बिहार के सीवान निवासी प्रशांत कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पसंदीदा अफसरों में शामिल माना जाता है। एडीजी जोन मेरठ रहने के दौरान उन्होंने कई अपराधियों का एनकाउंटर किया था, जिसके बाद उनको एडीजी कानून-व्यवस्था बनाया गया था।

# ज्ञानवापी पर हिंदू पक्ष की बड़ी जीत

## कोर्ट ने ज्ञानवापी तहखाने में पूजा की इजाजत दी, गूंजा हर-हर महादेव

**फैसला**

- वाराणसी डीएम 7 दिन में पूजा का इंतजाम करेंगे
- तहखाने में हिन्दू धर्म की पूजा सामग्री और कई प्राचीन मूर्तियां मौजूद



**वाराणसी।** ज्ञानवापी केस में बड़ा फैसला आया है। यह फैसला हिंदू पक्ष में सुनाया गया है। फैसले के मुताबिक, ज्ञानवापी तहखाने में हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिला गया है।

ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया। तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई है। प्रकरण को लेकर हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी कहते ने कहा आज व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार दिया गया है और कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है। व्यासजी के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ की अनुमति मिलने के बाद हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं व आम लोगों में जश्न का माहौल है।

**देश का होना चाहिए विकास**

आगरा के मुस्लिम समुदाय ने ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद विवाद पर कहा कि इस तरह के विवादों में कई साल से देश का विकास रुका हुआ है। साथ ही मुस्लिम लोगों का भी विकास रुका है। हर राजनीतिक पार्टी ने उन्हें केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया है। जिससे उनके समाज के विकास नहीं हुआ है. अब वह विवादों में फंसने वाले नहीं है. अब उन्हें देश की प्रगति में योगदान देना है. आगरा को सुलहकुल और गंगा जमुना तहज़ीब के वजह से जाना जाता है।

- **1991:** पहली बार मुकदमा दाखिल कर पूजा करने की अनुमति मांगी गई।
- **1993:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यथास्थिति रखने का आदेश दिया।
- **2018:** सुप्रीम कोर्ट ने स्टे ऑर्डर की वैधता छह महीने के लिए बताई।
- **2019:** वाराणसी कोर्ट में फिर से इस मामले में सुनवाई शुरू हुई।
- **2021:** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने ज्ञानवापी के पुरातात्विक सर्वेक्षण की मंजूरी दी।

# केजरीवाल को ईडी का 5वां समन मिला

**मनी लॉन्ड्रिंग**

- शराब घोटाले में होनी है पूछताछ
- राजनीतिक षड्यंत्र के तहत भेजे जा रहे हैं समन




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में चल रही जांच में 2 फरवरी को जांच में शामिल होने के लिए नया समन जारी किया है।

ईडी ने 17 जनवरी, तीन जनवरी, 21 दिसंबर और दो नवंबर को केजरीवाल को समन भेजा था, लेकिन दिल्ली सीएम पेश नहीं हुए थे। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिए जवाब में पूछा कि यदि वह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नहीं हैं, तो उन्हें समन क्यों जारी किया गया। इससे पहले ईडी द्वारा भेजे गए समन को लेकर अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनको समन भेजे जा रहे हैं। तथाकथित आबकारी मामले की जांच पिछले दो साल से चल रही है।

# ईडी ने हेमंत सोरेन को किया गिरफ्तार

**जमीन घोटाला** झारखंड के सीएम ने दिया इस्तीफा, चंपई सोरेन चुने गए विधायक दल के नेता

- 43 विधायकों का समर्थन
- सरकार बनाने का दावा पेश किया



**रांची।** कथित तौर पर जमीन घोटाला मामले में फंसे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौप है और इसके चंद घंटों बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बता दे कि विधायक दल की बैठक में चंपई सोरेन को अपना नेता चुना गया है। यानी कि झारखंड के अगले मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हो सकते हैं विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपना दावा पेश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना।

### ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में एससी-एसटी पुलिस थाने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों के मुताबिक, सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हमें मुख्यमंत्री सोरेन की शिकायत मिली है, जिसमें ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

### दिल्ली स्थित आवास पर की थी छापेमारी

इससे पहले ईडी ने सोमवार को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान झारखंड सीएम हेमंत सोरेन को मौके पर नहीं मिले, लेकिन ईडी की टीम ने भारी मात्रा में बंगले से नकदी बरामद की थी। ईडी के अधिकारियों ने बताया था कि हेमंत सोरेन के बंगले से 36 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, साथ ही दो लग्जरी कार भी जब्त की गई हैं।

पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी। इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है।

# लगातार छठा बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार छठा बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज होंगे। वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश कर पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के क्लब में शामिल हो जाएंगी। सीतारमण पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं, जो जुलाई 2019 से अब तक पांच पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने सर्वाधिक 10 बार बजट पेश किए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को अपना पहला अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले साल 2019 में वित्त मंत्री अरुण जेटली की अस्वस्थता के कारण उस समय वित्त मंत्री के प्रभार में रहे पीयूष गोयल ने अंतरिम बजट पेश किया था। सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर वित्त मंत्री सबसे पहले बजट 2024 तैयार करने वाली अपनी टीम के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लेंगी। सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर वित्त मंत्री महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात कर बजट की मंजूरी लेंगी।

# नकारात्मकता और हुड़दंग को कोई याद नहीं करेगा: पीएम

**निशाना**

- पीएम का हंगामा करने वाले सांसदों पर तंज
- नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट लाएंगेः पीएम



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में बयान दिया और हंगामा करने वाले सांसदों पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ये सत्र संसद में लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले सांसदों के लिए पश्चाताप करने का मौका है।

विपक्ष आत्म चिंतन करें, जिन्होंने 10 साल के दौरान हंगामा और शोरगुल किया होगा, उनको कोई याद नहीं करेगा, लेकिन जिन्होंने अपने विचारों से सदन में सार्थक चर्चा में संवाद किया होगा, उनको हर कोई याद करेगा। यह सत्र चुनाव से पहले का अंतरिम बजट सत्र है, इसके बाद चुनाव होगा। हम परंपरा के मुताबिक- इस अंतरिम बजट को पेश कर रहे हैं। चुनाव के बाद हम पूर्ण बजट पेश करेंगे। सबको मेरी राम-राम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब पूर्ण बजट नहीं रखा जाता, हम भी उसी परंपरा का पालन करते हुए नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट लाएंगे. इस बार दिशा-निर्देशक बातें लेकर देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को बजट पेश करने वाली हैं. मुझे विश्वास है कि देश नित्य प्रगति की नई-नई ऊंचाइयों को पार करते हुए आगे बढ़ रहा है। बजट सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था, उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था, जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम था।

# यूपी बजट सत्र की सर्वदलीय बैठक आज

**लखनऊ।** विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक अब एक फरवरी को दोपहर 12.30 बजे होगी। पहली फरवरी को ही सर्वदलीय बैठक से पहले सुबह 11.30 बजे विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। पहले यह दोनों बैठकें 31 जनवरी को प्रस्तावित थीं। विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। सरकार पांच फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश का बजट पेश करेगी। राज्य सरकार के सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय हुआ था। इसके दृष्टिगत सर्वदलीय बैठक और विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक 31 जनवरी को प्रस्तावित थी। अयोध्या में उमड़े श्रद्धालुओं के जनसमुद्र को देखते हुए राज्य सरकार के मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या में दर्शन करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

## लखनऊ में आयोजित किसान मेले में मुख्यमंत्री योगी की बड़ी घोषणा

# किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार

**ऐलान**

- किसान मेले में 15 राज्यों के किसान शामिल हुए
- प्रदेश में चार कृषि विवि हैं और अब जल्द ही पांचवां भी खुलेगा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सीएसआईआर और सीमैप द्वारा किसान मेला 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि, सभी 4000 किसानों को प्रदेश सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। बता दें कि, राजधानी लखनऊ में सीएसआईआर और सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेला 2024 में आए, सभी 4000 किसानों को प्रदेश सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। इसका एलान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मेले में 15 राज्यों के किसान शामिल हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए चल रही योजनाओं का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री योगी ने किसान मेले में शामिल हुए 15 राज्यों के सभी किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराने की घोषणा की है। उन्होंने इस समर्थन में केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी संदेह नहीं किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, प्रदेश में इस समय चार कृषि विश्वविद्यालय हैं और अब जल्द ही पांचवां भी खुलेगा। किसान खुशहाल होगा तो देश भी खुशहाल होगा। जानकारी के लिए बता दें कि, योगी मंत्रिमंडल सदस्यों का राम मंदिर दर्शन कार्यक्रम 1 फरवरी को स्थगित कर दिया गया है। अयोध्या में योगी सरकार के मंत्रियों को दर्शन करने का कार्यक्रम था। फिलहाल, अभी राम भक्तों के दर्शन में असुविधा न हो इसके लिए मंत्रियों का अयोध्या दर्शन टल गया है। 11 फरवरी को योगी मंत्रिमंडल के सदस्यों को दर्शन के लिए ले जाया जा सकता है। हम प्रदेश के सभी 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों में क्लस्टर विकसित कर, नए तरीके से किसानों के समूह को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। यदि हम औषधीय पौधों की खेती, प्रोसेसिंग तथा मार्केटिंग को इसके साथ जोड़ लें, तो कई गुना अधिक लाभ किसानों को प्राप्त होगा।

**बजट सत्र** राष्ट्रपति ने गिनाई केंद्र सरकार की 12 उपलब्धियां

# दुनिया को भरोसा दे रहा भारत: द्रौपदी

**संकल्प**

- भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना
- भारत को अपना सबसे बड़ा समुद्री पुल अटल सेतु मिला



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कुछ अहम बिंदु

- भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना।
- भारत ने सफलता के साथ आदित्य मिशन लांच किया।
- धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर अपनी सेटेलाइट पहुंचाई।
- भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते।
- पैरा एशियाई खेलों में भी 100 से अधिक मेडल जीते।
- भारत को अपना सबसे बड़ा समुद्री पुल अटल सेतु मिला।
- भारत को अपनी पहली नमो भारत ट्रेन तथा पहली अमृत भारत ट्रेन मिली।
- भारतीय सेना में पहली बार चीफ आफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति हुई।
- पहली बार देश में कृषि निर्यात नीति बनाई गई।
- देश में पहली बार पशुपालकों और मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया गया

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के संयुक्त अधिवेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियां विस्तार से गिनाईं। इनमें ऐसे भी कुछ निर्णयों को उल्लेखित किया जो पहली बार हुए।

राष्ट्रपति ने इन बिंदुओं को सरकार की अभिनव पहल के रूप में प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण की सदियों की आकांक्षा अब सच हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम मंदिर निर्माण के साथ जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, नागरिकता संशोधन कानून, तीन तलाक को गैरकानूनी बनाने से लेकर अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हुए 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने जैसी उपलब्धियों का जिक्र किया। इन बड़े फैसलों का श्रेय सरकार को देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पूर्ण बहुमत वाली स्थिर और मजबूत सरकार के लिए भारतीयों का संकल्प भी दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मजबूत अर्थव्यवस्था को इसका श्रेय देते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न आयामों को देखें तो यह विश्वास बढ़ता है कि भारत सही दिशा में है तथा सही निर्णय लेते हुए आगे बढ़ रहा है। सरकार ने सुशासन और पारदर्शिता को हर व्यवस्था का मुख्य आधार बनाया है। ऐसे हजारों आदिवासी गांव हैं जहां बीते 10 वर्षों में पहली बार बिजली और सड़क पहुंची है। लाखों आदिवासी परिवारों को अब जाकर पाइप से शुद्ध पानी मिलना शुरू हुआ। पहली बार जनजातियों में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों की सुध ली गई है। उनके लिए लगभग 24 हजार करोड़ रुपये की पीएम जनमन योजना बनाई है।

# 32 हफ्ते का गर्भ खत्म नहीं कर सकती महिला

**सुनवाई**

- शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के फैसले में दखल से इनकार



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को 32 हफ्ते से ज्यादा समय के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात को माना है कि इसे अब खत्म नहीं किया जा सकता है।

छब्बीस वर्षीय महिला के पति की पिछले साल अक्तूबर में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 जनवरी के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने चार जनवरी के फैसले को वापस ले लिया था, जिसमें महिला को अपने 29 माह पुराने गर्भ को गिराने की अनुमति दी गई थी। पीठ ने कहा, गर्भ को 32 महीने पूरे हो चुके हैं, इसे अब कैसे खत्म किया जा सकता है? मेडिकल बोर्ड ने भी कहा है कि इसे खत्म नहीं किया जा सकता है। आप चाहें तो इसे गोद लेने के लिए दे सकते हैं। महिला की ओर से वकील अमित मिश्रा पेश हुए। उन्होंने कहा कि अगर वह बच्चे को जन्म देती हैं तो यह उनकी (महिला) इच्छा के खिलाफ होगा। उन्हें पूरी जिंदगी सदमे में गुजारनी होगी। पीठ ने आगे कहा, उच्च न्यायालय ने हरेक बिंदु पर विचार किया है। इसमें मेडिकल बोर्ड का विचार भी शामिल है।अदालत ने कहा, हम मेडिकल बोर्ड की राय से आगे नहीं जा सकते। बोर्ड ने राय दी है कि इसमें कोई असमान्यता नहीं है और यह एक सामान्य भ्रूण है। पीठ ने कहा, बोर्ड की ओर से यह भी राय दी गई है कि अगर याचिकाकर्ता (महिला) गर्भावस्था जारी रखती हैं, तो उन्हें भी कोई खतरा नहीं है। इसके बाद वकील अमित मिश्रा ने दलील दी कि महिला विधवा है और उसे जीवनभर इस सदमे को सहना होगा। अदालत को उसके हित पर विचार करना चाहिए। इसके बाद न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी ने पूछा, तो क्या हमें सिर्फ उसके हित पर विचार करना चाहिए?

# लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए करें विशेष प्रयासः मण्डलायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने जिला उद्योग बंधु समिति में विचाराधीन विभिन्न विभागों के प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अन्तर्गत सहारनपुर में प्रस्तुत 5, मुजफ्फरनगर में 04 एवं शामली के 04 लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उद्योग बंधुओं से संबंधित समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास करें एवं व्यक्तिगत रूचि दिखाएं।

मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद सर्किट हाउस सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू के प्रगति एवं मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की समीक्षा बैठक ले रहे थे। मण्डलायुक्त ने यूपीसीडा मेरठ के प्रस्तुत प्रकरणों के निस्तारण में शिथिलता पर नाराजगी की एवं निर्देश दिए कि आज ही एसपी सिटी सहारनपुर के साथ बैठक कर पुलिस चौकी का लेआउट फाइनल करना सुनिश्चित करें। डॉ.हृषिकेश भास्कर यशाद ने निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा के बाद लम्बित



प्रकरणों की समीक्षा के दौरान संयुक्त आयुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि आगामी 10 दिन में निरंतर बैठक करते हुए लम्बित सभी प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ऐसे एमओयू जिनमें भूमि उपलब्ध है परन्तु जीबीसी के लिए तैयार नहीं है उनके लिए अलग से बैठक बुलाएं। उन्होने उपायुक्त उद्योग को सख्त निर्देश दिए कि लम्बित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी लेते हुए पूर्ण तैयारी के साथ बैठक में आएं। उन्होने निर्देश दिए कि उद्यमियों को किसी भी प्रकार की सूचना देने में लिखित माध्यम का ही प्रयोग करें।

समीक्षा बैठक में हुए एमओयू की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग जिनके स्तर से कार्य लम्बित है वह यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण करें। डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश देने के साथ ही हस्ताक्षरित एमओयू को धरातल पर लाने में आ रही समस्याओं को यथाशीघ्र निस्तारित करने को कहा। उन्होने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए चयनित किए गये एमओयू को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अंजू रानी ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि मण्डल के जनपद सहारनपुर में 2501.80 करोड के 102 एमओयू, मुजफ्फरनगर में 6414.79 करोड़ के 81 एवं शामली में 1173.75 करोड़ धनराशि के 31 एमओयू ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि उद्योग बन्धुओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण समयबद्ध ढंग से किया जाये। मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में पारित निर्णयों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करें। अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर समस्याओं के निराकरण में तेजी लाए। किसी भी समस्या की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होने संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित सभी आवेदन पत्रों का समय से निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आशीष कुमार, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक सहित संबंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी एवं उद्यमीगण अनूप खन्ना, रविन्द्र मिगलानी, प्रियेश गर्ग, लघु उद्योग भारती के अनुपम गुप्ता सहित मुजफ्फरनगर एवं शामली के उद्यमी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सहारनपुर।** युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस ने रोडवेज बस स्टैण्ड अग्रसैन चौक से गिरफ्तार किया है।

गौरतलब रहे कि 30 जनवरी को पीड़िता ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने की सूचना के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश दिये गये। थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम अभियुक्त जतिन अधाना पुत्र स्व.जगमाल निवासी तिगरिया भूड थाना गजरौला जनपद अमरोहा को रोडवेज बस स्टैण्ड, अग्रसैन चौक से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक धीर सिंह व हैड कांस्टेबल सचिन शामिल रहे।

# आरक्षण की मांग को लेकर कश्यप समाज ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आरक्षण व लोकसभा चुनाव में टिकट की भागेदारी सुनिश्चित करने समेत कई मांगों को लेकर कश्यप एकता क्रान्ति मिशन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने आज हकीकत नगर धरना स्थल पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। कश्यप एकता क्रांति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कश्यप नेतृत्व में कार्यकर्ता अपनी मांगो के समर्थन में हकीकत नगर के धरना स्थल पर एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए अजय कश्यप ने कहा कि हमारा समाज तमाम पार्टियों को वोट देता आया है, लेकिन आज तक भी किसी पार्टी ने कश्यप समाज को पश्चिम उत्तर प्रदेश में विधान सभा या लोकसभा का टिकट नही दिया। जबकि कश्यप समाज का वोट बैंक तीसरी बड़ी संख्या में है। कार्यक्रम मे सचिव रवी कश्यप, उपाध्यक्ष नीतीश कश्यप, उपाध्यक्ष सोमपाल कश्यप, महा सचिव रोहित कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष सुमित कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष शिखा



कश्यप, जिला अध्यक्ष विनय कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष सोनू कश्यप ने भी अपने अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की कि रोहिणी आयोग की रिपोर्ट लागू की जाए, महर्षि कश्यप चौक बनाया जाए, लोकसभा चुनाव में टिकट की भागीदारी दी जाए, कश्यप समाज के लिए सहारनपुर में भवन बनाया जाए। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोमपाल कश्यप ने कहा कि आरक्षण के लिए अगर हमें सड़कों पर उतरना पड़ा, तो वह पीछे नहीं हटेंगे और आरक्षण हरहाल में लेकर रहेंगे। इस दौरान सोनू, रवि, नानक, अंकुश, पंकज, रोहित, रवि, जग्गा सिंह, हिमांशु, सोहन लाल आदि कश्यप समाज के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिलने फैली सनसनी परिवार के लोगों ने जताई हत्या की आशंका

**सहारनपुर।** घर से निकले युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

दरअसल, पूरा मामला जनपद सहारनपुर के थाना मिर्जापुर इलाके के गांव रजापुर नौगांवा का है। यहां के रहने वाले खुर्शीद अहमद के 20 वर्षीय बेटे हसीन का शव आधी रात को बेगपुर के जंगल में पेड़ से लटका मिला। परिजनों का कहना है कि शाम करीब 7 बजे हसीन के फोन पर किसी का फोन आया था और वह घर से निकल गया था। परिजनों का यह भी कहना है कि रात में उसका फोन आया और उसने कहा कि मुझे बचा लो। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच की तो युवक का शव बेगपुर के जंगल में पेड़ से लटका मिला। घटना की सुचना मिलते ही कोतवाली बेहट पुलिस सीओ बेहट भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बारे में एसएसपी विपिन टाडा ने भरा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि युवक का पेड़ से लटका मिला है। हत्या या आत्महत्या यह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई है।

## पीडीए गठबंधन को मजबूत बनाने सभी की जिम्मेदारीः फैसल

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को सत्ता से हटाने के लिए पीडीए गठबंधन की भूमिका अहम होगी, जिसके लिए सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जी जान से जुट जाएं। पीडीए पखवाड़ा जन पंचायत के अंतर्गत आज नूर बस्ती में आयोजित बैठक में फैसल सलमानी लोगों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इन वर्गों को उनके अधिकार दिलाने का अभियान शुरू किया है, ताकि उपेक्षित वर्गों को उनका हक मिल सकें। उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात दलित अल्पसंख्यक एवं पिछड़े केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं, उन्हें उनका अधिकार नहीं दिया गया है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान में सभी को समान अधिकार देने का काम किया गया था, लेकिन किसी भी सरकार ने उनका अधिकार उन्हें देने का काम नहीं किया, जिस कारण आज वह हर तरफ से उपेक्षित है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सभी मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हमें इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पीडीए गठबंधन को मजबूत करना होगा, जिससे सभी वर्गों को एकजुट कर उन्हें सत्ता में बराबरी की हिस्सेदारी दी जा सके जा सकें। उन्होंने कहा कि वंचित समाज को हमें एकजुट करने के लिए पीडीए गठबंधन बनाया गया है, हम सब का दायित्व है कि इस गठबंधन को और अधिक मजबूत बनाएं, जिससे लोकसभा चुनाव में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ सकें। पखवाड़ा जन पंचायत के दौरान हसीन कुरैशी, चौधरी असलम, मोहम्मद बिलाल, मुन्ना, शमशाद इश्तियाक कौसर, काशिफ, जहीर, विशाल आदि मौजूद रहे।

## नवाब अंसारी सपा के महानगर अध्यक्ष नियुक्त

**सहारनपुर।** नगर में असांरी समाज को सम्मान देते हुए आज नवाब अंसारी को समाजवादी पार्टी का महानगर अध्यक्ष बनाया गया। आज विधायक आशु मलिक के आवास पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी का स्वागत किया गया और विधायक आशु मलिक ने कहा कि उन्होंने अंसारी समाज से किया वादा भी पूर्ण किया है।

आज बेहट रोड स्थित आशु मलिक के आवास पर पार्टी सुप्रीमों अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर नवाब अंसारी को सपा का महानगर अध्यक्ष घोषित किया गया। विधायक आशु मलिक ने नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी का स्वागत करते हुए कहा कि विधान सभा चुनाव में उनके द्वारा अंसारी समाज को सम्मान देने का वादा किया गया था और वह आज अपने इस वादे को पूर्ण कर अंसारी समाज को सम्मान दिलाने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं की संस्तुति पर आज नवाब अंसारी को महानगर अध्यक्ष बनाया जाना अंसारी समाज का सम्मान है। इससे पूर्व गाड़ा समाज से चौधरी अब्दुल वाहिद को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए गाड़ा समाज को सम्मान देने का काम किया गया था। समाजवादी पार्टी में सर्वसमाज के लोगों को सम्मान दिया जाता है, जिसके बल पर पार्टी आज मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और भी पार्टी में सक्रिय योगदान देकर मजबूती प्रदान करने वाले लोगों को इसी प्रकार मान सम्मान दिया जायेगा।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपहार भेंट कर दी भावभीनी विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पी.डब्लू.डी. नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपहार भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया गया। पी.डब्लू.डी. नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित सेवानिवृत्त स्वागत समारोह में सेवानिवृत्त हुए तीन कर्मचारियों को उपहार भेंटकर उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई। पी.डब्लू.डी. नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के मण्डल अध्यक्ष राकेश नागर ने बताया कि आज पी.डब्लू.डी. नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष साधूराम समेत अन्य कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने पर सेवानिवृत्त स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सेवानिवृत्त सभी कर्मचारियो का भव्य स्वागत कर उनको शुभकामनाएं दी गई। उन्होने कहा कि एक कर्मचारी कभी भी रिटायर्ड नहीं होता। विभाग की सेवा से मुक्त होने के बाद परिवार व समाज की जिम्मेदारी निभाने के लिए वक्त मिलता है। कर्मचारी विभाग की सेवा में अपने जीवन के कीमती वर्ष व्यतीत कर दिए। समारोह में पी.डब्लू.डी. नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष साधूराम ने भव्य स्वागत करने पर सभी को आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे प्रदेश सम्प्रेषक राकेश नागर, प्रदेश सयुक्त मंत्री अरविन्द तोमर, ई.सीपी सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, आरके सिह समेत पी.डब्लूडी. नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी को प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना एवं उपहार भेंट कर अश्रुपूरित नेत्रों से दी गई भावभीनी विदाई

*अवधनामा संवाददाता*

**अलीगढ़।** अलीगढ़ से स्थानान्तरण होने के बाद जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह का सम्मान समारोह कलैक्ट्रेट में आयोजित किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों ने इन्द्र विक्रम सिंह के प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना एवं उपहार भेंट कर अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। इस अवसर पर राजनेता, समाजसेवी, उद्यमी, व्यापारी, अधिकारी, अधिवक्ता, मीडिया बन्धु और भारी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे। सभी लोगों ने अपने-अपने तरीके से, भगवार श्रीराम का मंदिर, पुष्प गुच्छ, शॉल, स्मृति चिन्ह, गमला, पुस्तक भेंट कर अपने जिलाधिकारी को अगले कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। सभाकक्ष के बाहर जनसामान्य का हुजूम उमड़ा और इन्द्र विक्रम सिंह जिन्दाबाद और हमारा जिलाधिकारी कैसा हो इन्द्र विक्रम सिंह जैसा हो जैसे नारों से समूचा कलैक्ट्रेट गुंजायमान हो उठा। सीडीओ आकांक्षा राना ने अपने को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि उन्हें इतने मोटीवेशनल जिलाधिकारी मिले। उन्होंने जिंदगी को कैसे जिंदादिली के साथ कैसे जिया जाता है, जीना सिखाया। एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने कहा कि उन्होंने नए आयाम प्रस्तुत करते हुए सभी को स्मार्ट वर्किंग का तरीका सिखाया। एडीएम वित्त मीनू राणा ने उनके बेतकल्लुफ अंदाज, अनुशासन, अनुकरणीय कार्यशैली, एकसमान भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनसे उन्होंने बहुत कुछ सीखा। नगर मजिस्ट्रेट रामशंकर डीएम इन्द्र विक्रम सिंह को प्रशासनिक क्षमता का धनी बताते हुए कार्य के प्रति निष्ठावान बताया। सम्मान समारोह में सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने जिलाधिकारी के कार्यकाल एवं अनूठी कार्यशैली को शब्दो में पिरोकर एक मनमोहक कविता पाठ के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थितजनों ने



मुक्तकंठ एवं करतल ध्वनि से सराहना की। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुधार की गुंजाइश सदैव बनी रहती है। आप जहां जिस पद, क्षेत्र में हैं कार्य करने की नई-नई संभावनाओं को तलाशें और पूरी क्षमता से सेवाओं को दें। परिस्थितियां कभी आइडियल नहीं होती हैं। हर जगह अच्छे, बुरे, सामान्य लोग मिलते हैं और उन्हीं के मध्य रहकर कार्य करना होता है। उन्होंने युवा अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि मन में कभी श्रेष्ठता का भाव नहीं आना चाहिए। इस अवसर पर विकास परिवार की ओर से डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्द्र त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम दीनदयाल वर्मा, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, डीपीओ श्रेयश कुमार, एसई सिंचाई चन्द्रभान यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी इबादउल्लाह, वरिष्ठ कोषाधिकारी योगेश कुमार, कोषाधिकारी प्रिया सिंह, सोहनलाल, अरूण सिंह, कविता सिंह समेत सभी कलैक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहे।

## अवैध कच्ची शराब की भट्टी चलाते दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना बडगाँव पुलिस कच्ची शराब बनाने भट्टी का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की और मौके से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर शराब बनाने के उपकरण व भट्टी बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व अवैध शराब की बिक्री में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये चैकिंग अभियान के अन्तर्गत थाना बड़गांव प्रभारी निरीक्षक परविंदर पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्त सतीश पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम चन्दपुर मजबता थाना बड़गांव व प्रदीप पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम चन्दपुर मजबता थाना बड़गांव को 415 लीटर कच्ची शराब, भट्टी एवं शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया।

# कुंवर सत्येंद्र पटेल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया कंबल वितरण का कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली में अपना दल एस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रति



दिन गरीब असहाय एवं दबे कुचले लोगों के प्रति लगातार मदद की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। जहां एक तरफ कड़ाके की ठंड से लोग कापते व ठिठुरते दिखाई रहे हैं वही अपना दल एस कार्यकर्ताओं द्वारा गरीब बस्तियों में जाकर उन्हें ठंड से बचाव हेतु राहत सामग्री वितरण करने का कार्य किया जा है उसी कड़ी में आज अपना दल एस जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान, साथ ही जिला महासचिव सिराज अहमद, जिला सचिव इंद्रेश विक्रम सिंह, सहकारिता मंच के अध्यक्ष रामकिसुन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद अजीम, जिला मीडिया सचिव प्रभात पटेल एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा रायबरेली सदर विधानसभा के नगर पालिका क्षेत्र तेलयाकोट में एक कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें काफी तादात में क्षेत्र के लोग इकठ्ठा हुए।वहीं इस कड़ाके की ठंड की मार झेल रहे काफी तादात में जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाते ही लोगों की जिंदगी में एक नई रोशनी पैदा हो गई। और लोगों में इस कदर खुशी उत्पन्न हुई मानो उन्हें कोई वरदान मिल गया हो कंबल पाते ही सभी के चेहरे खिल उठे। वही कार्यकर्ताओं द्वारा कंबल के साथ-साथ छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए स्वेटर एवम गर्म कपड़े भी वितरण किए गए। वही इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र की जनता अपना दल एस पार्टी की काफी सराहना कर रही हैं। एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। साथ ही पूरे तीलियाकोट क्षेत्र अपना दल एस पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ गूंज उठा।

# मण्डलायुक्त ने वादों का आपसी सुलह समझौते पर कराया निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में उनके सभाकक्ष में सूक्ष्म, एवं लघु उद्यमों के भुगतान सम्बन्धी व्यवसायिक विवादों के निस्तारण हेतु राज्य सरकार द्वारा गठित मण्डलीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुरक्षा परिषद की बैठक आहूत की गयी।

सुलह बैठक में 33 सन्दर्भो में सुलह कराये जाने के प्रयास किये गये और काउन्सिल द्वारा 02 सन्दर्भों में सुलह समझौते के आधार पर कुल 9,42,631 का भुगतान कराया गया।

इसके अतिरिक्त मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न आब्रीटेऊशन बैठक में कुल 25 सन्दर्भों में सुनवाई की गयी और 17 सन्दर्भों में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के कुल बकाया मूलधन 1,44,56,420 रूपये पर ब्याज सहित भुगतान के विधिक आदेश एवं अवार्ड निर्गत किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग व सदस्य, सचिव श्रीमती अन्जू रानी, एलडीएम प्रवीण जमुआर, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती अनुपम गुप्ता, आई.आई.ए. से प्रमोद मिगलानी,एवं अन्य सदस्यगणों ने प्रतिभाग किया।

## कुष्ठ सेवा आश्रम में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में कुष्ठ सेवा आश्रम हनुमंत पुरम रायबरेली का निरीक्षण अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली, श्री उमाशंकर कहार द्वारा किया गया। सचिव द्वारा कुष्ठ आश्रम में रहने वाले सभी कुष्ठ रोगियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना गया तथा सभी कुष्ठ रोगियों के लिए विधिक जागरूकता व सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत सचिव द्वारा सभी कुष्ठ रोगियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर के पश्चात सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कुष्ठ रोगियों को फल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जय दुर्गे कुष्ठ सेवा आश्रम के अध्यक्ष मुरारी सिन्हा, स्वास्थ्य सुपरवाइजर जिला कुष्ठ विभाग वीरेन्द्र कुमार सिंह, स्वास्थ्य शिक्षक जिला कुष्ठ विभाग अवधेश सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व अजय कुमार बाजपेयी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला में 189 लोगों को मिला रोजगार

**रायबरेली।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड राही के प्रांगण में किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी प्रा0लि0, लेन्सकार्ट, याजाकी इण्डिया, माइक्रोमैक्स, डॉन बास्को, सफायर हेल्थ साल्यूशन, वेलस्पन इण्डिया, पेटीएम, एससीएम गारमेन्ट, शिवशक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थकेयर, बजाज एलियांस, जिओ फाईबर एवं एजुकेट गर्ल्स द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में कुल 476 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 189 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## अभिकर्ता के बिना बीमा का कारोबार संभव नहींः आर पी राजन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के तत्वाधान में शहर के एक स्थानीय होटल में कल्याण शंकर मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा प्रवक्ता आर.पी. राजन और विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता राम विलास यादव एवं मुख्य शाखा प्रबंधक रत्नेश कुमार गुप्ता रहे। आयोजक विपिन कुमार अवस्थी ने अतिथियों को अंगवस्त्र वा गुलदस्ता देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को भी आयोजक मंडल द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आर. पी. राजन ने उपस्थित अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में बीमा अभिकर्ताओं का मुख्य योगदान होता। उनके बिना यह बीमा का कार्य संभव ही नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि आप लोग देश की अग्रणी बीमा कंपनी के अभिकर्ता है यह आपके लिए गर्व की बात है। बजाज आलियांज देश की



अग्रणी बीमा कंपनियों में से एक है। जब पूरा विश्व कोविड-19 की महामारी से जूझ रहा था तब सत्र 2020-2021 में सबसे अधिक 99.47 फीसदी पॉलिसी दावा निस्तारण करके एक मिशाल पेश की। उन्होंने अभिकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुये कहा कि बीमा क्षेत्र में लोगों से मिलते समय यदि कोई नो कहे तो उस नो अगला अवसर समझ कर आगे बढ़ना चाहिये। विशिष्ट अतिथि राम विलास यादव ने उपस्थित लोगों को बीमा के बारे में बताते हुए कहा आप लोग नियमित रूप से लोगों से संपर्क कर अपने कार्य को बढ़ा सकते हैं। लखनऊ से आए प्रशिक्षक हरि ओम द्विवेदी ने सभी अभिकर्ताओं को बड़ी बारीकी से प्रशिक्षण दिया।वरिष्ठ अभिकर्ता अरुण पाण्डेय ने कहा कि बीमा अभिकर्ता धारक की विपत्ति की स्थिति में यही अभिकर्ता आगे सहारा बनते हैं।

# एनटीपीसी ऊंचाहार के महाप्रबंधक मनदीप सिंह छाबड़ा को ज्ञापन सौंपते अजय अग्रवाल

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार के स्थानीय ठेकेदारों, श्रमिकों तथा सुपरवाइजरी स्टाफ जिनकी संख्या करीब 5000 बैठती है उनको न्याय दिला कर ही दम लूंगा यह बात आज भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिकता ने ऊंचाहार एनटीपीसी गेट के समक्ष एक प्राइवेट होटल में ठेकेदारों की वृहद बैठक को संबोधित करते हुए कही ।भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने संबंध में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह से दो बार बातचीत की है पर अभी तक कोई हल निकला नहीं है। अजय अग्रवाल ने स्थानीय ठेकेदारों के समक्ष कहा कि इस संबंध में यदि जल्द हाल नहीं निकाला गया तो वह स्थानीय ठेकेदारों के साथ सड़क पर आंदोलन में उतरेंगे। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो वह भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास करेंगे क्योंकि यह मामला पांच हज़ार



लोगों की रोटी रोजी से जुड़ा है।

बैठक के उपरांत बैठक के उपरांत एक प्रतिनिधि मंडल भाजपा नेता अजय अग्रवाल के नेतृत्व में एनटीपीसी ऊंचाहार के महाप्रबंधक मनदीप सिंह छाबड़ा से जाकर मिला तथा उनसे यह अनुरोध किया कि जो लिमिटेड टेंडर प्रक्रिया पिछले 30 वर्षों से एनटीपीसी ऊंचाहार में चली आ रही थी उसको तत्काल बहाल किया जाए अन्यथा 6 फरवरी से एन टी पी सी ऊंचाहार गेट पर हजारों लोग धरने पर बैठ जाएंगे । प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के क्षेत्रिय मंत्री दिलीप यादव, ऊंचाहार विधानसभा के भाजपा के संयोजक जितेंद्र सिंह, ठेकेदार नीरज मिश्रा, तेजनारायण त्रिपाठी, मक्खन लाल तथा मनोज सिंह शामिल थे।

## सपा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के सहारे चुनाव लड़ेंगी नवल किशोर



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी ने फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र से नवल किशोर शाक्य को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होते ही पार्टी कार्यालय पहुंचकर उन्होंने पत्रकारों से चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की धर्म की राजनीति को टक्कर देने के लिए सपा अब करेगी जातियों की राजनीति और राम मंदिर के सवाल पर सपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा ने धर्म की राजनीति कर ध्रुवीकरण किया है। इसको तोड़ने के लिए जातीय समीकरण ही कारगर होगे, इसलिए पीडीए बनाया है। सपा प्रत्याशी ने कहा की पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यकों की असली हितेषी है। समाजवादी पार्टी इन्हीं की वजह से इटावा, मैनपुरी, बदायूं बांदा सहित कई जिलों में सपा ने पीडीए से आने वाले ही प्रत्याशी बनाए है सपा पार्टी को अगड़ों का वोट नहीं चाहिए। इस सवाल पर सपा प्रत्याशी ने कोई भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अगड़ों को हम साइड लाइन कर जिले में चुनाव लडने की तैयारी में लगे हैं। सपा प्रत्याशी ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों पर सपा प्रत्याशी ने कहा कि पार्टी कई बार कह चुकी है कि वह उनके निजी बयान है जिस पर हमें कुछ नहीं कहना है।

# स्कूलों को बेहतर बनाएं अधिकारी

## बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कायाकल्प पैरामीटर के तहत स्कूलों में दिव्यांग शौचालय व टायलीकरण आदि कायाकल्प का अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही समय से कार्य पूर्ण न होने की दशा में सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि से दंडित किया जाएगा। उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीकृत छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें के सभी छात्र प्रॉपर यूनिफॉर्म में विद्यालय आए। सभी विकास खण्डों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्र उपस्थित को बढ़ाया जाये।

सभी ब्लॉक जहाँ पर स्मार्ट क्लास संचालित हो रही है, संचालन का प्रस्तुतिकरण करें। सभी विद्यालय निपुण बने इसके लिए सभी शिक्षक डिजिटल टूल्स का नियमित उपयोग करें। सभी विद्यालय आगामी निपुण आकलन परीक्षा तथा नेट परीक्षा के पहले सभी बच्चों का आन्तरिक मूल्यांकन करके, उन्हें निपुण बनाने तथा उनकी ग्रेड सुधारने के लिए कार्य करें। जिलास्तरीय टास्क फ़ोर्स एव ब्लाक स्तरीय टास्क फ़ोर्स को शत प्रतिशत निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही सभी खंड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया की जल्द से जल्द सभी परिषदीय विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय एवम कक्षा कक्ष में टायलीकरण का कार्य कराना सुनिश्चित करे सभी खंड शिक्षा अधिकारी स्मार्ट क्लास की सूचना प्रजेंटेशन अगली बैठक में प्रस्तुत करे आर टी ई के तहत जिन प्राइवेट स्कूलों ने बच्चो का एडमिशन लेने से इंकार किया है, उन विद्यालयों को नोटिस जारी कर मान्यता समाप्त की जाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, समस्त खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## महाकाव्य के रचयिता कामेश्वर द्विवेदी का नागरिक अभिनन्दन



**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर के लंका स्थित सिद्धेश्वर नगर में जिला पत्रकार समिति हाल में मिशन जामवंत से हनुमान जी के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकुमार सिंह के प्रमुख संयोजन में प्रदेश संयोजक कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के संचालन में श्रीराममय अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रख्यात शिक्षाविद् एवं कवि डॉ. धर्मदेव यादव के अध्यक्षता में महाकाव्य रचयिता कवि कामेश्वर द्विवेदी को विगत दिनों वाराणसी के साहित्यिक संघ द्वारा श्रेष्ठ रचनाधर्मिता निभाने के लिए विशेष रूप से सम्मानित होने के बाद गाजीपुर आगमन पर कवियों, शायरों द्वारा संयुक्त रूप से अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर रणविजय सिंह,संजय पाण्डेय, दिनेश चन्द्र शर्मा, उमेश राय, मोहम्मद नसीम रज़ा खां सिकरवार, विनय पाण्डेय बहुमुखी, अखिलेश सिंह, कुंजबिहारी राय सहित अनेकों विशिष्ट लोगों एवं रचनाकारों ने अपने विचारों और अपनी रचनाओं से मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सेवानिवृत्त होने पर लेखपाल को दी गई विदाई साथियों ने उपहार देकर किया सम्मानित



**कोंच अवधनामा संवाददाता।** लेखपाल के सेवानिवृत्त होने पर उपजिलाधिकारी ने लेखपाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई देते हुए लेखपाल की कार्यों की प्रसंशा की। तहसील सभागार में बुधवार को उपजिलाधिकारी अतुल कुमार तहसीलदार अभिनव तिवारी नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह रजिस्ट्रार कानूनगो अतुल कुमार शर्मा ने सेवा लेखपाल वालकृष्ण के सेवा निवृत्त होने पर उन्हें फूल माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें विदाई दी। इस दौरान एसडीएम ने बोलते हुए कहा कि सेवा निवृत्त एक शतत प्रक्रिया है जिससे प्रत्येक कर्मचारी को गुजरना पड़ता है और कर्मचारी अपने पद से तो रिटायर्ड जो जाता है लेकिन अपने दायित्यों एवं लोगों के दिलों से कभी भी रिटायर्ड नहीं होता है और कर्मचारी के किये गए व्यौहार को लोग हमेशा याद करते रहते हैं आपको बता दें कि लेखपाल वालकृष्ण रिटायर्ड होने के दौरान तीतरा क्षेत्र में तैनात थे और वह मूलतः कौशलपुर के निवासी है और वर्तमान में मुहल्ला मालवीय नगर में अपना निवास बनाये हुए है लेखपाल बालकृष्ण सरल स्वभाव और मिलनसार स्वामित्व के मालिक है। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक व तहसील परिवार मौजूद रहा।

# टैक्स लेते हैं तो सुविधायें देनी होंगी: आनंद राजपाल

## छाती पढ़कर टैक्स ले और सुविधाओं नदारद रहें, ये नही चलेगा

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** 16 अक्टूबर को ज्ञापन देकर नगरपालिका क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग करने के बाद व्यापारियों ने आज नगरपालिका गेट पर धरना दिया। बताया गया कि पूर्व में दिये गये ज्ञापन को नगरपालिका प्रशासन ने बिलकुल गंभीरता से नही लिया। छाती पर छढ़कर व्यापारियों से टैक्स लेकर देय सुविधाओं से मुह मोड़ना बिलकुल नही चलेगा। इसके लिये आरपार का संघर्ष होगा। सदर तहसीलदार वीरबहादुर सिंह ने व्यापारियों से ज्ञापन प्राप्त किया।

बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिध मंडल के जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल ने कहा नगरपालिका चुनाव के दौरान हमने वादा किया था कि हमारा प्रत्याशी चुनाव जीतकर आया तो हर महीने श्वेत पत्र जारी कर आय व्यय का व्योरा देंगे और यदि हमारा प्रत्याशी चुनाव नही जीता तो जो भी आयेगा उसे पाई पाई का हिसाब देते हुये जनसुविधायें मुहैया करानी होंगी। लेकिन नगरपालिका ने मनमाना किराया बढ़ा दिया, रजिस्ट्रेशन पर व्यापारियों का उत्पीड़न शुरू हो गया, पार्किंग सुविधा नही है, रोड लाइटें खराब पड़ी हैं, छुट्टा पशुओं और सड़क के गड्ढों से मुक्ति नही मिली। आनंद राजपाल ने कहा व्यापारी निरीह नही रहा, अपना हक छीन लेने की कूबत व्यापारियों में है। उन्होने व्यापारियों का आवाह्न करते हुये कहा 'तुम मुझे समय दो मै तुम्हे समाधान दूंगा'। महामंत्री सूर्यकुमार शुक्ल ने कहा व्यापारी टकराहट नही चाहता लेकिन नगरपालिका का भ्रष्ट प्रशासन इसके लिये मजबूर कर रहा है। नतीजा जो भी हम टैक्स देते हैं तो सुविधायें भी चाहते हैं। प्रशासन ये धारणा बदल ले कि हम व्यापारी आंख मूंदकर सबकुछ देखते रहेंगे। उन्होने लाइसेंस शुल्क समाप्त करने, अवैध तरीके से लागू किये गये हाउस टैक्स वाटर टैक्स की पिछले वर्षो से वूसली वापस लेने, दुकानों के किराये में मनमाना वृद्धि वापस लेने, पार्किंग की समुचित व्यवस्था प्रदान करने, छुट्टा जानवरों, गड्ढों वाली सड़कों तथा अतिक्रमण से निजात दिलाने, बगैर नोटिस दुकानों को न उजाड़ने तथा समस्याओं के निदान के लिये व्यापारी सेल का गठन करने की मागें प्रमुखता से उठाई गई। धरने को धरने को मीडिया जिला प्रभारी अशोक श्रीवास्तव, डब्बू श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष प्रभात सोनी, सुनील कुमार गुप्ता, आशुतोष पाण्डेय तथा अरूण कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया। धरने का सफल बनाने में अदालत प्रसाद, राना प्रताप सिंह, नीरज कसौधन, अश्वनी कुमार, सतीश सोनकर, बैजनाथ अग्रहरि, हर्षित अग्रवाल, शरद कुमार सोनी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, शेषनरायन गुप्ता, तमसीर हसन, माजिद खान, नोमान अहमद, ऋषभ गुप्ता, परशुराम, रविन्द्र कश्यप, अभय सिंह, संजय जायसवाल, पवन शुक्ला, अमर सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, विवेक सोनी, विजय जायसवाल, झिनकान प्रसाद, संजय कुमार, रितेश, विद्यासागर गुप्ता, प्रेमचन्द, गौरीशंकर सहित तमाम व्यापारियों का योगदान रहा।

## सेवानिवृत खण्ड शिक्षा अधिकारी को यादों के साथ दी गयी विदाई



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कोई भी व्यक्ति की पहचान स्वभाव,चरित्र व व्यवहार के अतिरिक्त उत्तरदायित्व से होती है। जुदाई के बाद भी उस व्यक्ति की बेहतर कारगुजारियां यादों में शामिल रहती है। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालपुर में ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी कमल प्रकाश सिंह के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में उक्त बातें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कही। विदाई समारोह में उन्होंने कहा कि जीते जी किसी भी व्यक्ति की समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी कम नहीं होती हां काम करने का परिवेश बदल जाता है। बीईओ के पी सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भावुक विभागीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर उनके घरेलू जीवन में परिवेश के लिए बेहतरी की दुआएं की।बी ई ओ की पुत्री प्रज्ञा सिंह, राज्य पुरस्कार से सम्मानित दिलीप सिंह, भीटी ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश मिश्र विदाई समारोह के साक्षी बने। वक्ता शिक्षकों ने बी ई ओ के कार्यकाल में उनके बेहतर स्वभाव व दायित्वों को सराहा। उक्त अवसर पर मित्रसेन वर्मा,निशात अहमद, राजेश यादव, उमेश यादव,श्वेता सिंह, किरन चौधरी, अनिल यादव, चितरंजन चतुर्वेदी, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद अलकमा, मुमताज़ जहां मईद अख्तर, संजय सिंह आदि ने खंड शिक्षा अधिकारी कमल प्रकाश सिंह की विदाई पर उनके घरेलू जीवन की बेहतरी के लिए ईश्वर से दुआएं की।

## आयुष आपके द्वार : 252 रोगियों का हुआ इलाज



**कोंच अवधनामा संवाददाता।** निदेशक आयुर्वेद सेवाएं लखनऊ एवं जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे के निर्देशन में एवं डॉक्टर सत्येंद्र पटेल क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद जालौन के मार्गदर्शन में दिनांक 31 जनवरी 2024 दिन बुधवार को मुहल्ला भगत सिंह नगर महेशपुरा रोड जहाज रानी स्कूल के पास राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोंच के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ जितेंद्र वर्मा के द्वारा आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि का माल्यार्पण कर किया गया। जिसमें डॉ जितेंद्र वर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोंच) द्वारा 252 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं फार्मेशिष्ट परशुराम वर्मा द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया शिविर में स्टाफ नर्स वंदना कुशवाहा एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रमेश चंद्र एवं कमलेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा। शिविर का अयोजन सभाषद शकील अंसारी शोएब अंसारी के द्वारा रूप से किया गया और शिविर में अत्यधिक रोगियों की भीड़ रही।

## गाजीपुर में सपा नेता की गोली मारकर हत्या



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** प्रधानी चुनाव के पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने सपा नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह मौके पर पहुंच कर परिजनों को समझा-बुझाकर चक्काजाम समाप्त कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरधारी यादव निवासी अतरसुआं थाना नंदगंज जो गाजीपुर से अपने घर जा रहे थे। सहेड़ी से आगे रेवसड़ा मोड़ के पास घात लगाये अपराधियों ने उन पर ताबडतोड़ गोली मार दी। गंभीर रुप से घायल अमरधारी यादव को आसपास के लोगों ने सरकारी अस्तपाल ले गये। जहां पर डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की खबर लगते ही एसपी ओमवीर सिंह, एसपी सिटी, नंदगंज सहित कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस अधीक्षक ने परिजनों को समझाया बुझाया तब जाकर चक्का - जाम समाप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिली है कि प्रधानी के चुनाव की पुरानी रंजिश को लोकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। तहरीर लिखे जाने की कार्यवाही चल रही है। तहरीर के अनुसार पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

# बुंदेलखंड महोत्सव की तैयारी का डीएम ने लिया जायजा

## एक व दो फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज में होगा भव्य कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**उरई।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 01 व 02 फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज उरई में होगा भव्य कार्यक्रम, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय इंटर कॉलेज उरई पहुंच कर बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।

कल हॉट एयर बैलून सुबह 6:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा, योग सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक इंदिरा स्टेडियम में किया जाएगा, हेरिटेज वॉक सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक कालपी में किया जाएगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा, टेथर्ड फ्लाइट्स शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा, दिनांक 2 फरवरी को फायरक्रैकर शो शाम 8:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज में किया जाएगा। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में प्रत्येक कार्यक्रम में आमजनों की सहभागिता अनिवार्य है, समस्त जनपद वासी प्रतिभाग कर लुफ्त उठाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर पहुंच मार्गों पर साफ सफाई, पार्किंग, अस्थाई शौचायलयों की व्यवस्था कराई जाए ताकि प्रतिभागियों को कोई समस्या न हो। आयोजन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां व स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ तैनात रहेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की तैयारी में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए जिस अधिकारी को जो दायित्व दिए गए हैं उसे निर्वहन करें।

## बिजली कनेक्शन न मिलने से दीपक के घर अंधेरा

**कोंच।** मोहल्ला जवाहर नगर निवासी दीपक अग्रवाल पुत्र रामसेवक ने दिन बुधवार को उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हमारा पारिवारिक बंटवारे का वाद सिविल जज जूनियर डिवीजन के यहां विचाराधीन है जिसमें मैं भी पक्षकार हूं और समस्त चल अचल संपत्ति पिता के नाम है और हम सभी लोग एक ही मकान में निवास करते हैं जिसमें सभी भाइयों ने विद्युत कनेक्शन ले रखा है लेकिन मुझे विद्युत कनेक्शन नहीं लेने दे रहे हैं जब विद्युत विभाग की टीम जांच करने आई तो सारे भाई विवाद करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देने लगे जबकि पिता ने कनेक्शन की स्वीकृति दे दी है विद्युत विभाग ने यह भी बताया कि जब बटवारा हो जाएगा और जिसको जो हिस्सा मिलेगा वहां पर भी विद्युत मीटर स्थानांतरित हो जाएगा मेरे एक नाबालिक पुत्र है जिसकी बिजली ना होने के कारण पढ़ाई लिखाई नहीं हो पा रही है। जबकि विद्युत कनेक्शन मूलभूत जरूरत एवं मौलिक अधिकार के अंतर्गत आता है दीपक कुमार ने एसडीएम से बिजली कनेक्शन दिए जाने का आदेश पारित किए जाने की मांग की है।

## गांव-गांव एलईडी वैन बताएगी वोट डालने का तरीका

**कोंच अवधनामा संवाददाता।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पोलिंग बूथों पर एलईडी वैन के द्वारा मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते हुए ईवीएम संचालन का प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं मॉक पोल ईवीएम द्वारा कराकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है? उक्त निर्वाचन प्रक्रिया के लिए तहसील में भी दो एलईडी वैन मतदान जागरूकता के लिए आई हुई हैं। जिन्हें बुधवार को तहसील परिसर से ग्रामीण क्षेत्रों के पोलिंग बूथों पर रवाना किया गया, जहां पर एल ई डी वैन ऑपरेटर मतदाताओं को जागरूक करते हुए मोकपोल का प्रदर्शन कराएगा।

## आठ भाषाओं में गोष्ठी कर दिया एकता का संदेश

अवधनामा ब्यूरो

**गाजीपुर।** साहित्य उन्नयन संघ के शहर स्थित आमघाट जिला कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एक विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कुल मिलाकर आठ भाषाओं में विभिन्न राज्यों से जुड़े हुए रचनाकारों ने रचना पढ़ कर अनेकता में एकता का एक बड़ा संदेश देने का काम किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि दिलीप कुमार चौहान बागी ने सुनाया कि न खुद के लिए न ज़माने के लिए ज़िन्दा हूँ, कर्ज़ वतन का मैं चुकाने के लिए ज़िन्दा हूँ, मेरे चिते की राख को जरा हवा दे देना यारों, सुलगकर आग फिर से लगाने के लिए ज़िन्दा हूँ। प्रेम उपाध्याय ने संस्कृत में, मनोज पाण्डेय हिंदी में, पार्था दास बांग्ला में, शम्स अख्तर उर्दू में, सेबी अँग्रेजी में, सर थॉमस तमिल में, सर जेकब मलयालम में, सुनील राय भोजपुरी में काव्य पाठ करते हुए उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उमेश सिंह एवं आनंद पांडेय द्वारा विचार प्रकट किए गए। कार्यक्रम का संचालन कवि दिलीप कुमार चौहान बागी एवं अध्यक्षता वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेम उपाध्याय ने की। इस अवसर पर आनंद पैट्रिक, पंकज गुप्ता, चंद्रदीप मौर्य, शमशेर यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 2074/ई0ई0(एच0क्यु0)/2023-24
दिनांकः 30/01/2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 08/02/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 08/02/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 08/02/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-88, बशीरतगंज-गनेशगंज वार्ड मे न्यू गनेशगंज मंदिर के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-72, शंकरपुरवा तृतीय वार्ड मे वीर बहादुर के घर के सामने पार्क मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-16, फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड मे मोहल्ला पुराना दाउदनगर, भुईयन देवी मन्दिर के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
4. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-110, अयोध्यादास प्रथम वार्ड मे राम बगिया मदेयगंज मे मैसूर के घर के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सांसद एवं केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से विभिन्न वार्डो में लगाए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत आज पश्चिम विधानसभा के बसंत कुंज बालागंज वार्ड मंडल चार में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने फीटा काट कर किया। महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह, सांसद कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डा. कैलाश नारायन सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज के सौजन्य से आयोजित किया जिसमे निःशुल्क परामर्श, दैनिक दवाइयों का वितरण, ब्लड प्रेशर, शूगर, ब्लड, यूरीन टेस्ट एवं अन्य बीमारियों की जांच पड़ताल कर 406 लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवा का लाभ दिया गया। शिविर में बीमारी और आपातकालीन स्थिति से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई। उक्त अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, पूर्व पार्षद पंकज पटेल, कमलेश कुमार देवी पटेल पार्षद, चंद्र प्रकाश अवस्थी, आकाश बाजपेई, विमल चौधरी, अनु तिवारी जयप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने के लिए मरीज उपस्थित रहे।

# प्रधान व सचिव द्वारा लगातार की जा रही धांधली, उच्च अधिकारी मौन

अवधनामा संवाददाता



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। जिसके लिए डिजिटल प्रणाली का इस्तेमाल अधिक से अधिक किया जा रहा है। परंतु इसी प्रणाली को अपराध का हथियार बनाकर भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारी और अधिकारी प्रदेश सरकार की रकम को डकार रहे हैं जो की ग्राम समाज के लिए विकास का कार्य करती है। आए दिन भ्रष्टाचार के कारनामे उजागर होते हैं। कभी ब्लॉक स्तर पर कभी तहसील स्तर पर और कभी जिला स्तर पर इन कारनामों की झलक सामने आती है। परंतु शायद ही कभी किसी विभाग के कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई हो नहीं तो अधिकतर ऐसे भ्रष्टाचार को दबाने के लिए काली रकम ही काम आती है।

ग्राम प्रधान ब पंचायत सहायक को मानदेय देने के बावजूद भी ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक के फर्म के नाम पर गलत तरीके से भुगतान किया जा रहा है।सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में लगे पंचायत सहायक प्रधान और पंचायत सचिव यह काम कर रहे है। विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत हुसैनपुर हड़ाई नयागांव में विश्वनाथ के घर से राजेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग ब साइड वाल के कार्य का भुगतान हिंदूस्तान बिल्डिंग मटेरियल फर्म पर 2 लाख 79 हजार 4 सौ रुपए का हुआ और स्वयं ग्राम प्रधान सरला देवी ने अपने खाते पर 49070 रुपए का भुगतान कर लिया। मानदेय का 50 हजार रुपए का अलग भुगतान सरला देवी के नाम पर किया गया। ऐसे में पंचायत सहायक भी क्यों चुके पंचायत सहायक के भी दो बिल कटे हुए हैं। पहला मानदेय के नाम पर तो दूसरा विज्ञापन ब्लू आईडी के नाम पर 1750 रुपए का बिल भुगतान किया गया है। ग्रामीण का कहना है कि मानदेय के अलावा अन्य विल क्यू काटे जा रहे हैं। जब इसकी जानकारी मीडिया कर्मियों ने विभागीय अधिकारियों से ली तो उन्होंने बताया कि इसमें धांधली पंचायत सचिव यश कांत करवा रहे हैं। जिस फार्म पर कार्य कर रहे हैं अब उनका मानदेय कट रहा है। इससे साफ सिद्ध हो रहा है कि पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान सरकार के रूपए का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे एक भुगतान नहीं है। ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक के मानदेय के अलावा कई एक ऐसे अन्य भुगतान किए गए हैं जो कार्य के नाम पर हैं। और फर्म पर भी भुगतान किए गए हैं। जिला स्तरीय अधिकारी जांच के नाम पर दूध का दूध और पानी का पानी करने में कहां तक सफल हो पाते हैं।

# अराजक तत्वों ने प्राचीन काली माता मंदिर को बनाया निशाना माता रानी की प्रतिमा को किया निर्वस्त्र ग्रामीणों में आक्रोश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्राचीन काली माता मंदिर का ताला तोड़कर अराजक तत्वों द्वारा मंदिर में रखा दान पत्र पूजा पाठ सामग्री सहित अन्य सामान एवं देवी प्रतिमा को पहनाया गया वस्त्र गायब कर दिया गया है। मंदिर के पुजारी के प्रातः आरती पूजन हेतु मंदिर पर पहुंचने के बाद घटना की जानकारी हुई सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त करने लगे।उधर घटना की जानकारी पाकर कुमारगंज थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। काफी खोजबीन किए जाने के बाद मंदिर के बगल ही स्थित एक तालाब से मंदिर का दान पत्र सहित सारा सामान बरामद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत



पाराधमथुआ के पूरे झाऊ पांडेय में सैकड़ो वर्ष पुराना प्राचीन काली माता मंदिर स्थित है। मंदिर में पूजा पाठ का काम गांव के ही पंडित देवराज द्वारा किया जाता है। मंदिर के पुजारी का कहना है कि वह नित्य की भांति बीते मंगलवार की देर रात मंदिर पर पूजा आरती करने को उपरांत मंदिर का ताला बंद कर अपने घर चले आए थे बुधवार की सुबह जब वह मंदिर पर पूजा पाठ करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का दरवाजा खुला पड़ा है। मंदिर में रखा दान पात्र सहित कई सामान गायब है यही नहीं देवी प्रतिमा का अंग वस्त्र भी हटाकर मूर्ति को नग्न कर दिया गया है। मंदिर में रखा सारा सामान बिखरा देख उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। फिर क्या था देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए और घटना को लेकर काफी आक्रोशित हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उग्र एवं नाराज लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों का मानना है कि गांव में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों का प्रेम एवं सौहार्द के वातावरण में आदि से साथ-साथ रहना बैठना चला आ रहा है। शायद इसी अमन चैन में खलल डालने की नीयत से किसी शरारती एवं अराजक तत्व द्वारा यह घिनौना कृत्य किया गया है। एक सोची समझी रणनीति के तहत सारा सामान तालाब में फेंक कर यह सब खेल किया गया है। हालांकि मंदिर के पुजारी ने मामले में कार्रवाई किए जाने हेतु पुलिस को तहरीर दे दी है।

# जिलाधिकारी ने नव्य अयोध्या टेंट सिटी का किया स्थलीय निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने नव्य अयोध्या में पर्यटन विकास निगम द्वारा बनाये गये नव्य अयोध्या टेंट सिटी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पर्यटन विकास निगम द्वारा अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने हेतु इस टेंट सिटी का निर्माण किया गया है जिसमें 20 हजार 500 श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा है। इसे 6 भागों में यथा-अंजनेरी अतिथि गृह, मिथिला अतिथि गृह, पंचवटी अतिथि गृह, प्रयाग अतिथि गृह एवं चित्रकूट अतिथि गृह में दो-दो हजार लोगों तथा वाल्मीकि अतिथि गृह वीआईपी में 500 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। इसके प्रत्येक ब्लाक में किचेन, डायनेनिंग एरिया, सांस्कृतिक मंच, हेल्थ क्लीनिक सहित सभी में एक कामन एरिया में लाकर की सुविधा उपलब्ध है। इसी के साथ टेंट सिटी में एक अस्थायी चिकित्सालय 20 बेड का भी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि प्रत्येक ब्लाक में मोबाइल



एटीएम की भी व्यवस्था हो। सभी में एक-एक एम्बुलेंस व फायर बिग्रेड की गाड़ियां भी लगायी गयी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि टेंट सिटी में मानीटरिंग स्टेशन भी स्थापित है जहां पर सीसीटीवी, कन्ट्रोल रूम, पब्लिक एनाउन्समेंट सिस्टम आदि व्यवस्थायें है।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को टेंट सिटी में स्थापित चिकित्सालय में पर्याप्त चिकित्सीय संसाधन एवं स्टाफ उपलब्ध कराने तथा समस्त स्टाफ को टेंट सिटी में ही निवासित रहने व अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करनेंके निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने हेतु भी विद्युत विभाग को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरान्त अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से वृद्धि हुई है जिसके दृष्टिगत नव्य अयोध्या टेंट सिटी में 25000 लोगों के ठहरने की व्यवस्था पर्यटन विकास निगम द्वारा किया गया है। इसी के साथ ही नगर निगम द्वारा हनुमान गुफा के पास 2500, साकेत पेट्रोल पम्प के पास 1500 तथा स्फटिक शिला के पास 1000 लोगों के ठहरने हेतु टेंट सिटी बनायी गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त टेंट सिटी में समस्त आधारभूत सुविधाओं सहित बेहतर साफ सफाई, नियमित फागिंग आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जीएम उ0प्र0 पर्यटन विकास निगम अश्विनी कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अविवि की स्नातक एवं परास्नातक बैक पेपर की परीक्षाएं 05 फरवरी से

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की स्नातक एवं परास्नातक की बैक पेपर परीक्षाओं की तिथि घोषित की। परीक्षाएं 05 फरवरी से शुरू होकर 09 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सात जनपदों अयोध्या, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी, बहराइच, अमेठी में कुल 18 परीक्षा केन्द्र बनाये गए है। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता के लिए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में स्नातक एवं परास्नातक की बैक पेपर परीक्षा वर्ष 2023 की परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे दोपहर 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 02 बजे सायं 5 बजे तक होगी। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि उक्त परीक्षा के संबंधित अधिसूचना केन्द्राध्यक्षों एवं कालेज की लॉगिन तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।

# लक्ष्य निर्धारण के साथ कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार-अयोध्या।** लक्ष्य निर्धारित कठिन परिश्रम से प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है उत्तम शिक्षा के लिए गुरु शिष्य परंपरा को कायम रखना होगा ताकि छात्र-छात्राएं गुरुवो से ज्ञानार्जन कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भाव भविष्य के निर्माण के साथ-साथ देश की प्रगति में योगदान कर सके उक्त उद्गार निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज रामपुर श्रद्धा के संस्थापक स्वर्गीय बाबू देवता सिंह की 40 वी पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्य ने व्यक्त किया।विशिष्ट अतिथि विधायक अभय सिंह ने कहा कठिन परिश्रम से प्रगति के मार्ग संभव हो जाते हैं उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्र-छात्राओं के साथ अपने बच्चों जैसा व्यवहार करते हुए उन्ह आगे बढ़ाएं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अमित सिंह ने अतिथियों को कॉलेज के प्रगति से अवगत कराते हुए बेहतर शिक्षा के लिए अध्यापकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि कॉलेज में अनुशासन कायम रखने का दायित्व अभिभावको के सहयोग से संभव हो पा रहा है इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रधानाचार्य डॉ अमित सिंह ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया । इस अवसर पर कॉलेज परिसर में स्थापित स्वर्गीय बाबू देवता सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार आर्य पूर्व प्रबंधक जंग बहादुर सिंह बृजेश तिवारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह क्षत्रीय समाज के अध्यक्ष गुरु प्रसाद सिंह सहित काफी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

# थाईलैंड के राजदूत डॉ परविंदर सिंह का राजा अयोध्या ने किया स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाईलैंड यानी पूर्व में मलय और स्यामदेश। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम में नव्य मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित कर चुकी है। विश्व के कई देश यहां की ओर आकर्षित है। इनमें से एक देश जो भारत से 2920 किमी दूर है लेकिन यहां अभी भी रामराज्य है तो फिर भला रामलला के जन्मस्थली अयोध्या के प्रति उनकी श्रद्धा व आकर्षण नया आकार क्यों न लें। थाईलैंड की प्रबल इच्छा है कि उसे अयोध्या में अपना एक सांस्कृतिक केंद्र खोलने का मौका दिया जाए। इस सिलसिले में भारत नेपाल में थाई धम्म दूत बिक्खुश के प्रमुख रॉयल थाई मठ बुद्ध गया के मुख्य मठाधीश फ्रादमबोधिवोंग के प्रतिनिधि व फाउंडर पेज3 न्यूज वर्ल्डवाईड यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड पीस इंस्टीट्यूट अम्बेसडर अमेरिका थाईलैंड के डॉ परविंदर सिंह दोबारा अयोध्या आए। जिनका श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अयोध्या राजा विमलेंद्र मोहन मिश्र तथा राजपरिवार



के द्वारा स्वागत किया गया। राजा अयोध्या ने मेहमान का अभिनन्दन अपने गनर शुभिराज सिंह से कराया। रामलला के दर्शन भी आये हुए विदेशी मेहमान ने करके प्रभु का आशीर्वाद लिया। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह व उत्तर प्रदेश अयोध्या विकास परिषद के अधिशाषी अभियंता ओमप्रकाश पाण्डेय से मुलाकात कर भूमि विकास गृह स्थान एवम बाजार योजना के अंतर्गत भूखण्ड आवंटित करने के सम्बंध में 5 एकड़ भूमि के लिए थाईलैंड सरकार की तरफ से मांगपत्र दिया। थाईलैंड के राजदूत डॉ परविंदर सिंह ने कहा कि रामलला का दर्शन पूजन कर जीवन धन्य हो गया। आनन्द की इतनी अनुभूति हुई कि मानो मोक्ष प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटित हो जाती है तो अयोध्या में विदेशी पर्यटकों के लिए कई सौगातें देने की तैयारी है तथा तीन हवाई जहाज थाईलैंड से राम भक्तों के लिए यहाँ लैंड करेंगे और राम भक्तों को रामलला के साथ चारो धामों के दर्शन कराए जाएंगे।

गौरतलब है कि थाईलैंड में भी एक अलग तरह की रामायण प्रचलित है।

इस रामायण को रामाकीन कहा जाता है जो थाईलैंड के राष्ट्रीय काव्य में से एक है। रामाकीन थाई शब्द है जिसका हिंदी अनुवाद होगा भगवान राम की गाथा। शायद आपको ना पता हो, लेकिन थाईलैंड में भी कई मंदिर हैं जहां हिंदू देवी.देवताओं का एक अलग अवतार देखने को मिलता है। भगवान राम और सीता की कहानी का मंचन आपने भारत में कई बार देखा होगा। लेकिन थाईलैंड में इसका यह अनोखा रूप आपको काफी प्रेरित कर सकता है।

रामायण का वाल्मीकि द्वारा लिखा हुआ संस्कृत का वर्जन ही सबसे पुराना माना जाता है। लेकिन थाईलैंड, बाली, मलेशिया जैसे देशों में इसका अनुवाद और अपना अलग संस्करण देखने को मिलता है।

धर्म और राजतंत्र थाई संस्कृति के दो स्तंभ हैं और यहां की दैनिक जिंदगी का हिस्सा भी।

# सपा महिला जिलाध्यक्ष ने फैजाबाद लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को दी बधाई

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** फैज़ाबाद लोक सभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव व मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का आभार जताते हुए जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने आवास पर जाकर बधाई दी और कहा की उन्होंने इस लोक सभा क्षेत्र को उपयुक्त प्रत्याशी दिया है इसके लिए हम महिला सभा की तरफ से अखिलेश यादव जी के पी.डी.ए. (पिछड़ा,दलित अल्पसंख्यक) शोषित पीड़ित वंचित के नारे को अमली जामा पहनाने व इण्डिया गठबंधन को सफल बनाने में अवधेश प्रसाद के साथ मिलकर कामयाब बनायेगे। जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा की जनता समझ चुकी है की जाति धर्म के आधार पर बनी डबल इंजन सरकार से उनका व राष्ट्र का भला नहीं होने वाला इसलिए अब जनता सुरक्षा व्यवस्था दवाई शिक्षा,



बेरोज़गारी, महंगाई, से जनता त्रस्त आ गई है डबल इंजन सरकार जो जनता की मूलभूत आवश्यकताएं हैं वह उसे पूरा करने में असफल है। जिसके विरोध में इण्डिया गठबंधन व समाजवादी प्रत्याशी को वोट करके करेगी।उन्होंने कहा की अवधेश प्रसाद के प्रत्याशी बनाए जाने पर जनता उत्साहित है पार्टी कार्यकर्ता एक जुट होकर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को सफल बनाने और देश की सबसे बड़ी पंचायत में बैठाने का काम करेंगे।

# तम्बाकू मुक्त समाज स्वस्थ वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यकः पंकज

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ सीतापुर के सहयोग से जनपद में 60 स्कूलों को तम्बाकू मुक्त विद्यालय, शिक्षण संस्थान का आयोजन कराया जा रहा है। इसके तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय विरसिंधपुर सिधौली, उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर देवसिंह कम्पोजिट सिसौली, शीतापुर एवं प्राथमिक विद्यालय खानीपुर, सीतापुर में आयोजन किया गया।

श्री हंस शैक्षणिक एवं सेवा संस्थान लखनऊ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पंकज तिवारी, प्रबंधक ने बताया कि बढ़ते तम्बाकू सेवन से प्रतिदिन लगभग ढाई से तीन हजार लोग जान गवांते है और इसके सेवन से न केवल कैंसर होता बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, टीवी, क्षयरोग, एवं नपुंसकता होती है कैंसर के एक मरीज पर लगभग 20 से 25 लाख रूपये खर्च होते और उपचार को लिये उन्हें कर्जा भी लेना होता है यहां तक कि उन्हें अपना घर बार एवं खेत खलिष्ठान भी बेचना पड़ता है और अपने परिवार को आर्थिक विपत्ति में डाल देता है। धूम्रपान करने वाला व्यक्ति न केवल अपने जीवन के लिए बल्कि अपने परिवार व समाज के लिये भी कैंसर का खतरा पैदा करता है। इन सब को देखते हुये सरकार ने बहुत अहम कदम उठाया है कि प्रदेश के सभी जनपदों को तम्बाकू मुक्त विद्यालय/शिक्षण संस्थान को तम्बाकू मुक्त बनाया जाय जिससे कि हमारे समाज एवं हमारे देश को एक घातक बीमारी से बचाया जा सके।

## प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन निकली शोभायात्रा

**सूरतगंज बाराबंकी।** कुड़वा बल्लोपुर गांव स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में चल रहे प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर अंतिम दिन बुधवार दोपहर में शोभायात्रा निकाली गई। वहीं कुर्सी विधायक ने मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की।

नवनिर्मित भरत रामेश्वर मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा कुड़वा गांव होते हुए बल्लोपुर चौराहे और फिर बेल चौराहे में स्थित हनुमान मंदिर में पहुंची,उसके बाद झंझरा चौराहे हो कर यह यात्रा कालिकन गोड़ा देवरिया होते हुए पुनः पंचमुखी मन्दिर पहुंची।जहां यात्रा सम्पन्न हुई। कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा भी मंदिर पहुंच विधिवत पूजा अर्चना की है। बैंडबाजों और ढोल नगाड़े की धुनों पर भक्त नाचते गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में देवी-देवता के झांकी भक्त को आकृषित कर रही थी। बम बम भोले शिव की महिमा तो अपरम्पार है और शंकरजी की निकली है बारात इत्यादि भजनों पर भक्त थिरकते हुए नजर आए। तो चारों ओर शंकरजी व राम के नारे भी लगाते रहे। तो इस मौके पर राघवदास महाराज, विपिन सिंह राठौर, आशुतोष सिंह व अंशुमान मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मकान में मिला मजदूर का गला रेता शव, जांच में जुटी पुलिस

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पूर्व सांसद के आवास के निकट बन रहे एक मकान निर्माण में जुटे मजदूर का गला रेता हुआ शव बरामद हुआ। यह घटना कब और कैसे हुई कोई नही जानता। एक अन्य घटना में एक युवती का शव संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे से लटका मिला। जानकारी के अनुसार पहली घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ रोड पर पूर्व सांसद आवास के निकट हुई। यहां पर दीपक अवस्थी का मकान निर्माणाधीन है। रामू पाण्डेय (44) पुत्र स्व. होली पाण्डेय निवासी ग्राम गनौरा थाना जहांगीराबाद यहीं पर रुक कर मजदूरी करता था। बुधवार की सुबह सब हैरत में पड़ गए जब रामू का शव मकान के भीतर पड़ा मिला। उसका गला रेत कर हत्या की गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच पड़ताल कर पुलिस लौट गई। मृतक के छोटे भाई श्यामू पाण्डेय ने बताया कि रामू मजदूरी करता था, तीन वर्षो से यही रुकता और भोजन बनाकर खाता और सोता था। यह सब कैसे हुआ, नही पता चला। दूसरी घटना रामनगर थाना क्षेत्र की है। अनीता कन्नौजिया (22) पुत्री माखन लाल ग्राम नरायणी पुरवा का शव गॉव से 500 मीटर दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे भट्टे के पास नीम के पेड़ रस्सी के सहारे लटकता मिला। वह तीन बहनो में मँझली थी, जबकि एक भाई राधेश्याम मजदूरी करता है। अनिता ने यह कदम क्यो उठाया इसकी जानकारी कोई नही से सका। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## गुंडा एक्ट के तहत तीन शातिरों को किया गया जिलाबदर

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने तीन अभियुक्तों के विरुद्ध जिला बदर (जिले से निष्कासित) की कार्यवाही की है। गुण्डा व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में गुण्डा एवं अभ्यस्त अपराधियों को पुलिस द्वारा चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई थी। निर्गत आदेश के क्रम में 3 गुण्डा, अभ्यस्त अपराधियों को गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3 (3) के अन्तर्गत बाराबंकी की सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित किया गया। थाना सतरिख क्षेत्र में अर्जुन पुत्र रामअधार निवासी ग्राम सरांय अकबराबाद, थाना जैदपुर क्षेत्र के नसीम उर्फ टाटा पुत्र शमीम निवासी ग्राम अहमदपुर व थाना फतेहपुर क्षेत्र में महबूब पुत्र मुन्ना निवासी हसनपुर टाण्डा को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर (जिले से निष्कासित) की कार्यवाही की गई।

## सेवानिवृत्त तीन कर्मियों को दी गई ससम्मान विदाई

**बाराबंकी।** रिजर्व पुलिस लाइन्स के सभागार में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मियों को ससम्मान विदाई दी गयी।

बाराबंकी से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से 02 उपनिरीक्षक सशस्त्र/नागरिक पुलिस व 01 आरक्षी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस राम विलास सिंह, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस राकेश कुमार सिंह व आरक्षी नागरिक पुलिस सुरेश सिंह को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त विदाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन्स जगत कन्नौजिया, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार पाठक व प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्र व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

# तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों ने निकाली झांकी

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के गोपाल नगर तिराहे से बुधवार को सिसवा युवा संगठन द्वारा सात सौ मीटर का भव्य तिरंगा यात्रा



निकाला गाया। जिसमे नगर के कई विद्यालयों के बच्चे स्कूली बैंड, विभिन्न झाकियों से सजे हुये थे।

सिसवा कस्बे के गोपाल नगर में स्थित केन यूनियन परिसर मे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत सात सौ मीटर के तिरंगे के साथ भव्य यात्रा निकाला गया। जिसमे आरपीआइसी कॉलेज,स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल,प्रेमलाल सिंघानिया कन्या इंटर कॉलेज,किसान आदर्श इंटर कालेज, जेपी पब्लिक स्कूल,आरएनटी मेमोरियल स्कूल,लिटिल स्टार एकेडमी, कलाकृति एकडमी सहित नगर के विभिन्न स्कूल के बच्चे शामिल हुए।यात्रा के लिये बच्चों ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों की सुंदर झांकी तैयार की थी तिरंगा यात्रा नगर के इस्टेट चौक, सब्जी मंदिर,फलमंडी, रेलवे स्टेशन सहित नगर की परिक्रमा के उपरांत पुनः गोपाल नगर पर पहुंच कर यात्रा समाप्त हो गया। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द कुमार जायसवाल सरस ने किया। कार्यक्रम के आयोजक मंडल के नवीन तिवारी, धीरज तिवारी, रितेश सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# किसान का बेटा रमन-चारपाक फ़ेलोशिप के लिए चयनित

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** तराई के एक और लाल ने शिक्षा जगत में कमाल कर दिया हैं। सिसवा कस्बे के कोठीभार निवासी एक किसान पुत्र जो इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के शोधार्थी को इंडो-फ़्रेंच कार्यक्रम के अंतर्गत रमन-चारपाक फ़ेलोशिप के लिए चयनित किया गया है।वह फ्रांस के जार्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में नोबेल त्रिधात्विक नैनो पार्टिकल के औद्योगिक अनुप्रयोग पर पर शोध करेंगे। रमन-चारपाक फ़ेलोशिप कार्यक्रम भौतिकी में दो नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रोफेसर सीवी रमन,भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता (1930) और प्रोफेसर जॉर्जेस चारपाक, फ्रांसीसी नोबेल पुरस्कार विजेता (1992) के सम्मान में है। फेलोशिप फरवरी, 2013 में फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान शुरू की गई थी।जिसके लिये सिसवा नगर के कोठीभार निवासी कृषक राजकुमार



मद्धेशिया के पुत्र अजीत कुमार मद्धेशिया को चुना गया है।अजीत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. पीएस यादव और पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रहे है। वह हाई स्कूल और इन्टरमिडिएट की परीक्षा सिसवा के चोखराज तुलस्यान सरस्वतीं विद्या मंदिर से 2012 में उत्तीर्ण किया था। उसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी, एमएससी. (भौतिकी), पीएचडी (भौतिकी) तथा फ्रेंच लैंग्वेज में डिप्लोमा किया है । अजीत के इस उपलब्धि पर भजन गायक अमित अंजन,नवीन सिंह,विक्की सिंह सहित अन्य लोगों ने शुभकामनायें दी हैं।

## नहर में डूबने से दो लोगो की मौत, एक घटना संदिग्ध

**बाराबंकी।** जिले में दो लोगो की नहर में डूबने से मौत हो गई। दोनों का शव बरामद कर लिया गया। मृतकों में एक आग तापने के लिए लकड़ी तोड़ने निकला था। जानकारी के अनुसार मसौली थाना अन्तर्गत एक वैवाहिक समारोह का आयोजन सीपी लॉन में था। जिसमे शामिल होने के लिए राम सिंह रावत (45) पुत्र स्व श्री केशन निवासी ग्राम शहाबपुर गया था। यहाँ से वह लापता हो गया। रात में वह घर वापस नही लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई। आज सुबह उसके भतीजे रमेश पुत्र सियाराम को सूचना मिली कि पास की सहायक नहर में एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंच कर परिजनों ने उनकी पहचान रामसिंह के रूप में की। इसी तरह फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला काजीपुर का रहने वाला चंदर शिल्पकार 35 घर से आधा किमी दूर पूर्व दिशा में शारदा नहर को पार कर लकड़ी तोड़ने बीच पटरी पर जा रहा था, इस दौरान पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरा।

# प्रोजक्ट मंगलकामना से प्रमाण पत्रों के आवेदको को मिलेगा राहत

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में नौकरी के लिए जाति, निवास और चरित्र प्रमाण पत्र के लिए परेशान लोगों की समस्या को हल करने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा की पहल पर जनपद में प्रोजेक्ट मंगलकामना की शुरुआत की जा रही है। प्रोजेक्ट मंगलकामना के अन्तर्गत नौकरी के संदर्भ में चरित्र, निवास और आय के सत्यापन के लिए आने वाले आवेदनों के विषय में जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए सभी तहसीलों को निर्देशित किया है कि आय और जाति प्रमाणपत्र आवेदनों के जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से संबंधित तहसील में प्राप्ति के 05 दिवस के भीतर तहसील द्वारा सत्यापन आख्या जिलाधिकारी कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार चरित्र प्रमाणपत्र के विषय में सत्यापन रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्राप्त होने के 05 दिन के भीतर संबंधित थाना अनिवार्य रूप से प्रेषित करे। इस हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में ईडीएम, एक उपनिरीक्षक सहित तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो तहिसीलों और थानों से रोजाना रिपोर्ट प्राप्त कर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को सूचित करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसील उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। सत्यापन रिपोर्ट के 05 दिन भीतर प्राप्त न होने पर जवाबदेही तय करते हुए संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी और संबंधित एसडीएम व तहसीलदार से भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नौकरी किसी व्यक्ति और उसके परिवार के लिए बेहद अहम अवसर होता है। यह पूरे परिवार का सपना होता है, जिसके पूरा होने में जिला प्रशासन को भी भागीदार बनना चाहिए, न कि बाधा। उन्होंने कहा कि इसी मंशा के साथ प्रोजेक्ट मंगलकामना को शुरू किया जा रहा है, कि जिला प्रशासन भी आवेदकों और उनके परिवार की खुशियों में अपना योगदान दे सके।

# अपने दायित्वों का सभी शिक्षक करे निर्वहन: बिंदेश्वरी



**अवधनामा संवाददाता**

**शिक्षकों के साथ बीइओ की मासिक बैठक सम्पन्न**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के विकास खण्ड भनवापुर के ब्लॉक सभागार में पूर्व निर्धारित एजेण्डे के आधार पर बुधवार को भनवापुर के समस्त प्रधानाध्यापकों की माह जनवरी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सबसे पहले एआरपी कपिल तिवारी, वेद प्रकाश व बदरूज़्ज़मा ने सम्बोधित करते हुए विद्यालयों को निपुण बनाने का जोर देते हुए विभिन्न एप का प्रयोग करने को कहा। उसके बाद एमआईएस आबिद रिज़वी ने एजेंडे के अनुसार आधार पेंडेंसी, यू डायस, निर्माण कार्यो व आपरेशन कायाकल्प की विद्यालयवार समीक्षा करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने को कहा।

अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी बिन्देशवरी प्रसाद मिश्रा ने शिक्षकों से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि विभागीय आदेशो निर्देशो का समय से सभी अध्यापक पालन करें। बैठक में अरुण चतुर्वेदी, उमाकांत गुप्ता, शम्स, गोपेश, जितेंद्र, सूर्यवीर, शैलेन्द्र, श्वेता, अर्पिता, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय नोडल शिक्षको के प्रशिक्षण का हुआ बीआरसी पर समापन

# दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं स्क्रीनिंग करें शिक्षक: गणेश

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया।

प्रशिक्षण में कुल 42 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे थे। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर ट्रेनर गणेश गौड़ ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। सभी नोडल शिक्षक प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को सीखते हुए अपने विद्यालय में लागू करें। दिव्यांग बच्चे व सामान्य बच्चे एक साथ मिलकर शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्क्रीनिंग के उपरांत ऐसे बच्चे जिनमें कोई शारीरिक बाधा/ दिव्यांगता होने की संभावना होती है तो इन बच्चों की ट्रैकिंग कर संबंधित विद्यालय का भ्रमण एजुकेटर करते हैं। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक अंजनी कुमार सिंह व रामकुमार चौधरी ने ने बताया कि सामान्य जीवन में सभी बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करें और बच्चों में एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना हो ऐसा माहौल शिक्षक अपने कक्ष में तैयार करें। उन्होंने यह भी कहा कि 90 दिवसीय अनवासीय प्रशिक्षण विकासखंड स्तर पर कराया जाना है जिसमें 10 दिन में

**दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा को लेकर दी गई जानकारी**

दो चरणों में ऑफलाइन मोड में व 80 दिवसीय प्रशिक्षण दीक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कराया जाना है। प्रशिक्षण के अंत में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता की पहचान के बारे में किट के माध्यम से समझाया गया। इस मौके पर नोडल शिक्षक परवेज आलम, शिवकुमार गुप्ता, साजिद, रामकुमार वर्मा, रामपाल सिंह, रमाकांत, फौजदार, निखिल, संजय मिश्रा, अलका देवी, दीपा मिश्रा , आशा मैडम, शालिनी, अनिल मौर्य, बसंत, शशिकांत, अनिल भारती, देवेंद्र कुमार, ओम प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

# कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारत भारी के छात्र-छात्राओं ने लगाई प्रदर्शनी



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** बुधवार को कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारत भारी के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सिद्धार्थनगर नगर महोत्सव 2024 में टी0एल0एम0 एवं विज्ञान विषय से सम्बंधित नवाचारों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता विवेक मणि त्रिपाठी द्वारा बच्चों से साइंस प्रोजेक्ट के सम्बंध में जानकारी देकर प्रोत्साहित किया।

प्रदर्शनी में यस.आर.जी. अंशुमान सिंह भी बच्चों से मिले एवं उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ धर्मेन्द्र पाल का भी प्रदर्शनी में आगमन हुआ तथा उन्होंने बच्चों से प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग, मिसाइल्स ऑफ इंडिया, सोलर सिस्टम, इलेक्ट्रिक बस, ग्लोब आदि प्रोजेक्ट बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद नदीम ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा एवं बच्चों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी और बच्चे मानवहित में विज्ञान से संबंधित संसाधनों का निर्माण करेंगे।इस अवसर पर नोडल शिक्षक विकास मद्धेशिया, राम नरायनदूबे, प्रशांत मणि त्रिपाठी, अजीत सिंह, प्रदीप शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय पोषण/ कन्वर्जेस समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को जिला स्तरीय पोषण समिति/जिला कन्वर्जेस समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा विगत माह के बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। आंगनबाड़ी केन्द्रो के भवन निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने डीपीओ को आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति कम हैं उनकी मानीटरिंग करने तथा निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त सी.डी.पी.ओ./सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि सर्वाधिक सैम बच्चों वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने तथा आंगनबाडी कार्यकत्री द्वारा किये गये होम विजिट के बारे में जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का वजन कराये तथा गर्भवती महिलाओ को समय से पोषाहार उपलब्ध कराये, बच्चों में पुष्टाहार का वितरण कराने का निर्देश दिया। इस कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर पर आधार सीडिंग तथा सभी सूचनाओं को समय से व सही अपलोड कराने का निर्देश दिया तथा पंजीकृत बच्चो का शत-प्रतिशत आधार फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। कुपोषित बच्चो को चिन्हित कर पोषित बच्चो की श्रेणी में लाने हेतु तथा अति कुपोषित बच्चों तथा गम्भीर बीमार बच्चो को एनआरसी में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। बच्चो को 14 दिन तक भर्ती कराकर माताओं को समय से भोजन देने की जानकारी दे। कुपोषित बच्चो के परिजन को समझा कर उन्हें सही पोषक आहार देकर पोषित बच्चो की श्रेणी में लाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र समय से खुले।

# सोलर लाइट लदे वाहन को विधायक ने झंडी दिखाकर किया रवाना




**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के तहत विभिन्न गांवों में सोलर लाइट लगने के कार्य का शुभारंभ बुधवार को विधायक विनय वर्मा ने शोहरतगढ़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा गठबंधन की सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की मुख्य धारा में ला रही हैं। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्र लोगों को मिल रहा है।इस दौरान बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के तहत औदही कलां, पल्टादेवी, बैजनथा व सोननगर में 10-10 सोलर लाइटों को लगना है। इस दौरान विधायक ने हरी झंडी दिखाकर सोलर लाइट लदे वाहन को विभिन्न गांवों में रवाना किया। इस दौरान निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिराम निषाद, अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष रामदास मौर्य, अजय वरुण, विष्णु सिंह, विजय गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चयनित रेलवे स्टेशन बढ़नी के निर्माण कार्य में अनियमितता किए जाने की चर्चा जोरों पर



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत गोंडा गोरखपुर प्रखंड पर स्थित रेलवे स्टेशन बढ़नी का रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत योजना के तहत चयनित होने के उपरांत रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है जिसकी चर्चा जोरों पर है। मिली जानकारी के अनुसार रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे स्टेशन बढ़नी का अमृत भारत योजना के तहत चयन किए जाने के उपरांत रेलवे स्टेशन को अपग्रेड किए जाने का कार्य चल रहा है। बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन को लगभग 8 करोड़ की लागत से नई सुविधाओं के साथ पुरानी सुविधाओं को अपग्रेड किए जाने की योजना है । पता चला है कि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार के इशारे पर पुरानी दीवाल पर छत की ढलाई, रेलवे स्टेशन को तोड़ने के उपरांत पुराने ईटों से दीवाल की चुनाई तथा पुराने दीवाल के पलस्तर को निकालकर उसी पर पुनः फिर से पलस्तर कर रेलवे स्टेशन को अपग्रेड किया जा रहा है जिसे लेकर कस्बे के बुद्धिजीवियों मे भारी आक्रोश है। नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि, पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि, अखिलेश कुमार, अंचल कुमार गुप्ता आदि दर्जनों लोगों ने रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रेल मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों से जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# मुख्यसेविका के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक सभागार में बुधवार को मुख्यसेविका के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आँगनबाड़ी कार्यकत्री व ब्लाक कर्मियों ने पुष्पगुच्छ व माला पहना कर सम्मानित किया। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने स्मृतिचिंह व बुके दे कर सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों के लिए सेवा निवृत्ति एक प्रक्रिया है। जिस दिन तैनाती होती है उसी दिन सेवानिवृत्ति का भी तिथि निर्धारित कर दिया जाता है। यह सफर बहुत ही यादगार होता है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग में मुख्यसेविका के पद पर तैनात रंजना श्रीवास्तव पांच वर्ष से तैनात है। जिनका कार्यकाल याद भरा है। वर्ष 2018 में इस ब्लाक मे इनकी तैनाती हुई तभी से विभाग के लिए योगदान दे रही है। ब्लाक के अगनबांडी केंद्रो में बदलाव भी हुआ और खुशी खुशी कार्यकत्री समय से अपने दायित्वों का निर्वहन करती थी। विशेष आयोजन में अपनी टीम के साथ अन्नप्रासन व गोदभराई कार्यक्रम में लगन से सहभागिता निभाती थी। विदाई समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकत्री फफकी मारकर रोती दिखी। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ देवेंद्र मिश्र ने किया। मुख्य सेविका रंजना श्रीवास्तव ने नम आंखों से आभार व्यक्त किया। सूर्य कुमारी पांडेय, रेखा मिश्रा, गुड़िया मौर्या, शशिकला दुबे, प्रेमलता, श्यामा देवी, सत्यवती त्रिपाठी, प्रेमलता मिश्रा, गायत्री देवी, चंद्रावती मौजूद रहे।

## गो-आश्रय स्थल पर एक पशु ने तोड़ा दम

**अवधनामा संवाददाता**

**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत उजियानपुर में अस्थाई गो आश्रय स्थल पर एक बेसहारा पशु के मौत होने का बीडीओ इंटरनेट मीडिया पर जम कर वायरल हो रहा है। जिसकी पुष्टी जागरण नही करता है। वीडिओ में गो-आश्रय स्थल पर एक पशु दम तोड दिया और दो युवक परिसर मे ही गड्डा खोदते दिख रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड में व्यवस्था ठीक न होने के कारण आए दिन पशुओं की मौत हो रही है। दिखावे के रूप में त्रिपाल तो लगा है लेकिन वह भी टुकडे में है। जिससे हवा नही रुकता। वही दूसरा पशु बीमार है और जिंदगी मौत की जंग लड़ रहा है। लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार खंड विकास कार्यालय पर किया गया लेकिन कोई सुधार नही हुआ। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी डा फजील खान ने बताया कि बीमार पशु का उपचार चल रहा है। मृत बेसहारा पशु का का पीएम कर दफनाया गया है।

# तम्बाकू मुक्त समाज स्वस्थ वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक: पंकज



**अवधनामा संवाददाता**

**सीतापुर।** तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ सीतापुर के सहयोग से जनपद में 60 स्कूलों को तम्बाकू मुक्त विद्यालय, शिक्षण संस्थान का आयोजन कराया जा रहा है। इसके तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय विरसिंधपुर सिधौली, उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर देवसिंह कम्पोजिट सिसौली, शीतापुर एवं प्राथमिक विद्यालय खानीपुर, सीतापुर में आयोजन किया गया।

श्री हंस शैक्षणिक एवं सेवा संस्थान लखनऊ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पंकज तिवारी, प्रबंधक ने बताया कि बढ़ते तम्बाकू सेवन से प्रतिदिन लगभग ढाई से तीन हजार लोग जान गवांते है और इसके सेवन से न केवल कैंसर होता बल्कि हृदय रोग, मधुमेह, टीवी, क्षयरोग, एवं नपुंसकता होती है कैंसर के एक मरीज पर लगभग 20 से 25 लाख रूपये खर्च होते और उपचार को लिये उन्हें कर्जा भी लेना होता है यहां तक कि उन्हें अपना घर बार एवं खेत खलिष्ठान भी बेचना पड़ता है और अपने परिवार को आर्थिक विपत्ति में डाल देता है। धूम्रपान करने वाला व्यक्ति न केवल अपने जीवन के लिए बल्कि अपने परिवार व समाज के लिये भी कैंसर का खतरा पैदा करता है। इन सब को देखते हुये सरकार ने बहुत अहम कदम उठाया है कि प्रदेश के सभी जनपदों को तम्बाकू मुक्त विद्यालय/शिक्षण संस्थान को तम्बाकू मुक्त बनाया जाय जिससे कि हमारे समाज एवं हमारे देश को एक घातक बीमारी से बचाया जा सके।

# महोत्सव में लगा है स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का मनमोहक प्रदर्शनी



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर महोत्सव 2024 का आगाज हो चुका हैं, जिसमे सभी तरह के प्रदर्शनी व बिक्री के लिए समान उपलब्ध हैं। नाबार्ड व गौतम बुद्ध जागृति समिति द्वारा आयोजित शरद मेला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित व निर्मित वस्तुओं के 22 स्टाल लगाया गया हैं।

स्टालों में केले रेशे के समान, कॉस्मेटिक, टेडी बियर, झूमर, अचार एवं मुरब्बा, बल्ब, टोकरी, डलिया, फुटवियर, मिटटी के खिलौने, टेराकोटा के समान, जैविक खाद, मशरूम, टी स्टाल, काला नमक चावल, मसाले, गारमेंट्स, मिठाई के डिब्बे, फ़ाइल, लिफाफा इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई गई हैं। जिसमे मेले में आये लोग जमकर ख़रीददारी कर रहे है, स्टालों का जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, कपिल वस्तु विधायक आदि लोगों ने विजिट किया। सभी लोगों ने लगे स्टालों की सराहना किया और संस्था गौतम बुद्ध जागृति समिति एवं नाबार्ड के सफल आयोजन के शुभकामनाएं दिए। संस्था के सुमित, सुनील, रमाकांत, उमेश, रवि, आकाश, प्रियंका व दिव्यांशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## करंट लगने से किसान की मौत

**उरई (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनहटा में मंगलवार रात को खेत की रखवाली कर रहे किसान की बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना का पता चलने के बाद मृत किसान के परिजन रोते-रोते हुए मौके पर पहुंचे और बाद में पुलिस की घटना सूचना दी गई तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार रात को थाना क्षेत्र के ग्राम सुनहटा निवासी किसान हरिचरण 40 वर्ष खेत की रखवाली करने के लिए गया था। इसी दौरान टूट कर खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में वह आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने हादसे को मंजर को देखा तो उनके होश उड़ गए ।बाद में हरचरण के परिजनों को घटना का पता चला इसके बाद वह रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। मामले की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि करंट लगने से किसान मौत से ग्रामीणों में आक्रोश है।

# एंटी क्रिपशन ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जमीन सीमांकन करने के लिए चार हजार रुपए घूस ले रहे एंटी करप्सन टीम ने लेखपाल को रंगेहाथ दबोच लिया। टीम ने घूस लेते लेखपाल को रूपया लेने के बाद उसका हाथ धुला कर सेंपल कलेक्ट किया और मालीपुर थाना लाया गया।

घटना जलालपुर तहसील परिसर में बुधवार दोपहर की है जहां किसान ने लेखपाल को चार हजार रुपए हाथ में दिया। लेखपाल जैसे ही घूस का रूपया पकडा वहां मौजूद एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया।तहसील के श्यामपुर दरियापुर निवासी किसान महावीर वर्मा ने गांव निवासी राम अचल की दो बीघा सात बिस्वा जमीन बैनामा लिया था। लगभग 6 माह पहले जिलाधिकारी के आदेश पर तत्कालीन उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल ने टीम के साथ पैमाईश किया था और इसके हिस्से की जमीन को खूंटा गाड़ अलग कर दिया था। तब से लेकर आज तक पीड़ित किसान महावीर वर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर तहसील का चक्कर लगाता रहा परन्तु खूंटा उखाड़ने वाले किसान के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके पहले लेखपाल रामजस को किसान ने 10 हजार रुपए भी दिया था किंतु लेखपाल रिपोर्ट लगाने तथा जमीन कब्जा करवाने के लिए और रुपए की मांग कर रहा था। पीड़ित किसान महावीर जब अधिकारियों का चक्कर लगाते लगाते परेशान हो गया तो वह अयोध्या मंडल पहुंच एंटी करप्शन पुलिस को शपथ पत्र के साथ तहरीर दिया। बुधवार को एंटी करप्शन निरीक्षक राय साहब द्विवेदी अपने टीम के साथ तहसील परिसर पहुंचे। लेखपाल रामजस निवासी कोतवाली टांडा के गांव रामपुर कला को जैसे ही किसान ने 4 हजार रुपए घूस दिया वहां मौजूद टीम ने रंगे हाथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## चिकित्सकों को आईएमए ने दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के केंद्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर 30 जनवरी को पूरे देश में कोविड शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर कोविड काल में कोरोना से ग्रसित रोगियों की सेवा एवं अपने कर्तव्यों का पालन करते अपनी जांन गंवा चुके चिकित्सकों को श्रद्धांजलि दी गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के दो हज़ार से अधिक चिकित्सक देश में काल ग्रसित हो गए थे। आईएमए ने उन्हे कोविड शहीदों का दर्ज़ा दिया है। ज्ञातव्य हो कि भयावह कोविड काल में सम्पूर्ण चिकित्सकों, पैरा मेडिकल एवं स्वस्थ्य कर्मियों ने अपने प्राणों की परवाह किये बगैर जनहित एवं राष्ट्रहित में पूरे मनोयोग से कार्य किया था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बस्ती के चिकित्सकों ने 30 जनवरी की संध्या को अपने अपने प्रतिष्ठानों पर मोमबत्तियां जला कर कोविड शहीदों के प्रति श्रद्धांजली अर्पित की।

# मुख्यमंत्री सामूहिकता विवाह योजना के तहत 604 जोड़े बंधे एक सूत्र मे

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हवाई पट्टी अकबरपुर अंबेडकर नगर में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा 604 कन्याओं के अभिभावक के रूप में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, जिला अध्यक्ष भाजपा त्र्यंबक तिवारी अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलन कर किया। एक ही मंडप में 604 जोड़ों का विवाह कराया गया। जिसमें 02 मुस्लिम पक्ष के वर वधु का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक हिंदू नव दंपतियों का विवाह हवन, पूजन एवं पूरे विधि विधान के साथ कराया गया वहीं मौलाना द्वारा कुरान की आयतो के साथ निकाह पढ़वाया गया। जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए वर वधू के परिवारों में दिखा असीम उत्साह वर वधू पर की गई पुष्प वर्षा भारी भीड़ को देखते हुए महिला सहायता केंद्र, पुरुष सहायता केंद्र तथा चिकित्सा सहायता केंद्र किया गया स्थापित सामूहिक शादी समारोह में 604 जोड़ो, परिजन, रिश्तेदारों एवं अन्य आए हुए लोगो के बैठने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारियों की प्रशंसा की गई। वर-वधुओं को आर्शीवचन देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जोड़े अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं। मुख्य मंत्री की मंशा है कि ऐसे आमजन जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक एवं धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके। इसीलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी पात्र योजना का लाभ नहीं ले सके हैं, वह जल्द से जल्द ऑनलाइन आवेदन करें। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई शेष धनराशि से जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही ऐसा भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। एमएलसी ने भी वर-वधु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने अवगत कराया कि सामूहिक विवाह समारोह में सरकार प्रति जोड़े के विवाह पर 51 हजार रुपये का व्यय कर रही है।इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाते हैं।

# निर्माणाधीन सेतुओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए : जितिन

**अवधनामा संवाददाता**



■ पुलों का निर्माण शुरू होने से लेकर पूरा होने तक प्रत्येक चरणों में क्वालिटी टेस्ट सुनिश्चित किया जाये

**लखनऊ।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में निर्माणाधीन सेतुओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए। पुलों का निर्माण शुरू होने से लेकर पूरा होने तक प्रत्येक चरणों में क्वालिटी टेस्ट सुनिश्चित किया जाये। ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं से सेतुओं का थर्ड पार्टी आडिट भी कराया जाये और क्वालिटी चेक के लिए मानक भी तय किये जायें। प्रत्येक जिले एवं मण्डल स्तर पर टेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने गुणवत्ता की जांच हेतु एसओपी (स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर) बनाने और सभी यूनिटों की रैडम चेकिंग कराने के भी निर्देश अधिकरियों को दिये।

श्री प्रसाद ने यह निर्देश आज उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड में निर्माणाधीन सेतु परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि आगरा अंचल में 30, अयोध्या अंचल में 35, आजमगढ़ अंचल में 10, बरेली अंचल में 26, गाजियाबाद अंचल में 53, गोरखपुर अंचल में 18, कानपुर अंचल में 32, लखनऊ अंचल में 28, प्रयागराज अंचल में 33 तथा वाराणसी अंचल में 52 कुल 292 सेतु परियोजनाएं निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सभी सेतुओं को तयसमय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा किया जाये। परियोजना में विलम्ब होने पर रिवाईज स्टीमेट भेजने वाले अभियंताओं की जवाबदेही तय की जायेगी और उचित कारण न होने उनके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही सेतुओं के निर्माण में विलम्ब कार्य कराने वाले कांट्रेक्टर को डिबार भी किया जायेगा।

लोक निर्माण मंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के पश्चात ही नई परियोजना को शुरू किया जाये। क्योंकि परियोजना शुरू होने के बाद भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होने से सेतुओं की कास्ट अनावश्यक रूप से बढ़ जाती है और सरकार को आर्थिक छति भी होती है। आगे से ऐसी स्थित बिलकुल नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की दृष्टि से सेतुओं के निर्माण हेतु टेण्डर में प्रहरी की तरह प्रक्रिया अपनाई जाये। टेण्डर के लिए सेतु निगम के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाये और इसमें चीफ इंजीनियर सेतु को भी सदस्य की रूप में नामित किया जाये। उन्होंने कहा कि विभाग में जितनी जांचे लम्बित हैं, उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। अंडर कॉस्ट्रक्शन ब्रिजों में रूट का डाइवर्जन सुव्यवस्थित ढंग से होना चाहिए, ताकि आमनागरिकों को आवागमन में कठिनाई न हो।

## गो-संरक्षण केन्द्रों के निर्माण के लिए 5 करोड़ 60 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश में 07 नवीन गो-संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राविधानित धनराशि में से प्रथम किश्त के रूप में 560.00 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक गो-संरक्षण केन्द्र हेतु 80.00 लाख रूपये की धनराशि का प्रविधान किया गया है। गो-संरक्षण केन्द्र जनपद बुलन्दशहर के सिकन्दराबाद महाराजगंज के फरेन्दा, जालौन के ग्राम गघेला, तह0 जालौन, कन्नौज के ग्राम तालग्राम देहात, तह0 छिबरामऊ, गोरखपुर के ग्राम चौरी, तह0 चौरीचौरा फर्रूखाबाद ग्राम अछरौड़ा, तह0 सदर तथा फर्रुखाबाद ग्राम पचरौली महादेवपुर, तह0 कायमगंज में किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पशुधन विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में कहा गया है कि प्रशनगत गो-संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, विवरण/उपयोगिता प्रमाण-पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किय जाने का दायित्व निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग का होगा।

# बलिया की घटना पर समाज कल्याण मंत्री का कड़ा रुख...

**अवधनामा संवाददाता**

■ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा करने वाला अधिकारी निलंबित

■ मंत्री के निर्देश पर अधिकारी और 08 फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज



**लखनऊ।** लखनऊ-बलिया में 25 जनवरी को हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अपात्रों को लाभ दिए जाने के मामले को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने गंभीरता से लिया है और जांच का आदेश दिया। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) श्री सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलम्बित किया, इसके साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 08 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में धारा 419, 420 और 409 के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

**जिनकी हो चुकी थी शादी, उनको किया शामिल :** सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) श्री सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से अर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया। इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन आरोपी अधिकारी सुनील कुमार द्वारा किया गया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सन्जू का विवाह 03 वर्ष पहले जबकि पूजा का विवाह एक वर्ष पूर्व हो चूका है, इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

### विवाह तय नहीं, बना दिया लाभार्थी

जांच में सामने आया कि सोनम का अभी विवाह तय ही नहीं है इसके बावजूद उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया। जिलाधिकारी बलिया के निर्देश पर हुई जांच में इसका खुलासा होने के बाद सभी 09 आरोपियों के खिलाफ 30 जनवरी को बलिया में रिपोर्ट दर्ज करवाई गयी है। समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण ने प्रशासनिक जांच और एफआईआर की जांच दोनों में त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# सीबीआई ने 8 लाख की घूसख़ोरी में तीन को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 8 लाख रु. की घूसख़ोरी के मामले में ईपीएफओ, लखनऊ के सहायक भविष्य निधि आयुक्त (एपीएफसी) एवं प्रवर्तन अधिकारी व निजी व्यक्ति (मध्यस्थ व्यक्ति) को गिरफ्तार किया।

सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर ईपीएफओ, लखनऊ के उक्त प्रवर्तन अधिकारी एवं मध्यस्थ व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया, जिसमें श्रमबल(manpower) की व्यवस्था संबंधी कार्य से जुड़ी एक निजी कंपनी पर अनुचित तरीके से कर(Ta&) न लगाने हेतु, सलाहकार/निजी व्यक्ति (मध्यस्थ व्यक्ति) के माध्यम से आरोपी ने 12 लाख रु. की अनुचित लाभ की माँग का आरोप है।

सीबीआई ने जाल बिछाया एवं आरोपी प्रवर्तन अधिकारी व मध्यस्थ




व्यक्ति को शिकायतकर्ता से 8 लाख रु. की रिश्वत स्वीकार करने के दौरान पकड़ा। रिश्वत धनराशि कथित तौर पर सहायक भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ, लखनऊ के लिए थी, अतः उक्त सहायक भविष्य निधि आयुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया। लखनऊ के चार स्थानों पर स्थित आरोपियों के कार्यालयी एवं आवासीय परिसरों की तलाशी ली जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश, लखनऊ के समक्ष पेश किया जाएगा।

# फिरोजाबाद का नाम चन्द्रनगर होगा : जयवीर

## धूमधाम से मना उ.प्र जैन विद्या शोध संस्थान का स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उ.प्र जैन विद्या शोध संस्थान, (संस्कृति विभाग, उ.प्र.) का स्थापना दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संस्थान परिसर बौद्ध प्रेक्षागृह गोमतीनगर में बुधवार को मनाया गया।

मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि फिरोजाबाद में 11वीं सदी के जैन राजा चन्द्रसेन थे और फिरोजाबाद का नाम चन्द्रनगर था। आततायियों के हमलों से 15 वीं सदी में इसका नाम बदला गया। हमारी सरकार अतिशीघ्र ही इसका पुराना नाम चन्द्रनगर बहाल किया जायेगा। इस आस्था के साथ प्राचीन जैन तीर्थ क्षेत्र चन्द्रवाण का विकास पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ की जन्मस्थली शौरीपुर और अटल विहारी की जन्म स्थान बटेश्वर का विकास 138 करोड़ रुपये से




किया जा रहा है। मंत्री जी ने कहा कि पूरे प्रदेश में चौबीसवें तीर्थंकर महावीर का मोक्ष कल्याणक वर्ष भर जैन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) अभय कुमार जैन के नेतृत्व संस्थान द्वारा सहयोगी संस्थानों के साथ मनाया जायेगा। पीठाधीश रवीन्द्रकीर्ति स्वामी ने कहा कि अयोध्या में पाँच जैन तीर्थंकरों का जन्म हुआ है यह भूमि श्रीराम जन्मभूमि के रूप में भी अत्यन्त पवित्र है । विशेष सचिव संस्कृति राकेश शर्मा ने संस्थान को शुभकामनाएं दी।

उपाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) अभय कुमार जैन स्वागत भाषण में ने कहा कि हम महावीर के अहिंसा, करुणा और अपरिग्रह के सिद्धांत और सदाचार और शाकाहार के उपदेश संस्थान के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का प्रयास सतत् करते रहेंगे। सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत निदेशक अमित अग्निहोत्री एवं बौद्ध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने किया।

इस मौके पर भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन , प्रादेशिक अध्यक्ष जवाहर लाल जैन पूर्व डीजीपी ए के जैन , वयोवृद्ध धर्मवीर जैन, कैलाश जैन,वी.के. जैन, 2550 वीं निर्वाण महोत्सव के अध्यक्ष आदीश जैन, मंत्री बृजेश जैन बंटी , संयोजक संजीव जैन, अभिषेक जैन डॉ. ए.के. जैन सहित जैन समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। महावीर दर्शन विचार गोष्ठी में प्रो. सुधा जैन, प्रो. पवन अग्रवाल, डॉ. पत्रिका जैन, सुनयना जैन, संजीव नाहर , विनय जैन ने उद्गार व्यक्त किये। छात्र-छात्राओं की पेन्टिंग एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उ.प्र. ललित कला अकादमी की ओर से महावीर चित्र-कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

# सीएमएस संस्थापिका डा. भारती ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें डा. जगदीश गाँधी की स्मृति प्रार्थना सभा में पधारने का आमन्त्रण दिया।

इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश के समावेशी विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के मुख्यमंत्री जी के अथक प्रयासों पर उन्हें हार्दिक बधाई भी दी। इस मुलाकात में सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन एवं डा. रोजर डेविड किंगडन भी उपस्थित थे। मुलाकात के उपरान्त सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने बताया कि मुख्यमंत्री जी से बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने डा. भारती गाँधी का हालचाल पूछा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् स्व. डा. जगदीश गाँधी जी को याद करते हुए भावी पीढ़ी की सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान एवं एकता व शान्ति के उनके अतुलनीय प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की।

# उपभोक्ता परिषद के विरोध के बाद बैक फुट में आया मध्यांचल विद्युत वितरण निगम

■ उपभोक्ताओं के परिसर पर भार बढाने के लिए एसी को चिन्हित कर बिलिंग डाटा में फ्लैग करने का आदेश लिया वापस

**लखनऊ।** प्रदेश की बिजली कंपनियां राजस्व बढाने के लिए जिस जुगत में लगी थी अंततः उपभोक्ता परिषद ने उसे बेनकाब कर दिया और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को बैकफुट पर आना पडा महल 12 घंटे बाद ही मध्यांचल विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दो दिन पहले पावर कारपोरेशन के निदेशक आई0टी को एक प्रस्ताव भेजकर जिन उपभोक्ताओं के घर में एयर कंडीशन लगा है उसे चिन्हित करने हेतु बिलिंग मास्टर डाटा में फ्लैग करने की सिफारिश की थी इसके विरोध में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार से मुलाकात की और मध्यांचल के गलत प्रस्ताव को न लागू करने की मांग उठाई और साथ ही मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार को भी अवगत कराया कि मध्यांचल का प्रस्ताव विद्युत वितरण संहिता- 2005 के खिलाफ है क्योंकि विद्युत वितरण संहिता में स्पष्ट प्रावधानित है अधिक भार के मामले में उपभोक्ता परिसर पर लगे मीटर की एमडीआई (अधिकतम भार इंडिकेटर) में जो रिकॉर्ड आएगा उसके आधार पर ही कार्यवाही की जाती है किसी के परिसर पर कितनी संख्या में एसी लगा है गीजर लगा है यह बात मानें नहीं रखती जो मीटर में रिकॉर्ड होगा उसके हिसाब से बिलिंग होगी और फिक्स्ड चार्ज की वसूली होती है।

उपभोक्ता परिषद के विरोध के बाद अंतत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम बैक फुट पर आ गया और निर्देशक कामर्शियल द्वारा अपने प्रस्ताव को वापस लेते हुए प्रस्ताव को संशोधित कर पावर कारपोरेशन के निदेशक आईटी को पुनः आज यह प्रस्ताव भेजा गया कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाई गई विद्युत वितरण संहिता -2005 मैं निहित प्रावधानों के अनुसार ही कार्यवाही की जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियां चाहे जितना भी जोर लगा ले लेकिन उपभोक्ता परिषद नियमों के विपरीत कोई भी प्रस्ताव लागू नहीं होने देगा विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कानून के तहत ही बिजली कंपनियों को आगे अपनी कार्रवाई को आगे बढाना होगा बिजली कंपनियां राजस्व बढाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई न करें जिससे उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में इंस्पेक्टर राज लागू हो जाए। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को जल्दी यह आभास हो गया कि उनका प्रस्ताव नियमों के विपरीत है।

# मैत्री महोत्सव-2023 के आयोजन से 1000 कलाकारों को मिलेगा रोजगार

**अवधनामा संवाददाता**

■ भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2023 का आयोजन भारत नेपाल सीमावर्ती जनपदों में 01 से 21 फरवरी तक

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2023 के आयोजन का निर्णय लिया गया है। यह महोत्सव प्रदेश के भारत-नेपाल सीमावर्ती जनपदों में आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव से लगभग 1000 कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके आयोजन के लिए संस्कृति विभाग द्वारा 01 करोड़ 59 लाख 96 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृति की गयी है।

यह जानकारी आज यहॉं प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती 08 जनपदों में महोत्सव के भव्य आयोजन हेतु संस्कृति विभाग उ0प्र0 की ओर से तिथियॉं निर्धारित कर दी गयी हैं। जिला प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं से विचार विमर्श के बाद कार्यक्रम की तिथियों में परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 01 से 03 फरवरी तक सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 05-06 फरवरी को जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज महराजगंज, 08 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर तथा 10-11 फरवरी को राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। बताया कि 13 फरवरी को सत्यनारायण उच्चशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर श्रावस्ती, 15-16 फरवरी लार्डबुद्धा इण्टर कालेज, बहराइच, 18 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इण्टर कालेज, लखीमपुरखीरी तथा 20-21 फरवरी को राजकीय एलबीएस महाविद्यालय, बेनहर इण्टर कालेज, गॉधी स्टेडियम प्रेक्षागृह पीलीभीत में महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

# बुन्देलखण्ड महोत्सव : आगन्तुक रोमांच व हॉट एयर वैलूनिंग का उठायेंगे आनन्द

**अवधनामा संवाददाता**

■ बुन्देलखण्ड महोत्सव महाभारत के प्रणेता महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली जालौन दर्शकों को विभिन्न रोमांचक गतिविधियों के साक्षी होने का देगा अवसर

**लखनऊ।** महाभारत जैसे महान ग्रंथों और समाज के नैतिक मूल्यों एवं आदर्शों की स्थापना के लिए तपस्या करने वाले साहित्य-दर्शन के प्रणेता वेदव्यास की जन्मस्थली जालौन में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव पहुंच चुका है। शायद यह पहला मौका होगा, जब पर्यटकों को आकाश की ऊंचाइयों से इस पावन धरा के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। हॉट एयर बैलून के माध्यम से सामान्य लोग इसका आनंद ले सकेंगे। झांसी और ललितपुर के बाद जालौन पहुंचे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में रोमांच, योग-ध्यान और ज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। यहां 01 फरवरी को हॉट एयर बैलून, योग, हेरिटेज वाक, टेथर्ड फ्लाइट्स, फायर क्रेकर शो के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने का मौका मिलेगा। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के अंतरगत आयोजित होने वाली हैरिटेज वॉक के दौरान लोगों को वेदव्यास मंदिर के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा। साथ ही वहां पर भगवान गणेश की आकृति वाले नीम के पेड़ से जुड़ी आस्था के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि बेतवा के तट पर बने इस मंदिर की आसपास के क्षेत्र में बहुत सी मान्यताएं है। महोत्सव में दोनों दिन राजकीय इंटर कालेज मैदान में सुबह 6.30 बजे से हॉट एयर बैलून, इंदिरा स्टेडियम में 7.30 बजे से 8.30 बजे तक योग, 09.30 से 10.30 बजे तक हेरिटेज वॉक कालपी, शाम 06.30 से रात 8.30 बजे तक राजकीय इंटर कालेज मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजकीय इंटर कालेज मैदान में ही शाम 06.30 से 7.30 बजे तक टेथर्ड फ्लाइट्स होगा। इतना ही नहीं शाम को यादगार बनाने के लिए फायर क्रैकर्स शो भी आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही राई लोक नृत्य और गायन, उप्र का नृत्य, लोकप्रिय गायन होगा। आखिर में बधावा लोक नृत्य, फूलों की होली और लोकप्रिय गायन होगा।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस भव्य महोत्सव की शुरुआत झांसी से हुई है, वहां 23 से 25 जनवरी और देवघर-ललितपुर में 28 जनवरी से 29 जनवरी 2024 तक भव्य आयोजन हो चुका है। हमीरपुर में 5 फ़रवरी से 6 फ़रवरी 2024 तक, महोबा में 9 फ़रवरी से 10 फ़रवरी तक, चित्रकूट में 13 फ़रवरी से 14 फ़रवरी 2024 तक और इस उत्सव का समापन कलिंजर बांदा में होगा।

# इंग्लैण्ड एवं अमेरिका के चार विवि. में सीएमएस छात्रा चयनित

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा संरचना पाल को इंग्लैण्ड एवं अमेरिका के चार प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है, जिनमें इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी आफ मैनचेस्टर एवं किंग्स कालेज लंदन जबकि अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी एवं इण्डियाना यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इस प्रकार, सी.एम.एस. की एक और प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं



एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी में चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

# टीएमयू की शेल्फी प्रतियोगिता में फैज अव्वल

## टीएमयू के केन्द्रीय पुस्तकालय की ओर से शेल्फी डे पर शेल्फी प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के केन्द्रीय पुस्तकालय में शेल्फी डे पर आयोजित शेल्फी प्रतियोगिता में सीसीएसआईटी कालेज के मौहम्मद फैज अव्वल रहे। फॉर्मेसी कालेज के संदेश सराफ ने द्वितीय और मैनेजमेन्ट कालेज की तान्या वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डिजिटल मीडिया विभागाध्यक्ष श्री नितीश जैसवाल, पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 90 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिनमें प्रत्येक विद्यालय से सर्वश्रेष्ठ शेल्फी का चयन हुआ। कॉलेज स्तर पर एग्रीकल्चर कालेज से श्रीराम पुरूषोत्तम,




पैरामेडिकल कालेज से काजल चौधरी, मैनेजमेन्ट कालेज की तान्या वार्ष्णेय, एजुकेशन कालेज से मानसी रावत, मेडिकल कालेज से सौरभ मिश्रा तथा नर्सिंग कालेज से गौरी ने अपने-अपने कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कुलसचिव डॉ. आदित्य शर्मा ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी इवेंट्स से छात्रों की पुस्तकों और पुस्तकालय की सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है। विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन ने शेल्फी डे का महत्व बताते हुए कहा कि यह पुस्तक प्रेमियों के लिए अपनी पसंदीदा पुस्तकों और पुस्तकालय अलमारियों को रोचक ढंग से दुनिया के सामने साझा करने का दिन है। इस दिन पाठकों को अपने सबसे प्रिय पुस्तकालय शेल्फ के साथ एक शेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसमें वे किताबे प्रदर्शित की जाती है जो उनके लिए विशेष है।

इस दिन को दुनिया भर के पुस्तक भंडार और पुस्तकालयों में पाठक अपनी पसंदीदा पुस्तको को सोशल मीडिया पर साझा करके मनाते है। इस मौके पर डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आलोक गुप्ता, श्रीमती आंचल शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# प्रसार भारती ने निकाली न्यूजरीडर, संपादकीय प्रबंधन सहित अन्य वैकन्सी

**अवधनामा संवाददाता**

■ आवेदन के लिये 8 फरवरी आखिरी तारीख, आनलाईन करे आवेदन

**लखनऊ।** प्रसार भारती ने उतर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आकाशवाणी के लिये संपादकीय प्रबंधन, न्यूजरीडर कम ट्रांसलेटर समेत रिक्त पदों को भरने के लिये इच्छुकों से आवेदन मांगे है। कुल तीन पदों पर लोगों के आवेदन मांगे गये है। यह एक फुल टाइम 2 वर्ष के अनुबंध की नौकरी होगी। क्षमता और प्रदर्शन के मुताबिक इस अनुबंध को 2 साल से आगे भी बढाया जा सकता है। आवेदनकर्ता का कार्यस्थल लखनऊ होगा तथा वेतन चालीस से पचास हजार के बीच होगा। पत्रकारिता में पीजी डिग्री या डिप्लोमा तथा कम से कम तीन साल तक किसी समाचार संस्थान से जुड़े होने का अनुभव साथ ही हिंदी और अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ अनिवार्य है। 58 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति इसके लिये आवेदन नहीं कर सकते। चुनाव प्रक्रिया के लिये आवेदनकर्ता को किसी भी तरह का टीए डीए नहीं देय होगा।

नौकरी उपरान्त न्यूज बुलेटिन, स्पेशल बुलेटिन को तैयार करना, प्रोडक्शन टीम से समन्वय करना, रेडियों और डिजिटल के लिये स्क्रिप्ट लिखना, सोशल मीडिया हैंडल करना तथा खबर से जुड़े व्यक्तियों के साक्षात्कार करना सहित कई अन्य जिम्मेदारियां होंगी। सभी शर्तो और योग्यता को पूरा करने वाले प्रसार भारती की वेबसाईट के माध्यम से 8 फरवरी तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रसार भारती द्वारा इस तरह की नौकरियां तेलंगाना, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा, तिरुअनंतरपुरम, श्रीनगर, रांची, रायपुर मुंबई ,धारवाड़, कटक, बैंगलोर और अहमदाबाद के लिये भी निकाली गयी है। अन्य राज्यों में नौकरी करने के इच्छुक व्यक्ति इनके लिये भी आवेदन कर सकते हैं।

# अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, चौथे पायदान पर बुमराह

बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की ओर से जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान अश्विन ने मैच में छह विकेट झटके थे। उनके नाम 853 रेटिंग अंक हैं।

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की ओर से जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान अश्विन ने मैच में छह विकेट झटके थे। उनके नाम 853 रेटिंग अंक हैं।

तेज गेंदबाज बुमराह ने भी इस मैच में छह विकेट चटकाये थे जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गये। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में





तीसरे भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं। टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गये है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों (जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन) को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाये थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गये हैं। दिग्गज भारतीय विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान की सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गये हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं।

भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गये। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गये है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

# जय शाह तीसरी बार बनें एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष



जय शाह को तीसरी बार एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान सौंपी गई है। दो- दो शाल के दो टर्म उन्होंने पूरे कर लिए हैं और ये तीसरा कार्यकाल उनका एशियन क्रिकेट काउंसिल के बॉस के तौर पर होगा। इस बात की आधिकारिक ऐलान हो गया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को तीसरी बार एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान सौंपी गई है। दो-दो शाल के दो टर्म उन्होंने पूरे कर लिए हैं और ये तीसरा कार्यकाल उनका एशियन क्रिकेट काउंसिल के बॉस के तौर पर होगा। इस बात की आधिकारिक ऐलान हो गया है। एशिया कप 2025 को लेकर इंडोनेशिया के बाली में इसकी बैठक जारी है। एशियन क्रिकेट काउंसिल की एजीएम थी, जिसमें सदस्य बोर्डों ने हिस्सा लिया है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने इस बात की पुष्टि की है। एसीसी की एजीएम में चेयरमैनशिप के अलावा बड़ा मुद्दा एसीसी के मीडिया राइट्स को लेकर भी था, जिस पर निर्णय जल्द लिया जाएगा। एशिया कप एक प्रमुख टूर्नामेंट है, जिसके मीडिया राइट्स से मोटी कमाई इस संस्था को होगी, जिसका रेवेन्यू एशिया की क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए यूज होता है। एशिया कप का अगला सीजन अब 2025 में आयोजिता होगा। टी20 फॉर्मेट में ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। पिछला टूर्नामेंट फॉर्मेट में खेला गया था। हालांकि, जय शाह का का दूसरा कार्यकाल अभी खत्म नहीं हुआ है और वे तीसरे कार्यकाल के लिए भी अध्यक्ष चुने गए हैं। इससे एक संकेत ये मिल जाता है कि जब नवंबर के आसपास आईसीसी के चुनाव होंगे तो जय शाह उसमें भाग ले सकते हैं। उनको एक तरह से एशिया का समर्थन मिल गया है। जय शाह वर्तमान समय में बीसीसीआई के सचिव भी हैं। अगर वे आईसीसी के चेयरमैन बन जाते हैं तो भारत के लिए ये बड़ी जीत होगी।

# सरवनन ने पाल नौकायन में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) बने जब उन्होंने बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के जरिए पेरिस खेलों में जगह बनाई। वह पेरिस 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी हैं।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) बने जब उन्होंने बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के जरिए पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के सरवनन ने यहां आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान





पर रहते हुए पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

वह पेरिस 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी हैं। सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा।

मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। विष्णु 2019 अंडर-21 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता हैं।

# भानवाला 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में 10वें, सिद्धू 11वें स्थान पर

स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय अभिनव चौधरी मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी निशानेबाजी रेंज में 569 अंक के साथ 22वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। भारत के अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू मिस्र के काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप चरण एक की पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में 579 के समान स्कोर के साथ क्रमशः 10वें और 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय अभिनव चौधरी मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी निशानेबाजी रेंज में 569 अंक के साथ 22वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में अंजुम मोदगिल, प्रिया ब्रिजपाल सिंह और आशी चौकसी एलिमिनेशन दौर से आगे बढ़ने में सफल रहे और बुधवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे।

# पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में जीता गोल्ड, तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में गोल्ड मेडल के क्रम में 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी पलक ने दो मिनट 18.59 सेकंड के समय लिया। मंगलवार को महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में गोल्ड मेडल के क्रम में 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी पलक ने दो मिनट 18.59 सेकंड के समय लिया। यह उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड (दो मिनट 18.90 सेकंड) से कम था, जो उन्होंने पिछले साल जुलाई में हैदराबाद में राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप के दौरान कायम किया था। तेलंगाना की श्री नित्या सागी ने



दो मिनट 25.83 सेकंड के समय के साथ रजत, जबकि कर्नाटक की नायशा ने दो मिनट 25.83 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले तमिलनाडु की भारोत्तोलक आरपी कीर्तन ने स्नैच और कुल भार में राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कुल 188 किग्रा वजन उठाया, जिसमें स्नैच में 85 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 103 किग्रा शामिल था। वह राज्य की साथी ओविया के (184 किग्रा) से आगे रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की संतुष्टि चौधरी ने कुल 162 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले स्नैच (81 किग्रा), क्लीन एवं जर्क (104 किग्रा) और कुल भार (185 किग्रा) का पिछला रिकॉर्ड आंध्र प्रदेश की सीएच सिरिलक्ष्मी के नाम था। महाराट्र ने अपने खाते में नौ और स्वर्ण जोड़े जिससे उसके पीले तमगे का आंकड़ा 50 को पार कर गया। विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अदिति गोपीचंद स्वामी ने तीरंदाजी में महाराष्ट्र के दबदबे का नेतृत्व किया। उन्होंने लड़कियों के कंपाउंड और मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता। पृथ्वीराज घाडगे और शरवानी शेंडे ने रिकर्व वर्ग में मिश्रित टीम का स्वर्ण जीता। महाराष्ट्र की खो-खो टीम ने अपने दमखम को कायम रखते हुए दोनों वर्ग के स्वर्ण जीते। लड़कों की टीम ने दिल्ली को 40-10 से हराया जबकि लड़कियों की टीम ने ओडिशा को 33-24 से शिकस्त दी। राज्य की ही तारिणी सूरी और श्रावणी वालेकर ने बैडमिंटन में लड़कियों के युगल फाइनल में ओडिशा की प्रगति परिदा और विशाखा टोप्पो को 21-13, 20-22, 21-16 से हराकर राज्य की स्वर्ण पदक संख्या को 50 तक पहुंचा दिया।

# रणबीर कपूर 2025 में शुरू करेंगे शूटिंग, स्क्रिप्ट का बेसिक स्ट्रक्चर तैयार

एनिमल की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद हर कोई फिल्म के सीक्वल एनिमल पार्क का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। अब यह पता चला है कि एनिमल 2 की स्क्रिप्ट की मूल संरचना तैयार है, संदीप रेड्डी वांगा इस साल की दूसरी छमाही में लेखकों के साथ मिलकर काम करना शुरू करेंगे।

एनिमल की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद हर कोई फिल्म के सीक्वल एनिमल पार्क का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। अब यह पता चला है कि एनिमल 2 की स्क्रिप्ट की मूल संरचना तैयार है, संदीप रेड्डी वांगा इस साल की दूसरी छमाही में लेखकों के साथ मिलकर काम करना शुरू करेंगे। कथित तौर पर, रणबीर कपूर भी 2025 में नीतीश तिवारी की रामायण की शूटिंग शेड्यूल खत्म करने के बाद फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

मिड डे की एक रिपोर्ट की मानें तो एनिमल पार्क रणविजय (रणबीर कपूर का किरदार) के हमशक्ल के



साथ टकराव और उनकी पत्नी और बेटे के साथ रिश्ते पर ध्यान केंद्रित करेगा। सूत्रों ने बताया एनिमल पार्क की बुनियादी संरचना ठीक उसी समय तैयार हो गई थी जब एनिमल [2023] लिखा गया था। इसका मतलब एक मल्टी-फिल्म आउटिंग था। दूसरा भाग रणबीर के किरदार रणविजय और उनके हमशक्ल पर केंद्रित होगा। नायक और उसकी पत्नी गीतांजलि के बीच घरेलू झगड़े को आगे बढ़ाया जाएगा, साथ ही उसके बेटे के साथ उसके रिश्ते को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

अंदरूनी सूत्र ने कहा विचार यह है कि जब संदीप स्पिरिट की शूटिंग करेंगे, तो वह मुख्य रूप से प्रणय वांगा द्वारा लिखी जा रही स्क्रिप्ट पर मासिक अपडेट लेंगे। वह 2024 की दूसरी छमाही में ही लेखकों के साथ सक्रिय रूप से काम करेंगे।

1 दिसंबर, 2023 को रिलीज़ हुई, एनिमल एक आदमी और उसके पिता के साथ उसके विषाक्त रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में विजय (रणबीर द्वारा अभिनीत) को एक एंटी-हीरो के रूप में दिखाया गया था, जो अपने पिता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता था, जिसमें मशीन गन से 200 लोगों को मारना भी शामिल था। हालाँकि, अपने प्रयासों के बावजूद, उन्हें अपने भावनात्मक रूप से अनुपलब्ध पिता (अनिल कपूर द्वारा अभिनीत) से अनुमोदन की मुहर पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। फिल्म रणबीर कपूर के किरदार के हमशक्ल की एक झलक के साथ समाप्त हुई और संकेत दिया गया कि सीक्वल दोनों के बीच टकराव पर केंद्रित होगा।

हाल ही में, रणबीर कपूर ने एनिमल पार्क के बारे में भी बात की, जब उन्होंने नेटफ्लिक्स इंडिया के लिए स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी से कहा, एनिमल पार्क के संबंध में, उनके (वंगा) के पास एक या दो दृश्य तैयार हैं, जो उन्होंने मुझे सुनाए, और वे बहुत रोमांचक हैं। . अब, भाग एक की सफलता के कारण, उनमें और भी गहरे, गहरे और अधिक जटिल होने का आत्मविश्वास और साहस है। वह कुछ भी कर सकता है।

# रणदीप हुडा के साथ स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आएंगी अंकिता लोखंड, बिग बॉस 17 के बाद शुरू किया नया चैप्टर



बिग बॉस 17 फिनाले के कुछ दिनों बाद अंकिता लोखंडे ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की। वह रणदीप हुडा की स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने बड़े पर्दे पर वापसी के लिए अपनी खुशी इंस्टाग्राम पर साझा की।

बिग बॉस 17 फिनाले के कुछ दिनों बाद अंकिता लोखंडे ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की। वह रणदीप हुडा की स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने बड़े पर्दे पर वापसी के लिए अपनी खुशी इंस्टाग्राम पर साझा की।

मंगलवार, 30 जनवरी को, अंकिता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया और विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित एक खूबसूरत फिल्म के साथ जुड़ने के पीछे अपनी खुशी साझा की। उन्होंने लिखा-इतिहास के अध्यायों से खोए हुए नेता को प्रकाश में लाना! 17 के अतिरिक्त विशेष महसूस होने के तुरंत बाद, एक नया अध्याय शुरू करना द्वारा निर्मित के साथ इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं, अपने नजदीकी सिनेमाघरों में 22 मार्च 2024 की तारीख देखने से न चूकें।

रणदीप हुडा के निर्देशन में बनी आगामी पहली फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वीर सावरकर भारत की आजादी की लड़ाई में एक अदम्य व्यक्ति हैं। फिल्म एक सम्मोहक यात्रा की शुरुआत करती है, जो एक दूरदर्शी और तेजतर्रार स्वातंत्र्य वीर सावरकर की पौराणिक लेकिन उपेक्षित कहानी को जीवंत करती है।

ज़ी स्टूडियोज़, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर द्वारा निर्मित। रूपा पंडित, सैम खान, अनवर अली, पांचाली चक्रवर्ती द्वारा सह-निर्मित। रणदीप हुडा, अंकिता लोखंडे और अमित सियाल अभिनीत यह फिल्म 22 मार्च 2024 को दो भाषाओं-हिंदी और मराठी में रिलीज़ होगी।

# धर्मेंद्र को किस करने पर तब्बू ने की थी 73 साल शबाना आजमी की जमकर खिंचाई, फिल्म के सीन ने मचा दिया था बॉलीवुड इंडस्ट्री में बवाल

जिन लोगों ने फिल्म देखी, वे उस दृश्य को देखकर चौंक गए जहां धर्मेंद्र और शबाना आजमी बुढ़ापे में मिलते समय एक-दूसरे को चूमते हैं। इस सीक्वेंस ने सिनेमाघरों में दर्शकों को सीटियां बजाने पर मजबूर कर दिया। शबाना आजमी ने अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर इस बारे में बात की।

शबाना आज़मी ने 2024 फिल्मफेयर अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। उन्होंने इसे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए जीता था। फिल्म में उन्होंने जामिनी नाम की एक कलाकार की भूमिका निभाई, जिसे किसी अन्य व्यक्ति से शादी करने के बावजूद कमल (धर्मेंद्र) में प्यार मिलता है। जिन लोगों ने फिल्म देखी, वे उस दृश्य को देखकर चौंक गए जहां धर्मेंद्र और शबाना आजमी बुढ़ापे में मिलते समय एक-दूसरे को चूमते हैं। इस सीक्वेंस ने सिनेमाघरों में दर्शकों को सीटियां बजाने पर मजबूर कर दिया। शबाना आजमी ने अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर इस बारे में बात की। दिग्गज ने खुलासा किया कि तब्बू ने उन्हें इस बारे में कितना चिढ़ाया था।

एक्ट्रेस ने कहा कि तब्बू जो उनकी भतीजी है वो असली शैतान है। ऐसा लगता है कि एक्ट्रेस ने शबाना आजमी से कहा कि उनके एक किस ने पूरी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि अब अन्य दिग्गज अभिनेत्रियां भी फिल्में करने के लिए तभी राजी होंगी जब उनमें चुंबन होगा। उन्होंने कहा कि यह करण जौहर का दृढ़ विश्वास था जिसने इस दृश्य को वैसा बना दिया जैसा यह है। शबाना आजमी ने कहा कि उनका पसंदीदा सीन वह है जहां आलिया भट्ट उनसे विवाहेतर संबंध के बारे में बात करती हैं। जब आलिया को कमल और उसके धोखे के बारे में पता चलता है कि उसने उनके दादाजी को कैसे धोखा दिया तो आलिया और उसके बीच तनातनी हो जाती है। शबाना आजमी ने फिल्म घूमर में भी बेहतरीन काम किया था।

तब्बू जमाल हाशमी और रिजवाना की बेटी हैं। शबाना आजमी जमाल की बहन हैं इसलिए तब्बू उनसे काफी जुड़ी हुई हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए आलिया भट्ट को




सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। उनकी जीत को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी लंबे समय के बाद बॉलीवुड के लिए सफल रोमकॉम में से एक थी। प्रशंसकों को दुख हुआ कि रणवीर सिंह रॉकी रंधावा के रूप में अपने काम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार लेने से चूक गए।

# सलमान खांन और अनिल कपूर का पत्ता साफ, एंट्री 2 के लिए नयी कास्ट तैयार, ये तिगड़ी मचाएगी धमाल

ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक नो एंट्री 2 के लिए वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को लिया गया है। एक प्रमुख मनोरंजन पोर्टल के अनुसार, 2005 की सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर अभिनीत फिल्म के सीक्वल पर फिलहाल काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक नो एंट्री 2 के लिए वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को लिया गया है। एक प्रमुख मनोरंजन पोर्टल के अनुसार, 2005 की सलमान खान, फरदीन खान और अनिल कपूर अभिनीत फिल्म के सीक्वल पर फिलहाल काम चल रहा है। यह भी बताया गया है कि यह अनीस बज़्मी द्वारा निर्देशित और बोनी कपूर द्वारा समर्थित होगी।

पिंकविला के मुताबिक, नो एंट्री 2 पर फिलहाल काम चल रहा है। जैसा कि उनके द्वारा बताया गया है, बोनी कपूर और ज़ी स्टूडियोज़ सीक्वल के लिए साझेदारी कर रहे हैं और उन्होंने वरुण धवन, दिलजीत



दोसांझ और अर्जुन कपूर सहित कई कलाकारों को मुख्य भूमिका में लिया है। रिपोर्ट में कहा गय है कि नो एंट्री 2 एक हंसी मजाक करने वाली स्क्रिप्ट है जिसने हर एक व्यक्ति को उत्साहित कर दिया है। नो एंट्री सीक्वल दिसंबर 2024 में फ्लोर पर जाएगा और 2025 में एक बड़ी नाटकीय रिलीज होगी, जो पहले भाग के 20 साल पूरे करेगी।

नो एंट्री 2 में वरुण, अर्जुन और दिलजीत के अलावा कई बड़े कलाकार शामिल हैं। हालाँकि, इसकी घोषणा होना अभी बाकी है। फिल्म के कलाकारों और क्रू के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। इस बीच, वरुण धवन फिलहाल शशांक खेतान और डेविड धवन के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। दूसरी ओर, अर्जुन कपूर रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में व्यस्त हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मु के संबोधन से शुरू होगा संसद का बजट सत्र



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र बुधवार से प्रारंभ हो रहा है। इससे पहले सरकार ने विपक्षी दलों के साथ पिछले सत्र में पैदा हुई खटास को खत्म करने की दिशा में बड़ी पहल की है। इसके तहत उन 14 विपक्षी सदस्यों की सदस्यता बहाल करने का एलान किया गया है, जिन्हें अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया था। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि लोकसभा के स्पीकर और राज्यसभा के सभापति ने इस संबंध में सरकार के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, उनकी अब तक की निलंबन अवधि को ही सजा मान लिया गया है और उन्हें बजट सत्र में शामिल होने का अधिकार मिल गया है। संसद के पिछले सत्र के दौरान सदन में हंगामा करने के कारण 146 सदस्यों को निलंबित किया गया था। इनमें 100 लोकसभा और 46 राज्यसभा के थे। इनमें से 14 सदस्यों (11 राज्यसभा एवं तीन लोकसभा के) को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया था। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने खेद जताने पर कांग्रेस के तीनों सांसदों अब्दुल खालिक, के. जयकुमार एवं विजय वसंत का निलंबन खत्म करने की सिफारिश की। जबकि राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने 11 सदस्यों को विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का दोषी पाया था, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उनका निलंबन रद कर दिया।

# लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात सरकार का बड़ा फैसला 50 आईएएस अधिकारियों का किया तबादला

**अहमदाबाद।** इस साल अप्रैल-मई महीने में लोकसभा चुनाव होने है और इससे पहले ही गुजरात सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

**प्रशासन**

> एक अधिकारी के अनुसार, राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार रात अधिसूचना जारी की।

भूपेन्द्र पटेल सरकार ने विभिन्न कलेक्टरों और जिला विकास अधिकारियों (डीडीओ) सहित 50 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

एक अधिकारी के अनुसार, राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार रात अधिसूचना जारी की। इस अधिसूचना के अनुसार, जामनगर जिला कलेक्टर बी ए शाह अब वडोदरा जिले के नए कलेक्टर की जिम्मेदारी संभालेंगे। वर्तमान में वडोदरा कलेक्टर के रूप में कार्यरत



एबी गोर को गांधीनगर में मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, सूरत के कलेक्टर आयुष ओक को वलसाड के नए कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित किया गया है। वर्तमान में गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत सौरभ पारधी को सूरत का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। मोरबी जिला कलेक्टर जीटी पंड्या को अब देवभूमि द्वारका जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। नवसारी कलेक्टर अमित प्रकाश यादव को अब केएल बचानी की जगह खेड़ा जिले का कलेक्टर बनाया गया है, जिन्हें गांधीनगर में सूचना निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वलसाड कलेक्टर क्षिप्रा अग्रे को नवसारी का नया कलेक्टर बनाया गया है। गिर-सोमनाथ कलेक्टर एचके वाधवानिया को गांधीनगर के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। छोटाउदेपुर जिला कलेक्टर स्तुति चरण को जल एवं स्वच्छता प्रबंधन संगठन, गांधीनगर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

2016 बैच के आईएएस अधिकारी नितिन सांगवान, जो वर्तमान में गांधीनगर में मत्स्य पालन निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इन्हें जूनागढ़ के नए डीडीओ के रूप में नियुक्त किया गया है। जूनागढ़ नगर निगम आयुक्त आरएम तन्ना को सुरेंद्रनगर का डीडीओ नियुक्त किया गया है। उनकी जगह 2016 बैच के आईएएस अधिकारी ओम प्रकाश को लिया गया है, जो वर्तमान में मेहसाणा के डीडीओ के रूप में कार्यरत हैं।

गृह विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत योगेश निरगुडे को दाहोद जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

## कर्नाटक में लोकायुक्त का बड़ा एक्शन, आय से अधिक संपत्ति के मामले में कई जिलों में मारा छापा

**बेंगलुरु।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में कर्नाटक लोकायुक्त के अधिकारियों ने बुधवार सुबह राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर कई छापे मारे। सूत्रों के मुताबिक, 10 से ज्यादा जिलों में छापेमारी चल रही है। छापेमारी बेंगलुरु, मांड्या, मैसूरु, हासन, तुमकुरु, चिक्कमगलुरु, चामराजनगर, बेल्लारी, विजयनगर और दक्षिण कन्नड़ जिलों में की जा रही है। इस समय बेंगलुरु के विद्यारण्यपुरा में PWD से जुड़े एक कार्यकारी अभियंता के आवास पर तलाशी हो रही है। बता दें कि मांड्या में कार्यालय, रिश्तेदारों के घर और नागमंगला में एक फार्महाउस पर भी छापा मारा गया है। वहीं, हसन जिले में एक फूड इंस्पेक्टर के आवास और कार्यालय पर भी छापेमारी की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने उनके भाई के रियल एस्टेट कार्यालय और आवास को भी निशाना बनाया है। चिक्कमगलुरु जिले में वाणिज्यिक



कर विभाग से जुड़ी एक महिला अधिकारी के घर पर छापा मारा जा रहा है। आरोप है कि अधिकारी ने अपनी आय से अधिक बड़ी संपत्ति अर्जित की है। लोकायुक्त ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण से जुड़े एक इंजीनियर के यहां भी छापा मारा है। अधिकारी मैसूरु में उनके आवास, विजयनगर में एक अपार्टमेंट और उनके भाई के घर पर भी तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# तिरुपति मंदिर ने दी 5,142 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी, अध्यक्ष बी करुणाकर रेड्डी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)।** तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के



ट्रस्ट बोर्ड ने वर्ष 2024-25 के लिए 5,142 करोड़ रुपये के बजट अनुमान को मंजूरी दे दी है।

पिछले साल का बजट 5,123 करोड़ रुपये था। वहीं इस बार का बजट उससे थोड़ा अधिक है। टीटीडी के अध्यक्ष बी करुणाकर रेड्डी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक में बजट को मंजूरी दी गई है।

पीटीआई के साथ साझा किए गए बजट हाइलाइट्स के अनुसार, विश्व प्रसिद्ध मंदिर के लिए धन का सबसे बड़ा स्रोत हुंडी कनुका (भक्तों का प्रसाद) 1,611 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष के समान स्तर पर बना हुआ है। ब्याज प्राप्तियां पिछले वर्ष से 100 करोड़ रुपये बढ़कर 1,167 करोड़ रुपये तक पहुंच गई हैं। प्रसादम प्राप्ति (पवित्र भोजन) भी 550 करोड़ रुपये से बढ़कर 600 करोड़ रुपये हो गई है।

मंदिर के लिए शुरुआती नकदी और बैंक बैलेंस 347 करोड़ रुपये है, जो 2023-24 के बजट अनुमान की तुलना में 180 करोड़ रुपये की गिरावट दर्शाता है। धन के अन्य महत्वपूर्ण स्रोतों में 338 करोड़ रुपये की दर्शनम (यात्रा) प्राप्तियां, कर्मचारियों को ऋण और अग्रिम, 246 करोड़ रुपये की सुरक्षा जमा और अन्य, और 129 करोड़ रुपये की अन्य पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। निधि उपयोग के संदर्भ में, मंदिर निकाय ने वेतन के लिए 1,733 करोड़ रुपये, सामग्री खरीद के लिए 751 करोड़ रुपये और इतनी ही राशि कोष और अन्य निवेश के लिए आवंटित की है।

मंदिर निकाय ने इंजीनियरिंग पूंजीगत कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग रखरखाव कार्यों के लिए 190 करोड़ रुपये का अनुमान लगाया है।

अन्य प्रमुख आवंटन में अन्य संस्थानों को 113.5 करोड़ रुपये का अनुदान, एचडीपीपी और संबद्ध परियोजना भुगतान 108.5 करोड़ रुपये, कर्मचारियों को ऋण और अग्रिम, 167 करोड़ रुपये की सुरक्षा जमा और अन्य और पेंशन और कर्मचारी स्वास्थ्य योजना निधि के लिए 100 करोड़ रुपये का योगदान शामिल है।

वर्ष 2024-25 के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को टीटीडी का योगदान पिछले वर्ष की तरह 50 करोड़ रुपये ही रहेगा।

# इस वर्ष 14 और हवाई अड्डों पर लागू होगा डिजि यात्रा, क्या है डिजि यात्रा?

**नई दिल्ली।** सरकार आने वाले महीनों में 14 और हवाई अड्डों पर डिजि यात्रा सुविधा शुरू करेगी। साथ ही विदेशी नागरिकों के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। अधिकारियों ने यह बात कही। वर्तमान में, डिजि यात्रा घरेलू यात्रियों के लिए

**प्रक्रिया**

> डिजी यात्रा' निर्बाध और परेशानी मुक्त हवाई यात्रा के लिए एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है जो पूरी तरह से स्वैच्छिक है।

13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। नागर विमानन मंत्रालय डिजि यात्रा मंच के जरिये यात्रियों के लिये डिजिटल सुविधा शुरू की है। इसके तहत चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी (एफआरटी) के आधार पर हवाई अड्डों के विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्क रहित, निर्बाध आवाजाही प्रदान की जाती है। अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि अब इस पहल को चेन्नई, भुवनेश्वर और कोयम्बटूर समेत 14 हवाई अड्डों पर पेश करने की योजना है। अन्य हवाई अड्डे डाबोलिम, मोपा गोवा, इंदौर, बागडोगरा, चंडीगढ़,




रांची, नागपुर, पटना, रायपुर, श्रीनगर और विशाखापत्तनम हैं। इसके अलावा डिजि यात्रा सुविधा 2025 में 11 और हवाई अड्डों पर शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा, सरकार का इरादा ई-पासपोर्ट आधारित नामांकन शुरू करने का है, जिससे विदेशी नागरिकों को डिजि यात्रा सुविधा का लाभ उठाने की भी अनुमति मिलेगी। अधिकारियों ने उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि दिसंबर, 2022 से नवंबर, 2023 की अवधि के दौरान डिजि यात्रा ऐप उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक विश्लेषण के अनुसार, ऐप ने प्रवेश द्वार और बोर्डिंग गेट पर यात्रियों के लिए प्रसंस्करण समय को कम करने में मदद की है। डिजि यात्रा दिसंबर, 2022 में शुरू की गई थी। 'डिजी यात्रा' चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी (एफआरटी) के आधार पर हवाई अड्डों पर विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्क रहित और निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्रदान करती है और वर्तमान में घरेलू यात्रियों के लिए न्यूनतम 13 हवाई अड्डों पर यह सुविधा उपलब्ध है।

'डिजी यात्रा' के उपयोग के प्रति यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डों पर 'डिजी मित्र' नामक व्यक्तियों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डिजी यात्रा' निर्बाध और परेशानी मुक्त हवाई यात्रा के लिए एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है जो पूरी तरह से स्वैच्छिक है। कियोस्क आधारित पंजीकरण पर 'फेस बायोमेट्रिक' लेने के लिए यात्री की पहले से सहमति लेना आवश्यक है। इसके अलावा, उड़ान के प्रस्थान के 24 घंटे के बाद हवाई अड्डे के सिस्टम से डेटा स्वचालित रूप से हटा दिया जाता है। 'डिजी यात्रा' के लिए यात्री द्वारा साझा किया गया डेटा एक 'एन्क्रिप्टेड' प्रारूप में संग्रहीत किया जाता है।

## ओडिशा को मिला सबसे अच्छी झांकी का पहला पुरस्कार, दूसरे और तीसरे नंबर पर इन राज्यों ने पाया स्थान

**दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड के दौरान ओडिशा के समृद्ध हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र को प्रदर्शित करने वाली रंग-बिरंगी झांकी को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में प्रथम पुरस्कार मिला है।

धोरडो पर्यटन गांव को प्रदर्शित करने वाली गुजरात की झांकी ने लोगों की पसंद श्रेणी में पहला स्थान पाया है। दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कारों की घोषणा मंगलवार को की गई। दिल्ली छावनी में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। अधिकारियों के अनुसार, परंपरागत परेड के दौरान विभिन्न लोकतंत्र की जननी' विषयक संस्कृति मंत्रालय की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला है। अधिकारियों ने बताया कि जीवंत गांवों को दर्शाने वाली गृह मंत्रालय की झांकी को दूसरा पुरस्कार मिला है।

# सरेआम चाकूबाजी का शिकार बने मालदीव के महाभियोजक हमलावरों ने घात लगाकर बनाया निशाना

**माले।** मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम, जिन्हें मालदीव की पिछली सरकार ने नियुक्त किया था,

**आउटलेट**

> घटना की पुष्टि करते हुए एक स्थानीय मीडिया आउटलेट ने बताया कि यह एक पुनर्नियोजित हमला हो सकता है।

उन पर बुधवार को माले में हमला हो गया। बताया गया है कि उन पर सरेआम सड़क पर चाकू मारी गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने उन पर घात लगाकर हमला किया। घटना की पुष्टि करते हुए एक स्थानीय मीडिया आउटलेट ने बताया कि यह एक पुनर्नियोजित हमला हो सकता है।

फिलहाल शमीम का इलाज मालदीव के एडीके अस्पताल में कराया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि उन पर शहर की भीड़भाड़ वाली



गली में हमला हुआ। इस घटना पर मालदीव की विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी (मोहम्मद नशीद की विपक्षी पार्टी) ने आक्रोश जताया है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा है कि एक उच्च संवैधानिक पद पर नियुक्त अफसर पर इस तरह का हमला पूरे सिस्टम पर हमला है। वह भी तब जब वह शख्स राजनीति से बचकर आपराधिक न्याय प्रणाली में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। यह खतरनाक संकेत हैं। इस मामले में मालदीव पुलिस जांच कर रही है।

न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक, यह हमला तब हुआ, जब शमीम अपने दफ्तर जा रहे थे। हमलावर ने पहले उन पर हथौड़े से हमला किया और उनके बाएं हाथ को घायल कर दिया। फिलहाल अस्पताल में उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

गौरतलब है कि मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही तनाव की स्थिति पैदा हो गई। बीते दिनों मालदीव की संसद में सरकार और विपक्षी सांसदों के बीच मारपीट भी हुई थी। दरअसल, विपक्ष अब मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग चलाने की तैयारी में है। इसे लेकर मालदीव सरकार चिंता में है। विपक्ष ने मुइज्जू पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को लेकर दिए बयानों पर माफी मांगने के लिए कहा है।

## 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी में भारतीय नागरिक को नौ साल की सजा

**मिशिगन।** अमेरिका के मिशिगन में एक भारतीय नागरिक को 20 लाख डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने स्वास्थ्य देखभाल में धांधली की और धांधली से मिले पैसों को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के जरिए भारत स्थित अपने विभिन्न बैंक खातों में भेज दिया। मिशिगन के निवासी 28 वर्षीय योगेश के. पंचोली श्रिंग होम केयर इंक नाम से एक स्वास्थ्य कंपनी का संचालन करता था, जिसका मालिकाना हक भी उसी के पास ही है।

योगेश पर आरोप है कि बिलिंग मेडिकेयर से बाहर होने के बावजूद उसने फर्जी नामों, हस्ताक्षरों और पहचान छिपाकर दो महीने तक अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर करीब 28 लाख डॉलर का मेडिकेयर से भुगतान प्राप्त किया, जबकि इन बिलों के एवज में सेवाएं कभी भी नहीं दी गईं।

# अमेरिका का एफ-16 लड़ाकू विमान दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट के पास दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बची पायलट की जान

**सियोल।** एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया कि विमान का पायलट दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले ही विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहा। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से पायलट को साढ़े नौ बजे दुर्घटनास्थल से बाहर निकाला गया।

अमेरिका का एफ-16 लड़ाकू विमान बुधवार को दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दक्षिण कोरिया की स्थानीय मीडिया ने अमेरिकी वायुसेना के हवाले से इस घटना की जानकारी दी है।

एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया कि विमान का पायलट दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले ही विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहा। पायलट को बचा लिया गया है। सियोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण में कुनसन एयर बेस में पीले सागर के ऊपर सुबह के करीब 8:41

**प्रवासन**

> अमेरिका का एफ-16 लड़ाकू विमान बुधवार को दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

बजे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दक्षिण कोरिया और अमेरिकी अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से पायलट को साढ़े नौ बजे दुर्घटनास्थल से बाहर निकाला गया। अमेरिकी वायुसेना के अनुसार, पायलट की हालत स्थिर है और विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी जारी है। आठवें फाइटर विंग कमांडर कोलोनेल मैथ्यू सी. गेटके ने कहा, हम दक्षिण कोरिया के बचाव दल और अपनी टीम का धन्यवाद करते हैं,



जिन्होंने पायलट की जान बचाई। अब हम विमान को ढूंढने की कोशिश करेंगे।

एक साल में तीसरी बार एफ-16 लड़ाकू विमान दक्षिण कोरिया में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। दिसंबर में आठवें फाइटर विंग का एफ-16 विमान पीले सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वहीं इससे पहले मई में अमेरिका के 51वें फाइटर विंग का एफ-16 प्योंगटेक के ओसान एयर बेस पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इन दोनों ही हादसों में किसी के हताहत होने की जानकार नहीं दी गई थी।

## भारतवंशी जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में 33 साल का कारावास

**लंदन।** भारतीय मूल के एक ब्रिटिश जोड़े को ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने ड्रग्स की तस्करी के आरोप में 33 साल के कारावास की सजा सुनाई है। यह वही जोड़ा है, जिसपर आरोप है कि उन्होंने गुजरात में अपने दत्तक पुत्र की हत्या की थी। भारत ने ब्रिटेन से इस जोड़े के प्रत्यर्पण की मांग भी की थी। अब ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने भी इन्हें सना सुना दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सोमवार को सुनवाई के बाद जूरी ने भारतीय मूल की आरती धीर (59) और कंवलजीत सिंह रायजादा (35) को निर्यात के 12 और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी माना है। कोर्ट ने मंगलवार को जोड़े को 33 साल के कारावास की सजा सुनाई है। हालांकि, सुनवाई के दौरान धीर और रायजादा ने ड्रग्स निर्यात करने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को सिरे से नकार दिया था।

# तोशाखाना केस में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को 14 साल जेल की सजा, 78-78 करोड़ का जुर्माना भी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्षी पार्टी

**स्वास्थ्य**

> तोशाखाना मामले में पाकिस्तान की एक अदालत ने उन्हें 14 साल की जेल की सजा सुनाई है।

के संस्थापक इमरान खान की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। तोशाखाना मामले में पाकिस्तान की एक अदालत ने उन्हें 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। इमरान के साथ उनकी पत्नी को भी 14 साल के कठोर कारावास की सजा दी गई है। तोशाखाना मामले में रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान की सजा सुनाने के लिए जवाबदेही अदालत के जज मोहम्मद बशीर खुद पहुंचे। फैसले के तहत इमरान खान और बुशरा बीबी पर 10 साल तक के लिए कोई भी



सरकारी पद ग्रहण करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा इमरान और बुशरा पर 78-78 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बुशरा कोर्ट में पेशी के लिए नहीं पहुंचीं। तोशाखाना (राज्य भंडार) मामले में पूर्व पीएम इमरान पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। तोशाखाना में विदेशी नेताओं से मिले उपहार रखे जाते हैं। तोशाखाना के नियमों के मुताबिक, सरकारी अधिकारी कीमत का भुगतान करके ही उपहार अपने पास रख सकते हैं। उपहार पहले तोशाखाना में जमा होना चाहिए। इमरान खान और उनकी पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए उपहारों को कम कीमत पर अपने पास रखा।

यह मामला देश के अन्य तोशाखाना मामलों से अलग है। इसमें इमरान खान को पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया था। बाद में उन्हें राज्य के उपहारों की बिक्री से प्राप्त आय छिपाने के लिए दोषी ठहराया था। इमरान की अयोग्यता को बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

गौरतलब है कि एक दिन पहले पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय सूचना लीक करने के मामले 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। दोनों को ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत गठित की गई विशेष अदालत ने गोपनीय सूचना लीक करने का दोषी पाया। इमरान खान (71 वर्षीय) और शाह महमूद कुरैशी (67 वर्षीय) रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जेल से ही इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी अदालत की सुनवाई में वर्चुअली शामिल हुए।

# किशोरों को मानसिक रूप से बीमार बनाने का जिम्मेदार अमेरिका में 5000 अभिभावकों ने किया केस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चीन के एप टिकटॉक के खिलाफ हजारों अभिभावक लामबंद हुए हैं। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर एप के दुष्प्रभाव को लेकर 5000 से अधिक अभिभावकों ने टिकटॉक पर मुकदमा किया है। एक समय में अपने मनोरंजक सामग्रियों के लिए टिकटॉक अमेरिका में बहुत लोकप्रिय था। अभिभावक टिकटॉक को डिजिटल युग का तंबाकू से भी खतरनाक नशा बताया है। एप को किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है और उसके खिलाफ जांच भी चल रही है। टिकटॉक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की शुरुआत वेबसाइट क्लेम्सहीरोडॉटआईओ के नेतृत्व में हुई थी जो अब गति पकड़ रही है। हजारों माता-पिता चीनी स्वामित्व वाली दिग्गज कंपनी के खिलाफ जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत के हर्टफोर्ड की रहने वाली ब्रिटनी एडवाड्र्स उन माता-पिता में शामिल हैं, जिन्होंने टिकटॉक के खिलाफ मुकदमा किया है। एवडड्र्स की बेटी (12) को टिकटॉक की लत है। उन्होंने इसके टिकटॉक पोस्ट में कुछ ऐसा देखा, जिससे लगा कि उनकी बेटी खुद को नुकसान पहुंचा सकती है, जिसके बाद उन्हें इस एप के काले पक्ष के बारे में पता चला। एजेंसी मुकदमों में दावा किया गया है कि टिकटॉक ने जुलाई 2023 में एक विवादास्पद कदम उठाते हुए एक नियम लागू किया था। इसमें यह प्रावधान था कि कोई भी माता-पिता अपने बच्चे के टिकटॉक पर अकाउंट बनाने के एक साल के बाद प्लेटफॉर्म के खिलाफ किसी तरह का दावा नहीं कर सकते हैं।

एमनेस्टी इंटरनेशनल की ओर से टिकटॉक पर सामग्री की तकनीकी जांच में परेशान करने वाली सच्चाई का पता चला है। जांच में पाया गया कि टिकटॉक की सामग्री अनुशंसा प्रणाली कथित तौर पर उपयोगकर्ताओं को हानिकारक रैबिट होल सामग्री तक ले जाती है, जिसमें रोमांटिक या आत्महत्या को प्रोत्साहित करने वाले वीडियो भी शामिल हैं। रैबिट-होल सामग्री वह चीज है जो ऊपर से तो सरल दिखती है, लेकिन बहुत खतरनाक होती है। हाल ही में अमेरिका में 16 साल के एक किशोर ने टिकटॉक पर एक हिंसक वीडियो देखने के बाद आत्महत्या कर ली थी।

# यादगार रहेगा जौनपुर का कार्यकालः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के स्थानांतरण होने के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनको भावपूर्ण विदाई दी गयी। जिलाधिकारी ने जनपद में किए गए कार्यो के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जनपद का कार्यकाल उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को आम जनमानस के साथ शालीनता एवम गंभीरतापूर्वक उनकी बातो को सुनकर उनकी समस्याओं के निस्तारण करने को कहा। इ मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। अपर जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उनके साथ बिताये गये अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए कहा गया कि उन्होंने उनके कार्यकाल में जो भी सीखा उनके आगे के सेवाकाल में बहुत ही उपयोगी होगा।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चैहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिह, समस्त उपजिलाधिकारीगण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट जलराजन चैधरी, जिला विकास अधिकारी वी के यादव जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय,सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नाली में ईट लगाने का विरोध किया

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शहर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला ताड़तला में नाली व खड़ंजा बनाने का कार्य चल रहा है। नाली बनाने के कार्य में जो ईट का प्रयोग हो रहा है वह मानक विपरीत है जिसमें वहां के लोगों में आक्रोश है। स्थानीय सूचना पर स्वामी अंबुजानंद महाराज आए बालाजी मार्क ईट नाली में लगाने का उन्होंने विरोध किया काम करने वाले ठेकेदार ने कहा ठीक है हम काम रोक देते हैं दूसरा ईट प्रयोग करेंगे। उनके जाते ही पुनः निर्माण कार्य जारी है यह कार्य को डूडा द्वारा कराया जा रहा है। ताड़तला मोहल्ले के सभासद विष्णु सेठ ने भी विरोध किया है।

# सात पुलिस कर्मियों को दी गयी समारोह पूर्वक विदाई

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार गौतम व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले सात पुलिस कर्मियों को शॉल व उपहार भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए समारोहपूर्वक विदाई दी गई।

अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर कुल सात पुलिसकर्मी दो उपनिरीक्षक, चार मुख्य आरक्षी व एक फालोअर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वय द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई। इस अवसर पर देवेश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी, परमानन्द कुसवाहा प्रतिसार निरीक्षक, श्री अनुपम सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहें। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में एसआई लल्लन प्रसाद, आशा देवी, मुख्य आरक्षी धर्मदेव प्रसाद, चालक भोलानाथ सिंह, शैलेष कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह तथा अनुचर ब्रहम्चारी श्रीवास्तव को विदाई दी गयी।

## किन्नर के रूपये और जेवर के साथ हुआ फरार

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रसीदाबाद निवासी पायल किन्नर ने आरोप लगाया है कि उसकी षिष्या जूली किन्नर निवासी निवासी अबीरगढ़ टोला थाना कोतवाली को एक युवक नेग में मिले पांच लाख से अधिक रूपये व एक लाख 45 हजार की सोने की चेन के साथ भगा ले गये। इस बारे में उसने पुलिस अधीक्षक से षिकायत करते हुए गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये षिकायती पत्र में पायल किन्नर ने बताया कि उसकी षिष्या जूली किन्नर व आटो चालक मोनू यादव पुत्र सुनील यादव निवासी कुल्हनामऊ अलीगंज थाना बक्षा उसके साथ नाच गाना में सहयोग करते थे। जूली उसके नाच गाने से प्राप्त पांच लाख 71 हजार रूपये तथा एक लाख 45 हजार की सोने की चेन दोनो ने साजिष कर हड़प् लिया और भाग गये। पायल ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगायी कि दोषी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही करने की कृपा करें।

# वर्षों से लम्बित ट्रांसफार्मर चेयरमैन के प्रयास से पहुंचाया

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** नगर पंचायत जफराबाद अंतर्गत 400 केवीए के ट्रांसफार्मर व ट्राली जो विगत वर्षो से नगर पंचायत द्वारा भुगतान करने के बाद भी उपलब्ध नही कराया जा रहा था। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता खंड तृतीय को पत्र भेजा गया था। ज्ञात हो कि अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय को 19 मार्च 2017 को उपलब्ध कराई गई थी जिसकी धनराशि 894000 रुपये चेक के माध्यम से भुगतान भी कर दिया गया था। लेकिन उस समय भुगतान करने के बाद भी कर्मियों की लापरवाही के वजह से अभी तक ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो पाया था। इस समस्या को चेयरमैन उम्मेरहीला से जब अवगत कराया गया तो प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत चेयरमैन बीते 10 जनवरी 2024 को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस प्रकरण की जांच करवाने व पुनः उक्त 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को नगर पंचायत कार्यालय में लगवाने के लिए आग्रह किया गया। जिस पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने उस पत्र पर बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए 18 जनवरी 2024 को स्पष्टीकरण भी मांगा साथ में निर्देश दिया कि जल्द से जल्द उस 400 केवीए के ट्रांसफार्मर को नगर पंचायत कार्यालय में भिजवा दिया जाए। बिजली विभाग के एसडीओ व जेई जानकारी प्राप्त हुआ कि नगर पंचायत जफराबाद क्षेत्र के अंतर्गत कार्य करने वाले कुछ कर्मचारियों के ही द्वारा यह लापरवाही की गई थी हालांकि अब चेयरमैन जफराबाद के प्रयास से 30 जनवरी को 400 केवीए का ट्रांसफार्मर जो कि विगत कई सालों से लापरवाही के वजह से गायब था कार्यालय कैंपस में पहुचा दिया गया।

## सीवर खुदाई के बाद उड़ रही धूल की आंधी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** इस समय नगर पालिटेकनिक चैराहे सहित कई स्थानों पनर सीवर में पारप डालने का काम चल रहा है। पाइप डालने के बाद सम्बन्धित ठेकेदार मिटटी को किसी प्रकार समतल कर आधे अधूरे छोड़कर चले जाते है और वाहनों के आने से दुकानदारों एवं राहगीरो एवं सड़क के किनारे रहने वालों का धूलभरी आंधी का लगातार सामना करना पड़ता है। देखा जा रहा है कि पूरे सड़क पर मिट्टी फैला दी जाती है और पानी का छिड़काव भी नही किया जाता है और वाहनों के आने जाने से भयानक तौर पर धूल उ़ती रहती है जिससे वहां का पूरा वातावरण प्रदूषण मय बन जाता है। दुकानदारों ने जिला प्रषासन एवं नगर पालिका से मांग किया है खुदाई कर पाटे गये स्थान पर पानी का छिड़काव कराकर धूल की आंधी को बन्द कराने कृपा करायें।

# मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिये हो रहीं कैडर बैठकें

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** बहुजन समाज पार्टी बहनजी के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर दो दो सेक्टरों को लेकर सेक्टर चामू व सेक्टर बारा खास की सेक्टर स्तरीय कैडर बैठक बूथ घुरमी में की गई।

अरबी त्यागी बतौर मुख्य अतिथि कैडर में अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा के चुनाव में माननीया बहनजी द्वारा दिए गए निर्देशों को बताते हुए अभी से ही चुनाव प्रचार प्रसार जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि बहुजन समाज पार्टी एक पार्टी ही नही बल्कि पार्टी के साथ एक मिशन है जो बहुजन महापुरुषों के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है पार्टी के हित में हम सभी को ईमानदारी और मेहनत से पार्टी में काम करने की जरूरत है। जिला कार्यकारिणी सदस्य उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम और पूर्व पार्षद ऊषा त्यागी बतौर विशिष्ट अतिथि कैडर को सम्बोधित करते हुये बताया कि हमें अपने महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करना होगा, उनके वैचारिक सिद्धांतों पर चलना होगा। विधानसभा प्रभारी हरिश्चंद्र कुरील, मनोज कुशवाहा, समरजीत चौधरी, राकेश पासी बड़ा घराना व विधानसभा अध्यक्ष गुलाब चौधरी बृजेश बिन्द ने भी अपनी बात रखी।

कैडर बैठक में उमा शंकर चौधरी, जमुना प्रसाद, मूल मूलचन्द्र चन्द्र बौद्ध, आशुतोष चौधरी, रामचन्द्र, महेन्द्र कुमार, योगेन्द्र, आशीष कुमार गौतम, रत्नाकर, लाल बाबू, चन्द्र प्रकाश, राम लाल, लवकुश, ज्ञानचंद, राजकपूर, दिलीप कुमार जाली, संजय कुमार सुमन, शान्ति, चंद्रकली सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सर्व सम्मति से समिति हुई भंग पंचम सिंह बने अध्यक्ष

**आजमगढ़।** शहर के हृदय शंकर जी तिराहा मूर्ति का लम्बे समय से देखरेख के लिए पुरानी समितियां भंग होने के बाद से ही काफी दिनों तक चुनाव नहीं हुआ जिसके कारण शंकर जी की मूर्ति एवं धर्मशाला का देखरेख सुयोजित तरिके से नहीं हो पा रहा था जिसके लिए हाल में ही मुहल्लेवासियों की एक बैठक की गई जिसमे सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस समिति का गठन कराया जाये जिसमें कुछ लोगों का नाम चिन्हित किया गया और चिटफण्ड आफिस की तरफ से चुनाव का दिन निश्चित किया गया। और चुनाव होने के बाद जिम्मेदारियों मे अध्यक्ष के रूप में पंचम सिंह को चुना गया। इसी क्रम में अन्य सदस्यों में श्री शंकर जी भगवान धर्मशाला सदर के प्रबंधकारिणी समिति की जारी सूची में कुंवर प्रतीक्षित प्रताप सिंह उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा मंत्री, मनोज सोनकर उप मंत्री, सनी गुप्ता कोषाध्यक्ष, रमेश चंद जायसवाल आय व्यय निरीक्षक के अलावा अजय कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल व पप्पू साहू को सदस्य घोषित किया गया है।

# साली की हत्या में आरोपी जीजा गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के जमुनिया हिसामुद्दीनपुर गांव में साली की हत्या के आरोपी जीजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसको विशुनपुर चैराहे से पकड़ लिया। इसके बाद उसको चालान न्यायालय भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेष कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष खुटहन पुलिस टीम के साथ विशुनपुर चैराहे पर संदिग्धों व वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि जमुनिया हिसामुद्दीनपुर में साली रूबी की हत्या का आरोपी जीजा रंजीत निषाद पास में खड़ा और कहीं भागने की फिराक में है। टीम के साथ फौरन हत्यारोपी रंजीत को पकड़ लिया। रंजीत निषाद(25) निवासी नागनाथपुर (दुल्हपुर) थाना दोस्तपुर सुल्तानपुर का रहने वाला है। गांव के रक्षाराम बिंद के घर रविवार की शाम को उसके छोटे साढ़ू सुल्तानपुर के दोस्तपुर थाना के नागनाथपुर गांव के रंजीत बिंद अपनी पत्नी उमा (27) के साथ आया था। इस दौरान आवभगत में घंटों शराब की पार्टी चलती रही। दारू पीने से टोकने पर रंजीत का उसकी पत्नी उमा से विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद दोनों में मारपीट शुरू हो गई। बचाव में आई बहन रूबी ने उमा देवी को वहां से हटाकर घर के भीतर कमरे में बंद कर दी थी। इसी को लेकर नशे की हालत में रंजीत अपने बड़ी साली रूबी से भिड़ गया था। इस दौरान पत्थर से हमले में रूबी की मौत हो गई थी।

# प्रयागराज में गंगा मे जल का प्रदूषण स्तर खतरनाक

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से की गई शिकायत**

**प्रयागराज।** माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या से पहले गंगा के घाटों पर जल काला पड़ने लगा है। वजह है न्यूनतम प्रवाह में कमी आने के साथ ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों से अर्ध शोधित पानी का गंगा में बहाया जाना। जल काला पड़ने की शिकायत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मेल के जरिए की गई।

आदेश है कि गंगा में गंदे पानी के बहाव पर शीघ्र रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले स्नान पर्वों पर संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को डुबकी लगाने के लिए निर्मल धारा मिल पाएगी, दावा करना मुश्किल होगा। माघ मेले की तैयारियों के दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र संगम पर संतों-भक्तों की डुबकी के लिए निर्मल गंगा की धारा मुहैया कराने का संकल्प अफसरों को दिला चुके हैं। तब कहा गया था कि गंगा में गिरने वाले नालों को हर हाल में बंद कर दिया जाए।

इस बीच गंगा में जल प्रवाह तेज होने की वजह से भी नालों के गंदे पानी का असर संगम और अन्य स्नान घाटों पर नहीं दिख रहा था। इस बीच एक बार फिर सलोरी एसटीपी से नालों का अर्ध शोधित गंदा पानी गंगा में सीधे बहाया जा रहा है। इससे रामघाट से लेकर कई घाटों पर काला और मटमैला गंगा जल आने लगा है। शिवकुटी और दारागंज के नालों का भी गंदा पानी गंगा में बहता देखा जा सकता है।

गंगा की निर्मलता के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नालों को बंद कराने और संतों-भक्तों को स्वच्छ गंगा की जलधारा उपलब्ध कराने के लिए आवाज उठाई है। उनका कहना है कि नालों को बंद कराने के साथ ही महाकुंभ से पहले दो किमी के दायरे में गंगा की तलहटी की ड्रेजिंग भी कराई जानी चाहिए।

नालों के गंदे पानी के शोधन के लिए लगाए गए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी क्षमता विहीन हो गए हैं। दो दशक पहले जिस आबाद के डिस्चार्ज के आकलन के आधार पर यह एसटीपी स्थापित किए गए थे, वहां अब डेढ़ गुना आबादी बढ़ गई है। सलोरी एसटीपी की क्षमता मौजूदा समय 43 एमएलडी है, जबकि वहां से रोजाना डिस्चार्ज अब 75 एमएलडी हो रहा है। ऐसे में इस प्लांट की 50 एमएलडी क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव है। इसी तरह 60 एमएलडी क्षमता वाले राजापुर एसटीपी की भी 50 एमएलडी क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। पोंगहट एसटीपी की भी क्षमता 50 एमएलडी है। जबकि कालिंदीपुरम समेत कई बड़े इलाके बसने के बाद वहां इतना ही डिस्चार्ज बढ़ गया है। ऐसे में इस एसटीपी की भी क्षमता 50 एमलटी तक बढ़ाने के लिए प्रस्ताव किया गया है। ऐसे में आधे से अधिक इलाके का गंदा पानी शोधित करने की व्यवस्था ही नहीं है। ऐसे में गंगा में अर्ध शोधित गंदा पानी पहने से रोक पाना कितना कठिन है, समझा जा सकता है।

# बाल सुरक्षा संगठन ने मार छापा 14 बाल श्रमिकों को मुक्त

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** मुख्यालय महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं बन्धुआ मजदूर से लोगों को मुक्त कराने का अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी एएचटीयू अपर पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम व जनविकास संस्थान द्वारा जनपद के थाना सरायमीर, पवई तथा के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंट, ब्रेकरी, ऑटो मोबाइल की दुकानों , गैराजों पर छापा मारा गया । उक्त अभियान में कुल 14 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। मौके पर मुक्त कराये गये बालश्रमिकों को उनके परिजनों की सुपुर्दगी में दिया गया तथा हिदायत दी गयी कि बच्चों से भविष्य मे बाल श्रम न कराये । सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध अधिनियम का उल्लंघन करने के संबंध में श्रमविभाग द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी की गई । संयुक्त टीम द्वारा दुकानदारों/ जनता के लोगों को बालश्रम न कराने पर जोर दिया गया तथा सर्वाजनिक स्थानों/ बर्तन की दुकानों मिठाई की दुकान, रेस्टोरेंट, ब्रेकरी, आटो मोबाइल की दुकान , गैराज आदि स्थानों पर बालश्रम न कराने से सम्बन्धित पोस्टर चस्पा कर जागरुक किया गया। बालश्रम उन्मूलन अभियान शशिकान्त पाण्डेय, उप श्रमायुक्त, विशाल कुमार, उप श्रमायुक्त, उ.नि. विजय नारायण पाण्डेय, थाना एएचटीयू आ. आशीष प्रताप सिंह, थाना एएचटीयू।

# डीएम ने परखीं रिंग रोड-पैकेज 3 के कार्यों की तैयारियां

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में रिंग रोड़- पैकेज 3 एनएचआई से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व लेखपालों से उनके क्षेत्र में सर्वेक्षण में आने वाले कुल कितने किसानों को मुआवजा की कितनी धनराशि का वितरण किया जाना था, के सापेक्ष कितनी धनराशि का वितरण कर दिया गया है, की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार व लेखपाल को मौके पर जाकर प्रत्येक मामले की आपत्तियों का निराकरण कराते हुए शीघ्र भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्येक लेखपाल से उनके क्षेत्र में सर्वेक्षण में कितने काश्तकार आ रहे है, कितने गाटे है, उन गाटों से सम्बंधित कितने किसान है, प्रत्येक किसान का अंश निर्धारण हुआ है या नहीं, कितने किसानों को फार्म-सीसी दिया गया है, कितने किसानों के मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है, की कारण सहित जानकारी प्राप्त करते हुए मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम नजूल प्रदीप कुमार यादव, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, एसडीएम व एनएचआई के अधिकारीगणों सहित अन्य विभागों के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हादसे में मृतक की हुई पहचान ट्रेन से कट दी जान

**अवधनामा संवाददाता**

**आज़मगढ़।** फरिहा रेलवे स्टेशन के पास हादसे में मृतक की हुई पहचान, काम करने के बाद लौट रहा था घर निजामाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत फरिहा रेलवे स्टेशन के पास शनिवार की शाम को ट्रेन से कट कर करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गई थी। तभी से शव को पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया था। सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों को इसकी जानकारी हुई। तब पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव को पहचाना। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# सेवानिवृत राजस्व निरीक्षक को दी विदाई

**अवधनामा संवाददाता**



**लालगंज,आजमगढ़।** तहसील सभागार लालगंज में उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक का विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत राजस्व निरीक्षक लालता प्रसाद शर्मा ने कहा कि तहसील लालगंज में सेवा करने का जो अवसर मुझे मिला है वह बहुत ही अच्छा रहा है। मैं जनता की सेवा ईमानदारी पूर्वक किया। जिसमें अधिकारियों का भी मार्गदर्शन मिलता रहा है। जिसको मैं आजीवन भूल नहीं सकता। उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी ने कहा कि सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक लालता प्रसाद शर्मा एक अच्छे कर्मचारी थे। उनको जो जिम्मेदारी दी जाती थी, वह बड़े अच्छे और ईमानदारी पूर्वक करते थे। उनके इन अच्छे कार्यो को की सराहना की जाती है। तहसीलदार लालगंज अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि आज विदाई समारोह राजस्व निरीक्षक हो रहा है यह भावुकता का माहौल है। नौकरी मे यह सभी के लिए है। सेवानिवृत्त राजेश निरीक्षक के अच्छे कार्यो को भूलाया नहीं जा सकता है। अंत में वक्ताओं ने सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक लालता प्रसाद शर्मा के स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना भी किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे, राजस्व निरीक्षक विपिन सिंह,बिजेंद्र सिंह, रामजीत राम, बांकेलाल, लेखपाल संघ के अध्यक्ष अरविंद यादव,मंत्री राहुल तोमर, लालजी, एडवोकेट प्रसिद्ध नारायण सिंह, लल्ले मिश्रा,राजनाथ यादव, नीरज पांडे आदि लोग उपस्थित थे। विदाई समारोह का संचालन पूर्व लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष हरिद्वार सिंह ने किया।

## पीएम और सीएम को उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ ने भेजा ज्ञापन

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपा और शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाते हुए पढेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया, सर्वशिक्षा अभियान जैसे योजनाओं को साकार करने की मांग किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव गोविन्द दुबे ने कहा कि देश के नागरिकों को साक्षर बनाकर ही हम श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर सकते है। संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों में शिक्षा प्रमुखता से शामिल है, इसके बावजूद शिक्षा को 18 प्रतिशत के जीएसटी श्रेणी में शामिल किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है जबकि इसी देश में हीरा, सोना चांदी आदि के खरीद पर मात्र 3 प्रतिशत का जीएसटी कर निर्धारण है।

# समरसता के बीच प्रयास खिचड़ी भोज आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद में प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से वृहद समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन बुधवार को बेलइसा सब्जी मंडी परिसर में किया गया।

यह भोज कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर तक जारी रहा। मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे मंडी सचिव सभानंद तिवारी ने प्रयास के कार्यो की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन को सामाजिक हित में आवश्यक बताया और अपने हाथों से लोगों के थाली में खिचड़ी भी परोसा। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने एक साथ खिचड़ी भोज का आनंद उठाते हुए भाईचारगी का पैगाम दिया। प्रयास समाजिक संगठन के प्रमुख रणजीत सिंह ने कहाकि कोई भी व्यक्ति जिसका पेट भूखा हो तो वह नहीं जानता है कि धर्म क्या है, जाति क्या है।

प्रयास संगठन सदैव समाज के शोषित पीड़ित, वंचित वर्ग के लिए काम करता है और आज समाज में समरसता कायम करने के लिए जाति-पाति का भेदभाव, धर्म संप्रदाय का भेदभाव मिटाने के लिए समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत धर्म जाति संप्रदाय की दीवारों को तोड़ते हुए करीब 1500 लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने कहाकि इस खिचड़ी भोज के माध्यम से समाज में जातिवाद, धर्मवाद, छुआछुत, ऊंचनीच की कुरीतियों को दूर कर समाज में समरसता लाने हेतु यह प्रयास किया गया है। राणा बलवीर सिंह ने कहाकि सामाजिक समरसता भोज का आयोजन प्रयास कई वर्षो करती चली आ रही है। ऐसे आयोजन में समाज के सभी वर्गो को आगे आकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर राणा बलवीर सिंह, सुषमा प्रजापति, फ्ल मंडी से भरत सोनकर, संतोष सोनकर, राजेश सोनकर, हरिश्चंद्र, ओम नरायण श्रीवास्तव सहित तमाम कृषक, आढती, ठेला चालक, पल्लेदार, मजदूर आदि लोगों ने रहें।

## अवैध असलहा का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** जनपद के थाना निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता मय हमराह द्वारा सहदेवगंज तिराहे पर मौजूद थे कि इतने में स्वाट टीम के उ0नि0 श्रीप्रकाश शुक्ला मय हमराह मिले जो अपराध व अपराधियों के सम्बन्ध में बातचीत कर रहे थे कि मुखबिर खास ने सूचना दिया कि कुछ लोग ग्राम इब्राहिमपुर में घाघरा नदी की अर्धनिर्मित पुलिया के नीचे अवैध असलहा बनाने व बेचने का कार्य कर रहें है अगर जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर थाना क्षेत्र में भ्रमणशील द्वितीय मोबाईल के उ0नि0 शैलेश यादव मय हमराह को बुलाया गया और प्रभारी निरीक्षक महराजगंज व स्वाट टीम के साथ मुखबिर के बताये गये स्थान अर्धनिर्मित पुलिया से असलहा बन रहे 07-08 व्यक्तियों को देखा गया।

# प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार बनेगी मोदी सरकारः शिवराज सिंह चौहान

**महानगर अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का किया स्वागत**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रयागराज एयरपोर्ट आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उन्हें अंग वस्त्रम पहनकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लखनऊ से यहां पर आए और करीब डेढ़ घंटा कार्यकर्ताओं के साथ रहे। तत्पश्चात भोपाल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार के जनप्रतिनिधि एवं संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता समन्वय बनाकर संगठन के कार्यो को धरातल पर उतारे और मोदी सरकार की योजनाओं को घर-घर ले जाएं। उन्होंने कहा आने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर पाएगा और तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी की सरकार बनेगी। स्वागत करने वालों में विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिला अध्यक्ष गंगा पार कविता सिंह पटेल, पुष्पराज सिंह, राकेश, आनंद ,प्रशांत शुक्ला, राजेश केसरवानी, नवीन शुक्ला, संजीव जायसवाल, रोहित जायसवाल, आदि रहे।

# बिरला कारपोरेशन लिमिटेड सामाजिक परिवतर्न लाने के लिए लायंस क्लब के साथ सहयोग करेगा

**मुंबई।** समाज के प्रति दायित्व निभाने या उसे अपने योगदान से वापिस देने की अवधारणा काफी बदल गई है। कॉर्पोरेट संगठन फोकस्ड प्रोग्राम्स-केंद्रित कायर्क्रम कर रहे हैं जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। ये कहना है बिरला कारपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कायर्कारी अधिकारी श्री संदीप घोष का। श्री घोष कॉर्पोरेट एंड लायंसः क्रिएटिंग ए सोशल इम्पैक्ट, नाम से आयोजित सेशन के पहले प्रवक्ता थे। इस दौरान अपने संबोधन में श्री घोष ने यह स्पष्ट कर दिया कि कॉर्पोरेट स्पष्ट उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हितधारकों को संगठित करने के लिए सक्षम भागीदारों के साथ काम करना पसंद करते हैं। बिरला कारपोरेशन लिमिटेड (एमपी बिरला ग्रुप) को लायंस इंटरनेशनल द्वारा जियो वर्ल्ड सेंटर, बीकेसी, मुंबई में द गिव कॉन्क्लेव (27-28 जनवरी 2024) में अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) गतिविधियों में भाग लेने और उनको प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया था।घोष ने लायंस क्लब से द गिव कॉन्क्लेव के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपनी गतिविधियों को कॉर्पोरेट्स के सीएसआर लक्ष्यों के साथ जोड़ने का आह्वान किया ताकि तय लक्ष्यों के अनुसार सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए सहयोग को बढ़ाया जा सके। घोष ने खास तौर पर कहा कि एमपी बिरला समूह प्रियंवदा बिरला अरविंद नेत्र अस्पताल, कोलकाता और दुगार्पुर के माध्यम से नेत्र देखभाल के क्षेत्र में अरविंद ग्रुप



ऑफ आई हॉस्पिटल्स, मदुरै के साथ सहभागिता में व्यापक काम कर रहा है। उन्होंने सुविधाओं से वंचितों के लिए नेत्र देखभाल और मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्षेत्र में लायंस क्लब के साथ सहयोग करने की भी इच्छा व्यक्त की।

द गिव कॉन्क्लेव स्थल पर बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्टॉल पर तस्वीरों और टेक्स्ट के माध्यम से कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। फोकस इस पर थाः

रोजगार क्षमता बढ़ानाः कृषि और गैर-कृषि-आधारित गतिविधियों और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से कमजोर वर्गों, विशेष रूप से महिलाओं का सामाजिक उत्थान।


शिक्षा सहायताः यह सुनिश्चित करना कि सुविधाओं से वंचित बच्चे स्कूल में रहें और उनके पास बेहतर कौशल और क्षमताएं हों।

स्वास्थ्य और स्वच्छताः ग्रामीण समुदायों और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के बीच अंतर को पाटना और स्वस्थ व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर और पानी की उपलब्धताः पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और भूजल स्तर को रिचाज करने के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कायर्क्रम।

# आईईईएमए के प्रमुख कार्यक्रम बीआईडी 2024 में 3 अभिनव स्टार्टअप को सम्मानित किया गया

**लखनऊ।** आईईईएमए के प्रमुख कार्यक्रम बीआईडी 2024 के दूसरे दिन, इलेक्ट्रावर्स में उनके नवाचार के लिए 3 स्टार्ट-अप को सम्मानित किया गया आईईईएमए के प्रमुख कार्यक्रम BID 2024 का एक हिस्सा। इलेक्ट्रावर्स ने 20 स्टार्ट-अप से ग्राउंड-ब्रेकिंग विचारों को चित्रित किया, तीन विजेताओं की घोषणा की गई। सौर सामग्री खंड में ट्रिनानो टेक्नोलॉजीज विजेता के रूप में उभरी, जिसने 10 लाख रुपये का पुरस्कार हासिल किया, जबकि कैपेटरी (बैटरी टेक्नोलॉजी) और बॉड (ग्रेविटी स्टोरेज) ने 5 लाख रुपये जीतकर उपविजेता स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रविष्टियां देखी गईं, जिनमें से 20 को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया, 7 को एक प्रतिष्ठित जूरी को अपने नवाचारों का प्रदर्शन करने के लिए चुना गया और शीर्ष 3 को सम्मानित किया गया। बीआईडी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्युत विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर




2024 में भाग लेने वाले 20 स्टार्ट-अप को उद्योग से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है और Distribuelec 2024 के पहले दिन के दौरान बीआईडी 2024 में 200 से अधिक कंपनियों से व्यावसायिक प्रश्न प्राप्त हुए हैं। आईईईएमए के पूर्व अध्यक्ष रोहित पाठक ने कहा, बीआईडी 2024 में भाग लेना केवल तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने के बारे में नहीं है; यह मेक इन इंडिया पहल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आईईईएमए भारत के निर्माण की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा को रेखांकित करता है। हमने पिछले साल इलेक्ट्रावर्स की शुरुआत युवा दिमागों को अभिनव समाधानों की ओर पुनर्निर्देशित करने और उन्हें उद्योग की समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करने की महत्वाकांक्षा के साथ की थी। हमारा दृष्टिकोण भारत में इन समाधानों को बढ़ावा देना और उन्हें दुनिया को देना, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**नई दिल्ली।** हीट वेंटिलेशन एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग ('एचवीएसी एंड आर') के लिए फिन और ट्यूब टाइप हीट एक्सचेंजर्स के निर्माता केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 16 जनवरी, 2024 को बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है।इस ऑफर में ?10/- प्रत्येक अंकित मूल्य के 1,93,05,000 इक्विटी शेयरों तक का फ्रेश इश्यू शामिल है। कंपनी ने निवेश के लिए आईपीओ से हासिल शुद्ध आय का उपयोग नीमराणा, अलवर, राजस्थान में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, केआरएन एचवीएसी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में एक नई विनिर्माण सुविधा ('प्रस्तावित परियोजना') स्थापित करने के लिए और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करने का प्रस्ताव रखा है।

# रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज़ में रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी के साथ श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ पेरिस्कोप टेलीफोटो पेश किया

गोरखपुर सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी प्रीमियम नंबर सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफ़ोन, रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी पेश किया। रियलमी



12 प्रो सीरीज 5जी में दो असाधारण स्मार्टफोन, रियलमी 12 प्रो+ 5जी और रियलमी 12 प्रो 5जी लॉन्च किए गए हैं। ये दोनों स्मार्टफ़ोन नेक्स्ट-जेन इमेजिंग स्मार्टफोन हैं, जो रियलमी की पुनर्निर्मित मेक इट रियल' ब्रांड भावना की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं और युवाओं के अनुरूप ब्रांड की एक नई पहचान प्रस्तुत करते हैं।इस लॉन्च के बारे में मोबाइल, कंप्यूट और एक्सआर बिज़नेस डेवलपमेंट क्वालकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौरभ अरोड़ा ने कहा स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 पर चलने वाला रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी विभिन्न यूज़र अनुभवों के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए अपने पार्टनर्स के के साथ काम करने की हमारी प्रतिबद्धता पर बल देता है। चाहे फोटोग्राफी हो गेमिंग संगीत या केवल उत्पादकता बढ़ाना हो ये डिवाइस हर मामले में सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर्स और परफ़ॉर्मेंस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। हमारा स्नैपड्रैगन प्लेटफ़ॉर्म अपने इंटीग्रेटेड एआई इंजन के साथ ज़्यादा इंट्यूटिव अनुभव और परफ़ॉर्मेंस प्रदान करता है, साथ ही बेहतर 5जी एवं वाई-फाई स्पीड भी मिलते हैं। रियलमी 12 प्रो+ 5जी तीन रंगों सबमैरीन ब्लू, नैविगेटर बेज और एक्सप्लोरर रेड में तीन स्टोरेज वैरिएंट्स 8 जीबी +128 जीबी 29,999 रुपये में, 8 जीबी +256 जीबी 31,999 रुपये में और 12 जीबी +256 जीबी 33,999 रुपये में उपलब्ध होगा।रियलमी 12 प्रो 5जी में 120 हट्र्ज का फ्लैगशिप-लेवल कर्व्ड विज़न डिस्प्ले है। इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 चिपसेट, 32मेगापिक्सल सोनी आईएमएक्स 709 टेलीफोटो कैमरा, 50मेगापिक्सल सोनी आईएमएक्स 882 मुख्य कैमरा और 8 मेगापिक्सल अल्ट्रा वाइड कैमरा के साथ 67वॉट सुपरवूक चार्जिंग तथा 5000 एम ए एच की शक्तिशाली बैटरी जैसी खूबियाँ हैं, यह डॉल्बी एटमॉस को सपोर्ट करता है।

## लुलु मॉल में खुला इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन




**लखनऊ।** लखनऊ का सुप्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन लुलु मॉल ग्राहकों कि हर जरूरतों का ख्याल रखता है इसी क्रम में मॉल में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत हुई है, यह सुविधा एक साथ चार चार्जिंग प्वाइंट के साथ ग्राहकों को फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करेगी। जोकि शहीद पथ पर फ़ोर व्हीलर से यात्रा करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा और उनकी यात्रा को सुगम बनाने का काम करेगा। यह चार्जिंग स्टेशन लुलु मॉल के बेसमेंट पार्किंग में स्थित है।

इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन डीएफओ (आईएफएस) मि. रवि कुमार सिंह ने किया। लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने इस खास मौके पर कहा कि मॉल के बेसमेंट में स्थित चार इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध हैं जिनमें 4 वाहनों को एक साथ चार्ज किया जा सकता है। जिसमे सुपरफास्ट चार्जिंग के लिए 60 किलोवाट डीसी सीसीएस-2, तेज़ चार्जिंग के लिए 30 किलोवाट डीसी सीसीएस-2, फास्ट चार्जिंग के लिए 25 किलोवाट डीसी सीसीएस-2 और सामान्य चार्जिंग के लिए 7.4kW एसी टाइप-2 मौजूद हैं। हमे उम्मीद है ग्राहक इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा

हम फरवरी 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो रविवार, 4 फरवरी, 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के प्रशिक्षकों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें एग पोकेमॉन, चैंसी को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप शनिवार 4 फरवरी 2024 को स्थानीय समय (भारत में IST) अनुसार दोपहर 5 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के अठारह शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, मुंबई का कार्टर रोड स्थित जॉगर्स पार्क, पुणे का सारस बाग, गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, जयपुर का जवाहर सर्कल, बेंगलुरु का कब्बन पार्क में स्थित एडवर्ड VII की प्रतिमा, कानपुर का कारगिल पार्क, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का लालबाग गार्डन, कोलकाता का रवीन्द्र सरोवर झील में लायंस सफारी पार्क, वाराणसी का शहीद




उद्यान नगर निगम, पटना का विज्ञान केंद्र, चेन्नई का अन्ना नगर में स्थित टॉवर पार्क, हैदराबाद का इंदिरा पार्क, लखनऊ का लोहिया पार्क, अहमदाबाद का गांधी आश्रम, तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय और विशाखापत्तनम का ऑल एबिलिटीज़ चिल्ड्रन पार्क शामिल हैं।

फीचर्ड पोकेमॉन

चैंसी जंगल में ज़्यादा दिखेंगे।

फीचर्ड अटैक

ब्लिसी

इवेंट के दौरान या पांच घंटे बाद तक चैंसी को विकसित कर ऐसी ब्लिसी पाएं जिसे चार्ज्ड अटैक वाइल्ड चार्ज आता है।

वाइल्ड चार्ज

ट्रेनर बैटल्स- 100 पॉवर और यूजर के डिफ़ेंस को कम करने की गारंटी

जिम और छापे- 90 पॉवर

कम्युनिटी डे - स्पेशल रिसर्च स्टोरी

अमरीकी1.00 (या आपकी स्थानीय मुद्रा में समतुल्य) में, आप चैनसी कम्युनिटी डे -एक्सक्लूसिव स्पेशल रिसर्च स्टोरी एक्सेस कर पाएंगे।

स्पेशल रिसर्च के टिकट की जानकारी के लिए जुड़े रहें।

**मत भूलिए** अब आप अपने किसी भी ऐसे दोस्त को टिकट खरीदने और गिफ़्ट में देने में सक्षम हैं, जिनके साथ आपने बहुत अच्छे दोस्त या उच्चतर दोस्ती का लेवल हासिल किया है।

# कामधेनु पेंट्स अपने चैनल पार्टनर्स को थाईलैंड की ड्रीम ट्रिप पर ले गया

**सांस्कृतिक**

> इस शानदार आयोजन ने उत्साह, विलासिता और सांस्कृतिक तल्लीनता की नई ऊंचाई का वादा किया



**गुरुग्राम।** कामधेनु समूह का एक ब्रांड और उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और इमल्शन के अग्रणी निर्माता, कामधेनु पेंट्स ने अपने महत्वपूर्ण चैनल पार्टनरों के लिए थाईलैंड के समुद्र तटीय शहर 'हुआ हिन' के लिए एक अविस्मरणीय प्रोत्साहन पारिवारिक यात्रा का आयोजन किया। इस शानदार आयोजन ने उत्साह, विलासिता और सांस्कृतिक तल्लीनता की नई ऊंचाई का वादा किया, जिससे यह जीवन भर की यादगार यात्रा बन गई। यह कार्यक्रम उच्च प्रदर्शन करने वाले चैनल भागीदारों को सम्मानित करने और उनके परिवारों के साथ जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था। पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन, बॉलीवुड में संगीत की दुनिया की सनसनी सोना महापात्रा और मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन आकाश गुप्ता ने बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर मंच पर अपना जलवा बिखेरा। सुश्री सेन ने योग्य विजेताओं, चैनल पार्टनर/कर्मचारियों को सोने की चेन और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया, जबकि महापात्रा ने अपने शानदार लाइव प्रदर्शन से मंच पर जोश भर दिया। कार्यक्रम में बोलते हुए, कामधेनु कलर एंड कोटिंग्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सौरभ अग्रवाल ने कहा, कामधेनु पेंट्स में, हम अपने चैनल पार्टरन /कर्मचारियों को उनके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करने में विश्वास करते हैं।

# सिट्रोएन ने ऑल न्यू सी3 एयरक्रॉस ऑटोमैटिक लॉन्च की

**चेन्नई।** प्रसिद्ध फ़्रेंच ऑटोमेकर, सिट्रोएन ने सी3 एयरक्रॉस ऑटोमैटिक (एटी) ?12,84,800 (एक्स-शोरूम) के आकर्षक शुरुआती मूल्य में पेश की है, जिससे यह भारत में सबसे किफायती ऑटोमैटिक मिड-साइज़ की एसयूवी बन गई है। सी3 एयरक्रॉस एसयूवी ऑटोमैटिक का विकास और निर्माण भारत में स्थानीय ग्राहकों और क्षेत्रीय टीमों के सहयोग से किया गया है। मैन्युअल गियर सेलेक्टर मोड और हाई परफ़ॉर्मेंस टॉर्क कनवर्टर 6-स्पीड एटी के साथ सी3 एयरक्रॉस एसयूवी एटी भारत में 4 मीटर से ज़्यादा लंबी सबसे सुलभ और किफायती ऑटोमैटिक एसयूवी है। इसका ऑटोमैटिक वैरिएंट बेहतर



परफ़ॉर्मेंस के साथ 205 न्यूटन मीटर का शक्तिशाली टॉर्क प्रदान करता है, जो मैन्युअल वैरिएंट के मुकाबले 15 न्यूटन मीटर ज़्यादा है। सी3 एयरक्रॉस एटी एसयूवी 17.6 किलोमीटर प्रति लीटर का एआरएआई प्रमाणित माईलेज देती है। इसके ऑटोमैटिक वर्ज़न में रिमोट इंजन स्टार्ट और रिमोट एसी प्रिकंडीशनिंग जैसी सुविधाजनक विशेषताएं हैं। स्टेलेंटिस इंडिया के एमडी और सीईओ, आदित्य जयराज ने बताया, ÷सिट्रोएन अपने वाहनों में इनोवेशन, परफ़ॉर्मेंस, मूल्य, और अतुलनीय सुविधाओं की मदद से भारतीय ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सेम डे डिलीवरी की सुविधा देगा फ्लिपकार्ट

**लखनऊ।** मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में लाखों ग्राहकों के फायदे को देखते हुए फ्लिपकार्ट कई श्रेणियों में प्रोडक्ट्स की सेम डे डिलीवरी की सुविधा शुरू करने जा रहा है इसके तहत अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लुधियाना, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे, पटना, रायपुर, सिलिगुड़ी और विजयवाड़ा में जो ग्राहक दोपहर एक बजे से पहले ऑर्डर प्लेस करेंगे उन्हें उसी रात 12 बजे से पहले प्रोडक्ट डिलीवर कर दिया जाएगा। फरवरी से इस पहल की शुरुआत की जा रही है और आने वाले महीनों में धीरे-धीरे पूरे देश में ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन कस्टमर एक्सपीरियंस एवं रीकॉमर्स बिजनेस के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा हमने 2024 में कदम रख दिया है। इस नए साल में देशभर में लाखों ग्राहकों को ऑर्डर प्लेस करने वाले दिन ही लाखों प्रोडक्ट्स की डिलीवरी पाने की खुशी मिलेगी हम इस बात को समझते हैं कि मेट्रो ही नहीं बल्कि नॉन-मेट्रो शहरों के ग्राहक भी फ्लिपकार्ट पर शॉपिंग करना पसंद करते हैं इसीलिए हम 20 शहरों में सेम डे डिलीवरी की सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे ग्राहकों को संतुष्टि देने के मामले में अग्रणी रहने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती मिलेगी। आगामी महीनों में हम इसे और विस्तार देंगे, जिससे बड़े अप्लायंस समेत ज्यादा से ज्यादा कैटेगरी और ज्यादा से ज्यादा शहरों को इसमें जोड़ते हुए ग्राहकों की खुशी बढ़ाई जा सके। उन्होंने आगे कहा हमारा लक्ष्य अपने सप्लाई चेन नेटवर्क को बेहतर बनाते रहना है जिससे मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में बराबर इफिशिएंसी के साथ रोजाना हमारे सेलर्स एवं ग्राहकों के लाखों ऑर्डर को सुगमता से प्रोसेस किया जा सके। हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी में निवेश किया है, डाटा एनालिटक्स का लाभ उठाया है और डिमांड पैटर्न को लेकर समझ विकसित की है, जिससे हम ऑर्डर प्लेस करने वाले दिन ही डिलीवरी करने के लिए पूरी तरह तैयार हो पाए हैं।

## बोनलोन इंडस्ट्रीज लगाएगी एल्युमिनियम प्लांट

**मुंबई।** कॉपर वायर बनाने वाली कंपनी बोनलोन इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब एल्युमिनियम रॉड और इंगट्स निर्माण की परियोजना लगा रही है. बीएसई में लिस्टेड बोनलोन इंडस्ट्रीज अपना नया आधुनिक एल्युमिनियम प्लांट महाराष्ट्र के तलोजा एमआईडीसी में लगाएगी। जिसकी शुरूआत में वार्षिक उत्पादन क्षमता 75 हजार टन होगी. इस प्लांट एल्युमिनियम स्क्रैप से रॉड, वायर और इंगट्स बनाए जाएंगे, जिनकी विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नए एल्युमिनियम प्लांट के लिए तलोजा में जगह ले ली गयी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. इस नए प्लांट में वित्त वर्ष 2024-25 से ही उत्पादन शुरू करने की योजना है. नया प्लांट 4 से 5 प्रतिशत शुद्ध लाभ मार्जिन के साथ कंपनी के कारोबार में सालाना 200 से 250 करोड़ रुपए का योगदान देगा. अरूण कुमार जैन फैमिली द्वारा प्रमोट बोनलोन इंडस्ट्रीज 25 साल पुरानी कंपनी है, जो मुख्यतः कॉपर वायर और रॉड का निर्माण करती है। बोनलोन में प्रमोटर समूह की 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है. बोनलोन ग्रुप की यह कंपनी कॉपर वायर निर्माण के साथ फेरस और नॉन-फेरस मेटल के व्यापार, होटल बिजनेस और सिविल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में भी कार्यरत है। विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में कॉपर वायर और रॉड की बढ़ती मांग के कारण पिछले तीन वर्षों में इसका कारोबार 135 करोड़ से करीब 4 गुना बढ़कर 511 करोड़ रुपए हो गया है. हालांकि कॉपर कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आने और ट्रेडिंग आय अधिक होने से लाभ मार्जिन कम रहा है. लेकिन अब लाभप्रदता बढ़ाने के लिए कंपनी मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस बढ़ा रही है. जिससे आगामी वित्त वर्ष में 680 करोड़ रुपए का कारोबार और 10 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ होने की उम्मीद है।

## मर्सिडीज-बेंज की नई जीएलए और एएमजी जीएलई 53 4मैटिक+ कूप भारत में लॉन्च हुई




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे डिजायरेबल लक्ज़री कार निर्माता, मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने आज भारत में दो नई लक्ज़री एसयूवी, नई जीएलए एसयूवी और परफ़ॉर्मेंस-ओरिएंटेड एएमजी जीएलई 53 4मैटिक+ कूप पेश कीं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया 14,000 से अधिक जीएलए बेच चुकी है, जो इसकी सबसे सफल एसयूवीज़ में से एक है, और ब्रांड की महत्वाकांक्षी एवं सबसे विस्तृत एसयूवी रेंज की ओर एक डिजायरेबल शुरुआत है। वहीं, एएमजी जीएलई 53 4मैटिक+ कूप मर्सिडीज-एएमजी की एसयूवी पोर्टफोलियो रेंज में एक स्टाइलिश एडिशन है। यह नई परफॉर्मेंस एसयूवी कूप अत्यधिक प्रैक्टिकल और लक्ज़रियस, स्टाइलिश, एवं परफॉर्मेंस एसयूवी कूप पसंद करने वाले एएमजी ग्राहकों के लिए मर्सिडीज-बेंज के जीएलई पोर्टफोलियो में विविधता लाएगी।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने ऑल-इलेक्ट्रिक भविष्य की ओर अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत अपनी तरह की ख़ास कॉन्सेप्ट ईक्यूजी का अनावरण भी किया। कॉन्सेप्ट ईक्यूजी का अनावरण ईक्यूजी के लॉन्च से पहले किया गया है, जो प्रतिष्ठित जी को भारत में ऑल-इलेक्ट्रिक भविष्य को अपनाने के लिए तैयार करती है। इस कॉन्सेप्ट कार में जी-क्लास के आकर्षक लुक के साथ मर्सिडीज-बेंज के ईवी मॉडलों के डिज़ाइन की विशेषताएं हैं, जो कंट्रास्टिंग हाईलाइट्स के साथ पेश की गई हैं।

# रमीसर्किल ने किया बेफिकर गेमिंग का वादा

**नई दिल्ली।** यूजर सेफ्टी और रेस्पॉन्सिबल गेमिंग के माहौल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत भारत के सर्वाधिक यूजर-सेंट्रिक, साइंटिफिक एवं इनोवेटिव स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्स24×7 ने




अपने प्रोडक्ट प्लेटफॉर्म रमीसर्किल पर खेलो बेफिकर, जीतो रमीसर्किल पर कैंपेन लॉन्च किया है। ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर के लिहाज से 2023 उल्लेखनीय वर्ष रहा है। घरेलू गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की वैधता को लेकर ज्यादा स्पष्टता आई है। इससे विकास को लेकर उनकी संभावनाएं साकार हुई हैं और भारत की डिजिटल इकोनॉमी में वैल्यू क्रिएट हुई है। साथ ही इस टेक्नोलॉजी संचालित इंटरटेनमेंट फॉर्मेट में इनोवेशन को गति देने का रोडमैप भी तैयार हो रहा है। ऐसे समय में उपभोक्ताओं के लिए ऑथेंटिक स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लाभों को समझना, गलतफहमियों को दूर करना और जागरूकता लाना भी महत्वपूर्ण है, जिससे वे सही जानकारी के साथ निर्णय ले सकें।

खेलो बेफिकर, जीतो रमीसर्किल पर कैंपेन का लक्ष्य खिलाड़ियों को वैध गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लाभ के बारे में बताना और आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों से जुड़ी उनकी चिंताओं को दूर करना है। मनोरंजक अंदाज में बॉलीवुड सुपरस्टार रितिक रोशन इस कैंपेन में डाटा सेफ्टी, सिक्योर ट्रांजैक्शन और नो बोट्स सर्टिफिकेशन जैसे पहलुओं के बारे में यूजर्स को जागरूक करते नजर आएंगे।

कैंपेन को पूरे देश में लॉन्च किया जाएगा और यह हिंदी, कन्नड़ और तमिल भाषा में होगा।

इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित होगी और विभिन्न क्षेत्रों एवं भाषाओं के यूजर्स इससे जुड़ सकेंगे।

# मुंबई के जियो वर्ल्ड प्लाजा में सैमसंग बीकेसी लाइफस्टाइल एक्सपीरिएंस स्टोर की शुरुआत, एआई सक्षम डिवाइस अनुभव का प्रदर्शन

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, सैमसंग ने आज जियो वर्ल्ड प्लाजा मॉल में भारत में अपने पहले ऑनलाइन-टू-ऑफलाइन लाइफस्टाइल स्टोर का उद्घाटन किया। जियो वर्ल्ड प्लाज़ा मुंबई में रिटेल, लीशर और डाइनिंग के लिए हाल में लॉन्च किया गया अल्ट्रा लग्जरी मॉल है। कंपनी की यह पहल भारत के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जियो वर्ल्ड प्लाज़ा में 8,000 वर्ग फुट में फैला सैमसंग बीकेसी मुंबई के बीचोबीच बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के मुख्य कारोबारी केंद्र में स्थित है और इसमें बिलकुल नए सिरे से तैयार किए गए अनुभवों और वास्तविक जीवन परिदृश्यों के माध्यम से सैमसंग के शीर्ष प्रीमियम उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह नया स्टोर सैमसंग के एआई इकोसिस्टम की व्यापकता का लाभ उठाते हुए स्मार्टफोन से लेकर टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और अन्य उत्पादों तक सैमसंग के व्यापक प्रीमियम



पोर्टफोलियो को प्रदर्शित करता है। प्रीमियम उपभोक्ताओं और तकनीकी के प्रति उत्साही ग्राहकों की जरूरतों को देखते हुए सैमसंग बीकेसी सैमसंग के नवीनतम एआई अनुभव को प्रस्तुत करता है, जिसमें उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के लिए एआई फॉर ऑल से लेकर मोबाइल उपकरणों के लिए गैलेक्सी एआई तक, सभी एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। देश में पहले सैमसंग ओ2ओ स्टोर के रूप में, सैमसंग बीकेसी खुदरा खरीदारी के अनुभव को नई ऊंचाई पर ले जाते हुए और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए ग्राहकों के लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खोलेगा। इन स्टोर कर्मचारियों की मदद के साथ ही खुदरा क्षेत्र में इस नए इनोवेशन के माध्यम से, सैमसंग बीकेसी स्टोर ऑनलाइन डिजिटल कैटलॉग से 1,200 से अधिक विकल्पों के साथ उत्पादों को सेलेक्ट करने का अनुभव देते हुए ऑनलाइन सुविधा का विस्तार करता है। इसके अलावा, इन उत्पादों को न केवल मुंबई में बल्कि देश में कहीं भी डिलीवर किया जा सकता है।

इसके अलावा, मुंबई के ग्राहक Samsung.com/in से ऑनलाइन खरीदारी करते हुए स्टोर के समीप होने का लाभ उठाते हुए सैमसंग बीकेसी से दो घंटे के भीतर अपने प्रॉडक्ट को पिक कर सकते हैं। ग्राहकों के लिए इस स्टोर के खुलने के साथ ही सैमसंग बीकेसी नवीनतम गैलेक्सी एस24 सीरीज के साथ ग्राहकों के लिए खरीदारी अनुभव को नए सिरे से पारिभाषित करेगा। यह स्टोर न केवल गैलेक्सी एस24 स्पेशल एडीशंस कलर ऑप्शंस का विकल्प देगा, बल्कि अपने नवीनतम गैलेक्सी एआई स्मार्टफोन पर एआई सक्षम कस्टमाइजेशन की सुविधा निःशुल्क प्रदान करेगा। उपभोक्ता 23 जनवरी से सैमसंग बीकेसी पर हाल ही में लॉन्च किए गए गैलेक्सी एस24 श्रृंखला का अनुभव और प्री-बुकिंग कर सकेंगे।

अवधनामा



# कृमि मुक्ति कार्यक्रम के लिए सामुदायिक जागरूकता जरूरी: डॉ. सुरेश पटारिया

## आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में पहली फरवरी 2024 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम में लगने वाले कर्मियों को प्रशिक्षित भी कर दिया गया है। कार्यक्रम में कुल करीब 19.64 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है।

उक्त बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने बताया ने कही। उन्होंने बताया कि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामुदायिक जागरूकता जरूरी है। कार्यक्रम स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जाएगा। एक से 19 साल के बच्चों और किशोर-



सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया

किशोरियों को पेट से कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने तथा कुपोषण और एनीमिया से बचाने के लिए दवा जरूर खिलाएं। उन्होने बताया कि पहली फरवरी 2024 को 4543 स्कूलों और 4134

- **कृमि मुक्ति दिवस आज तैयारी पूरी**
- **करीब 19.64 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य**

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाने के लिए 5 फरवरी को मॉपअप राउंड चलेगा। यह दवा शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने सामने खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में परिजनों को दवा नहीं दी जाएगी।

कृमि के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा सबसे बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं लेकिन इससे घबराना नहीं चाहिए और आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। दवा खाली पेट नहीं खानी है।

### दवा खाने के फायदे

स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, एनीमिया नियंत्रण, समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी, सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार

**ऐसे भी होता है कृमि से बचाव:** साफ और छोटा नाखून, साफ पानी का सेवन, आस-पास साफ-सफाई, ढ़के हुए खाने का इस्तेमाल, जूते पहनना, खुले में शौच न करना, खाने के पहले और शौच जाने के बाद हाथ अवश्य धुलें, साफ पानी से फल और सब्जियां धोकर इस्तेमाल करें।

## अतिक्रमण के चलते नगर में नहीं मिल रही जाम से निजात

**अमेठी।** स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर एक लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सड़क की पटरियां गायब हो चुकी है उन पर बाजार लगी है।सड़के सकरी हो गई हैं लिहाजा आए दिन जाम में फंस कर राहगीर कराह रहे हैं। स्थानीय नगर पंचायत में एक लंबे समय से अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चला है जिसके कारण गांधी चौक सगरा तिराहा अंबेडकर तिराहा राजर्षि तिराहा पोस्ट ऑफिस के सामने और तहसील के सामने जाम की समस्या विकराल हो चुकी है।स्कूल आने जाने वाले बच्चे जाम में फंसकर प्रायः कराहते रहते हैं। वहीं राहगीर भी नगर अमेठी के जाम की चुनौती से परेशान है विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात जरूर रहता है लेकिन जाम से निपटने में वह नाकाम साबित होते हैं। नगर पंचायत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की पहल नहीं कर रही है जिसे लेकर जाम की समस्या से ग्रस्त लोग चिंतित नजर आ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

# मूर्तियों के प्राण-प्रतिष्ठा के लिए नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा के वार्ड नंबर छः महाराणा प्रताप नगर (सिरसिया) में स्थित सिंहासनी देवी स्थान पर आगामी चार फरवरी को मां दुर्गा माता, शिवशंकर भगवान, सिंहासिनी देवी, हनुमान जी, क्षत्रिय महराज की प्राणङ्गप्रतिष्ठा के साथ मूर्तियां स्थापित की जायेगी तथा अगले दिन पांच फरवरी को प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया है।

बुधवार को सिंहासनी माता व भोलेनाथ मंदिर स्थान से हाथी, घोड़ा, रथ, बैंड-बाजा व जयकारे के साथ

- **चार फरवरी को होनी है आधा दर्जन मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा**

सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुषो ने भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा कस्बा के सिरसिया, बहुआस, मां जगदीश्वरी माता मंदिर मथौली, राम-जानकी मंदिर श्रीराम बाजार, हरिओम चौक, हनुमत चौक, घिवहीं आदि जगहों पर स्थित देवी-देवताओं के मंदिरो पर पहुंच कर आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियों का मिलन कराया गया। उल्लेखनीय है कि किसी भी देवी देवताओं के मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा जब होती है उसके पहले क्षेत्र में स्थित मंदिरों के देवी देवताओं से मिलन कराया जाता है तब जाकर मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा होती है। शोभा यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह, भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना, भाजपा मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, व्यास मुनि सिंह सभासद प्रिंस जायसवाल, रविन्द्र सैनी, प्रिंस मद्धेशिया, दिनेश राव, हेमंत सिंह, रामाशंकर चौरसिया, विवेक चौबे, ज्ञानचंद कुंवर, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष कुमार सिंह, पारस कुशवाहा, रामधनी चौरसिया, आकाश जायसवाल, विजय सैनी, अशोक पासवान आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## साक्षात्कार के जरिए 70 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला बुधवार को फाजिलनगर ब्लॉक परिसर में आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि विधायक फाजिलनगर सुरेन्द्र कुशवाहा, प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र, सरिता मिश्र महिला मोर्चा के पदाधिकारी व खण्ड के द्वारा रोजगार मेला का शुभारम्भ किया गया है एवं अपने सम्बोधन में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला को रोजगार आपके द्वार व युवाओं के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया है।

रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिए तथा चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अपने आकांक्षाओं को एक नई पंख दिए। रोजगार मेला में कुल 05 नियोक्ता कम्पनी क्रमशः नवोदित फाउण्डेशन, फ्लिपकार्ट, रेड हिल, बीकेटी, डिसेट ने प्रतिभाग किया है।

उक्त रोजगार मेला में 208 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कंपनियों में साक्षात्कार दिए है। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 70 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया है, जिन्हे 10000 से 21000 रुपए तक सैलरी प्राप्त होगा।

# डॉक्टर से मरीज की बीमारी पूछने पर तीमारदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, दो लोग गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में खुलेआम गुंडागर्दी सामने आई है। यहां इलाज कराने पहुंचे मरीज के परिजनों से बदसलूकी और मारपीट करने का मामला सामने आया है। अस्पताल संचालन के कर्मचारियों द्वारा तीमारदार को बेरहमी से पीटने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। निजी अस्पताल के कर्मचारियों की गुंडई सामने आने के बाद स्थानीय लोग और राहगीरों ने इसका जमकर विरोध किया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। तहरीर के आधार पर तत्काल दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक कप्तानगंज थानाक्षेत्र के बभनौली स्थिति श्रीराम लखन मेमोरियल हॉस्पिटल के स्टॉफो



अस्पताल में तीमारदारों को पीटते कर्मी



मौके पर जुटी राहगीरों की भीड़

- **प्राइवेट अस्पताल में गुंडई, पुलिस कर रही मामले की जांच**
- **बभनौली स्थित श्रीराम लखन मेमोरियल हॉस्पिटल का मामला**

ने मरीजों से मिलने आए तीमारदारों से बदसलूकी और मारपीट किया। किसका वीडियो भी सामने आया है जिसमे अस्पताल से जुड़े लोगों ने एक तीमारदार को दौड़ाकर बेरहमी से लात घुसो से पीटते दिखाई दे रहे है। पीड़ित आकाश सिंह ने बताया कि वे रामकोला थानाक्षेत्र के सिधावट छावनी के रहने वाले है। उसके मां के चचेरे भाई की तबियत मंगलवार को खराब बताकर डॉक्टर ने अस्पताल में एडमिट कर लिया। सूचना मिलने पर मरीज रमेश सिंह से मैं अपने परिजनो के साथ मिलने पहुंचा। मरीज के साथ महिला व बच्चे व देहाती लोग थे तो मां के कहने पर डॉक्टर से मरीज की बीमारी पूछा। इतने पर डॉक्टर भड़क गए व सबके सामने मां बहन की गाली देते हुए भगाने लगे। मेरी मां व परिजन बीच बचाव करने को कोशिश किए तो डॉक्टर व पुरुष स्टॉफों ने बदतमीजी की। मैं विरोध किया तो डाक्टर ने लोकल के मनबढ़ को बुला मुझे बेहरमी से पीटा। राहगीरों ने इकठ्ठा होकर जब विरोध किए तब जाकर मेरी जान बची। लेकिन डॉक्टरों ने लोगो से बदसलूकी कि तो लोगों ने अस्पताल को नुकसान पहुंचाया। मैं पुलिस में तहरीर देकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग किया हूं। इस गंभीर आरोप के संबंध में जब अस्पताल के बोर्ड पर लिखे नम्बर पर काल कर उनका पक्ष जानने की कोशिश किया गया तो कोई जवाब नही मिला। कप्तानगंज थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि उक्त प्रकरण में अज्ञात एक दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। दो लोगों को पकड़कर चालान भी किया गया है। विडियो के आधार पर अन्य की पहचान की जा रही है।

## सूचना विभाग के कार्मिक मिठाई लाल की विदाई



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सूचना विभाग में कार्यरत मिठाई लाल अधिवर्षता आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें जिला सूचना कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। जिला सूचना अधिकारी शांतनु कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य कार्मिकों व मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा शाल ओढ़ाकर व माल्यार्पित कर, स्मृति चिन्ह भेट कर उन्हें सम्मानित किया गया। उनके सुखमय व यशस्वी जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर ओमकार पांडेय, प्रिंस मिश्र, सोनू कुमार, अनिल मिश्रा, अनिरुद्ध प्रसाद, रामपति यादव, वशिष्ट दूबे, रामाश्रय कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## अवैध मिट्टी खनन के ट्रैक्टर एसडीएम ने कराये बंद

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** माधौगढ़ में अबैध मिट्टी खनन पर उपजिलाधिकारी ने कार्यवाही करते हुए 2 ट्रैक्टर थाने में बंद करवा दिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध मिट्टी खनन में ट्रैक्टर लगातार संलग्न थे। जिनमे प्रशासन की कार्यवाही भी अमल में नही लाई जा रही थी। जबकि रास्ते में तेज रफ्तार गति से दौड़ रहे खनन के ट्रैक्टरों से किसी भी प्रकार अप्रिय घटना घटित हो सकती है। बुधवार को एसडीएम आवास से गुजर रहे ट्रैक्टरों को उपजिलाधिकारी शशि भूषण ने रोक लिया एवं कार्यवाही करते हुए थाने में बंद कर दिया।



# नाट मी बट यू का भाव समेटे हुए सप्त दिवसीय शिविर का आगाज

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के इण्टरमीडिएट कालेज कन्हौली, देवरिया के परिसर में दिनांक-31-01-2024को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में बुद्धवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्व रामरहस्य महाविद्यालय सिंहपुर गोरखपुर के प्राध्यापक डा अरविंद द्विवेदी व विशिष्ठ अतिथि प्राध्यापक डा0सच्चिदानन्द धर द्विवेदी द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कु0दीक्षा व दीपा ने सरस्वती वंदना तथा रंजना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय



सेवा योजना का आदर्श वाक्य नॉट मी बट यू, लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को पुष्ट करता है। एनएसएस व्यक्तित्व विकास की पाठशाला है। छात्रों के विकास और दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने में मदद करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के लिए चरित्र निर्माण का मंच है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता एस0सी0जायसवाल ने शिविर की थीम पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयं सेवकों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया और कहा कि योजना के माध्यम से स्वयंसेवी साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता आदि कार्यो मे निपुणता आ जाती है। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यो में रत रहने से उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है। प्रभारी प्रधानाचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यो की चर्चा की।

## सरकार जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करने के लिए तैयार: अभिषेक

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा जरूरतमंदो के लिए हर सम्भव मदद कर रही है। जगह-जगह अलाव के साथ साथ, रैन बसेरा और कम्बल वितरण का कार्य कर रही है और जिम्मेदारों को भी निर्देश दे रखे हैं की जहां भी गरीब और असहाय हों उन्हें ठंड से बचाने के लिए हर संभव मदद की जाय। किसी भी जरूरतमंद को ठंड से किसी भी तरह कठिनाई न होने पाए।

उक्त बातें प्रधान प्रतिनिधि गाडर अभिषेक यादव ने कही। इसी क्रम में दिलीप यादव ब्लॉक प्रमुख पिपरौली ने ग्राम पंचायत गाडर में जरूरतमंदों में कम्बल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर गायत्री, पार्वती, जवाहर, रामजीत, लालचन्द, प्रेमनाथ, जोखू, सोनू, रामानंद, धीरज, सरवन सिंह, महेन्द्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## गोष्ठी में बताए गए उन्नतिशील खेती के गुर




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कृषि विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बिन्धेश्वरी ग्रमोथान संस्थान द्वारा बुधवार को किसान गोष्ठी का आयोजन पंडित साहब प्रसाद इंटर कालेज जगदीशपुर में हुआ। कार्यक्रम को कृषि वैज्ञानिक पारस नाथ पांडेय व सूर्य मनी ओझा राम प्रसाद गुप्ता ने संबोधित किया। पारस नाथ पांडेय ने तकनीकी खेती करने का सुझाव देते हुए कहा भारत गाँव का देश है भारत का किसान देश के रीढ़ की हड्डी के समान है।सूर्य मनी ओझा ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष दो हजार मे पहली कृषि नीति की घोषणा की थी। मुख्य अथिति उमापति त्रिपाठी अध्यक्ष प्रधान संघ जगदीशपुर राजेश विक्रम सिंह प्रमुख पति जगदीशपुर ने भी किसानो को संबोधित किया। इस अवसर पर राम प्रकाश गुप्ता राजेश कुमार त्रिपाठी सुभाष चन्द्र पांडेय राम विश्वास पांडेय प्रबंधक रीता तिवारी राम मिलन संस्था के मुखिया बिन्धेश्वरी प्रसाद दुबे आदि उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्राथमिकता



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नवागत जिलाधिकारी सुश्री निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के पत्रकारों के साथ वार्ता कर उनका परिचय प्राप्त किया। तदोपरांत जानकारी देते हुए बताया कि वह 2015 बैच की आई.ए.एस. अधिकारी है इससे पूर्व वह सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय उपाध्यक्ष खुर्जा विकास प्राधिकरण बुलंदशहर मुख्य विकास अधिकारी बदायूं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मेरठ तथा असिस्टेंट कलेक्टर रायबरेली के पद पर कार्य कर चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता है इसके अतिरिक्त शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना व जन समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव आदि उपस्थित रहे।

## जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम हुआ आयोजित

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्माण कार्यो की लागत के सापेक्ष एक प्रतिशत उपकर धनराशि बोर्ड में जमा करने हेतु इंडियन बैंक के माध्यम से उपकर पोर्टल बनाया गया है। निर्माण कार्यो का रजिस्ट्रेशन एवं उपकर जमा करने की कार्यवाही उपकर पोर्टल https://cessupbocw.in के माध्यम से की जानी है। सचिव उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा इस संबंध में जन जागरूकता हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में जन जागरूकता हेतु जनपद में श्रम विभाग व इंडियन बैंक के माध्यम से कलेक्ट्रेट गौरीगंज एवं लोक निर्माण विभाग के कैंपस में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड निर्माण खंड पीएमजीएसवाई जल निगम नलकूप विभाग सिंचाई विभाग आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी व अन्य सामान्य जनमानस उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए इंडियन बैंक गौरीगंज अथवा श्रम विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# संदिग्ध अवस्था में पेड़ पर लटका मिला युवती का शव परिजनों ने हत्या कर लटकाने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** काकोरी के बहरू गांव में बुधवार सुबह तालाब किनारे नीम के पेड़ से युवती का दुपट्टे के सहारे शव लटका मिला। ग्रामीणों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या कर शव पेंड से लटकाने का आरोप लगाया है, मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। घटना स्थल पर पानी से भीगी व कीचड़ से सने हुई जैकेट व चप्पल बरामद हुए वही युवती का मोबाइल गायब है।

बहरू गाँव निवासी किसान होरी लाल गौतम की बेटी सरिता गौतम (20) का शव गांव के बाहर बड़ी नहर के पास स्थित तालाब पर लगे नीम के पेड़ से दुपट्टा से लटका हुआ मिला ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरिता के चेहरे व शरीर पर चोट निशान थे। जिस पर परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप



लगाया। घटना स्थल पर सरिता की भीगी हुई जैकेट व चप्पल मिले। परिजनों ने आरोप लगाया कि हत्यारो ने पानी मे डुबो कर हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया है। मृतिका सरिता की मां सुमित्रा ने बताया कि सरिता तीन वर्ष पूर्व कक्षा 10 पास किया था। जिसके बाद वह घर पर ही रहती थी। मंगलवार रात सरिता घर पर सो रही थी। देर रात करीब डेढ़ बजे सरिता की घर से निकलने की आशंका है ।जब हम लोग सुबह उठे तो देखा कि सरिता का बिस्तर लगा हुआ था ।कम्बल के नीचे बिस्तर मोड़ कर लगा हुआ था जिससे लगा सरिता सो रही है। जब पड़ोसी ग्रामीणों ने शव लटकने की बात बताई तो जानकारी हुई। हम लोगों की किसी से कोई रंजिश नही थी। पुलिस का कहना है कि परिवारीजनों ने प्रेम प्रसंग में हत्या होने की आशंका जताई है अन्य कोई घटना के बारे में नहीं बता रहे हैं। मृतिका के भाई सरवन गौतम ने पुलिस को बताया कि बहन सरिता गौतम अपने कमरे में अकेले सो रही थी देर रात छत से नीचे घर के बाहर निकल गई थी ,सुबह कमरे में देखा गया तो वह नहीं थी जिसके बाद आसपास उसकी खोजबीन की जा रही थी, तभी गांव के ही लोगो ने बताया कि सरिता का शव तालाब किनारे लगे पेंड से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ है। मृतक के भाई सरवन ने बताया कि तीन साल पहले बहन की शादी मलिहाबाद के एक युवक से तय हुई थी, लेकिन गांव के ही एक युवक ने बहन को अपने प्रेम जाल में फंसा कर शादी की बात कहते हुए रिश्ते को तुड़वा दिया था और उसके बाद युवक ने अपने ऊपर लिए कर्ज को अदा करने के की बात कहते हुए बहन से शादी करने से मना कर दिया था।

# टैबलेट प्राप्त कर छात्र और छात्राओं के चेहरे खिल उठे



अवधनामा संवाददाता

**लार।** लार के खुदैजा बीबी मख्दूम बख्श गर्ल्स डिग्री कालेज में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के हाथों टैबलेट प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन व टैबलेट से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। प्रदेश सरकार ने मेधावी छात्र-छात्राओं को चुनावो के दौरान ही स्मार्ट फोन अथवा टैबलेट देने की घोषणा की थी। इसी क्रम में प्रदेश भर में मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। सरकार छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग से जोड़ने की जो पहल की है। जो बेहद सराहनीय है। उक्त अवसर पर यशवंत सिंह लारी, रामेश्वर सिंह, ओमप्रकाश मोदनवाल, अजय दूबे वत्स, राजीव वर्मा, राजेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## डिवाइडर खोलने की मांग को लेकर सपाईयो का प्रदर्शन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना चौराहे के फोरलेन पर बने कट को बंद किए जाने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे खुलाने की मांग को लेकर दर्जनों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधान सभा अध्यक्ष कमांडो मनीष यादव मोनू के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से मांग किया गया है की राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सहजनवा मोड के पास डिवाइडर को बंद कर दिया गया है। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा पर पहुंचने वाले मरीजों,व्यापारियों, छात्र छात्राओं,राहगीरों को 6किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे आमजन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मांग है की जनहित को देखते हुए कट के पास यातायात पुलिस की तैनाती कर डिवाइडर को खोला जाय। इस दौरान रामनाथ यादव, गिरीश यादव, राजेंद्र यादव मोहम्मद अली, रमेश यादव, राम प्रताप यादव, योगेंद्र कुमार, अच्छेलाल, सुनीता यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आजाद समाज सेवा समिति ने मनाया अपना 28वां वार्षिकोत्सव

**अमर शहीद खुदीराम बोस को किया याद, महात्मा गांधी की मनाई पुण्यतिथि**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** नगर के तिकोनिया पार्क में अमर शहीद खुदीराम बोस की स्मृति व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 28वां वार्षिकत्सव सामाजिक संस्था आजाद समाज सेवा समिति ने मनाया।जिसमें ठंड से बचने के लिए एक हजार गरीबों निराश्रितों को कंबल व जीवकोपार्जन हेतु 50 महिलाओं को सिलाई मशीन, स्कूल व कॉलेजों की जरूरत मंद गरीब 50 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद खुदीराम बोस व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर छात्रा उर्वी सिंह द्वारा शाहिद खुदीराम बोस के जीवन पर प्रकाश डाला गया।मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित दिल्ली सरकार कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि जहां एक तरफ पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं देश के 80करोड़ आबादी गरीबी और भुखमरी से जूझ रही है। आजादी के 75साल बाद आज भी लोगों को कंबल, सिलाई मशीन,व साइकिल बांटने की आवश्यकता पड़ रही है। उन्होंने संस्था संस्थापक सांसद संजय सिंह के तिहाड़ जेल में होने पर कहा कि रात आई है तो अटल सत्य है, सवेरा जरुर होगा,हिम्मत हारने की जरूरत नहीं है संघर्ष करने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रख्यात समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमको समझने की जरूरत है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या क्यों की गई थी,क्योंकि वे देश को एक अच्छी नई दिशा देना चाहते थे,गांधी की हत्या एक विचारधारा ने की जो आज सोचने की जरूरत है। सांसद संजय सिंह जेल में हैं,जेल में लड़ने वाला ही जाता है संजय सिंह जल्दी हम सब के बीच में आएंगे और उनके आने से देश में एक नया बदलाव होगा।

## जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसके अन्तर्गत ओ.डी.ओ.पी. (सी.एफ.सी.) योजना के बारे में उपायुक्त उद्योग द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि जरी सिल्क साड़ी हेतु सामान्य सुविधा केन्द्र, (सी.एफ.सी.) ललितपुर में बनाये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति स्टेट लेवल कमेटी में किया जा चुका है। शीघ्र ही क्रियान्वयन होने की सम्भावना है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में ग्राम प्रधानों के स्तर से 158 ग्राम प्रधानों की यूजर आई डी पासवर्ड पोर्टल हेतु बनवाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई- रिक्शा चालकों को निर्धारित रुट का पालन करने के दिए निर्देश



**बहराइच।** जनपद में पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच वृन्दा शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में अवैध स्टैंड बनाकर वाहन का अवैध संचालन करने वाले वाहनों चालकों / स्वामियों के विरुद्ध सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओमप्रकाश सिंह मय टीम तथा प्रभारी यातायात मनोज कुमार सिंह मय टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए कुल 31 वाहनों को मोटरवाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज कर यातायात कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया । ई0रिक्शा चालकों को निर्धारित रुट का पालन करने तथा सवारी को मुख्य सड़क से नीचे पटरी पर बैठाने हेतु निर्देशित किया गया।अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुए यातायात पुलिस द्वारा कुल 213 वाहनों का चालान कर कुल 218500 /- का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

### राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित हुए केशव

**सुल्तानपुर।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षक केशव प्रसाद सिंह का चयन राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हुआ है। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक केशव प्रसाद सिंह की रुचि साहित्य के क्षेत्र में भी है उनकी कई किताबें कविताएं अलग-अलग पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। कोरोना काल में सामाजिक विज्ञान विषय की अध्ययन सामग्री का वाचन रेडियो पर उनके द्वारा हुआ था। इसके लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया था। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर साथी शिक्षकों ने केशव प्रसाद सिंह को बधाई दी है।

### गिरफ्तार किया गया जानलेवा हमले का आरोपी--



**सुल्तानपुर।** पीआरडी जवान रणजीत तिवारी को गोली मारकर जख्मी करने वाले पड़ोसी को जेल भेजा गया है।पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर के दिशा निर्देश में व अपर पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी को परिपेक्ष्य में थाना कुड़वार को निरीक्षक यदुवीर सिंह मय , उ0नि0 बलिराम यादव ,हे0क0 अजय वर्मा , का0 अजीत यादव ,का0 नीतीश चौधरी,का0 गोविन्द कुमार,कांस्टेबल दीपाली मौर्या द्वारा प्राणघातक हमले सम्बन्धित घटना क्रम में प्रकाश में आये दो पड़ोसी नन्दलाल( 52 ) पुत्र रामसेवक, बाल अपचारी पंकज प्रजापति पुत्र परिक्रमा को असरोगा टोल के पास सुरजीपुर मोड़ के निकट आज गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष गौरी शंकर पाल ने बताया कि अभियुक्त व बाल अपचारी के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### बंधुआकलां में प्रधान होटल का हुआ शुभारंभ



**बंधुआ कला, सुल्तानपुर।** बंधुआकलां में प्रधान होटल का उद्घाटन बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि बंधुआकलां थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह व उप निरीक्षक राम प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उप निरीक्षक राम प्रकाश ने कहा कि बंधुआकलां क्षेत्र में होटल होना काफी सराहनीय योगदान है। इस मौके पर पूर्व प्रधान मीसम हुसैन ने कहा कि बंधुआकलां क्षेत्र में होटल खुलने से आने जाने वाले यात्रियों व आस पास के लोगों को ताज़ा एवं अच्छा खाना प्राप्त होगा। होटल संचालक ने कहा कि मेरे होटल में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन तैयार किया जाता है। उन्होंने खाने के शौकीन एवं लजीज खाने वाले लोगों से एक बार प्रधान होटल आने एवं सेवा का लाभ देने का अपील किया है। हमारे यहां सस्ती दरों में खाने की चीजें उपलब्ध होगी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बंधुआकलां थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह, उप निरीक्षक राम प्रकाश, उप निरीक्षक शाहजंहा, अनसर रिज़्वी सिपाही राजेन्द्र वर्मा, सिपाही निर्मल, निज़ाम हैदर, शाने, जाने क़ासिम बीडीसी, फज़ल रिज़्वी फैज़ पत्रकार, भाजपा जिला मंत्री आबाद हुसैन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रख्यात सर्जन का घरेलू नौकर 40 लाख की नकदी लेकर फरार

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, मामले की जांच हुयी शुरू**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के मशहूर सर्जन डा.आर.के.अग्रवाल ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुये के घरेलू नौकर पर उसके कमरे की अलमारी में रखी करीब 40 लाख रुपये की नकदी लेकर गायब हो जाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस ने सर्जन की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रख्यात चिकित्सक डा.आर.के.अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पेशे से सर्जन (चिकित्सक) है। बताया कि वह अपने अभिलाषा पेट्रोल पम्प के पास शिव डायग्नोस्टिक सेन्टर का संचालन करता है। बताया कि इसी क्लीनिक में ही उनका आवास है। उन्होंने बताया कि उनके घर में विगत 23 वर्षों से राजकीय डिग्री कॉलेज काशीराम कालोनी के पास रहने वाला बसन्ते कुशवाहा का पुत्र प्रकाश घर का कामकाज करता था। बताया कि प्रकाश को उनके घर की पूरी जानकारी रहती थी। यह भी बताया कि वह प्रकाश पर इतना विश्वास करते थे कि वह अक्सर उसके हाथ में पूरा घर सौंपकर चले जाते थे। तहरीर में सर्जन ने आगे बताया कि 18 जनवरी 2024 को सुबह करीब 9 बजे जब वह घर में ही था कि तभी प्रकाश ने उन्हें चाय पिलायी। चाय पीने के बाद वह ऑपरेशन करने के लिए चले गये थे। ऑपरेशन करने के बाद अपराह्न जब वह घर पहुंचे तो पता चला कि प्रकाश घर में नहीं है। सर्जन डा.आर.के.अग्रवाल ने बताया कि जब प्रकाश का पता नहीं चला तो दूसरे दिन 19 जनवरी 2024 को उन्होंने प्रकाश के पिता बसन्ते कुशवाहा को बुलाया और प्रकाश के गायब होने की सूचना थाने में दिलवायी, उसका अभी तक पता नहीं चला। डा. आर.के.अग्रवाल ने बताया कि जब वह अपने शयन कक्ष (बैडरूम) से सटे छोटे कमरे में पहुंचे तो वहां उन्होंने छोटे कमरे में रखी अलमारी को खोला। अलमारी खोलते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। सर्जन डा.आर.के. अग्रवाल ने बताया कि अलमारी में रखे करीब 40 लाख रुपये गायब थे। बताया कि इन रुपयों में 20 लाख रुपये उनके स्वयं के थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई बैठक

**वितरित की गई एल्बेंडाजोल टेबलेट**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** नगर के करौंदिया स्थित संगम लाल कंपोजिट विद्यालय में नगर शिक्षा अधिकारी की तरफ से एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें नगर क्षेत्र के परिषदीय एवं निजी स्कूलों के दर्जनों लोग शामिल हुए। उक्त बैठक में कल 1 फरवरी 2024 राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट (कीड़े की दवा) को खिलाना एवं उसके बारे में नोडल टीचर्स को ट्रेनिंग प्रदान की गई। इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डीसीपीएम अनिल कुमार ने बताया कि यह दवा सरकार द्वारा 6-6 माह पर साल में दो बार खिलाई जाती है। 1-2 साल तक के बच्चों को आधी गोली चूरा बनाकर खिलाना है और बची हुई आधी गोली को फेंक देना है तथा 2-19 तक के बच्चों को पूरी एक गोली चबाकर खिलाई जाती है उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी बच्चे की कोई पहले से दवा चल रही है तो उस बच्चे को यह दावा नहीं खिलाई जाएगी,अगर बच्चा अस्वस्थ है या कहीं से उसका इलाज चल रहा है तो उसे भी यह दवा नहीं दी सकती। बैठक के बाद सभी को विद्यालयों में बच्चों की संख्या के हिसाब से दवाएं भी वितरित की गईं। इस मौके पर नगर शिक्षा अधिकारी अरविंद बहादुर सिंह, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, एविडेंस एक्शन के प्रतिनिधि सुशील तिवारी, नगर शिक्षा कार्यालय के जयप्रकाश, खालिद व दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## लगभग डेढ़ महीने से गायब किशोरियों को नहीं ढूंढ पाई कुड़वार पुलिस

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** लगभग डेढ़ माह पूर्व घर से गायब हुई दो सगी बहनों को थाना कुड़वार पुलिस आज तक ढूंढ नही पाई है। पीड़िता मां की तहरीर पर थाना कुड़वार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की इति श्री कर दिया है।पीड़िता मां रेनू यादव पत्नी श्रवण यादव थाने से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रही है,अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही हैं।

थाना कुड़वार पर दी गई तहरीर व दर्ज मुकदमे के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव परसीपुर,सरैया निवासी श्रवण कुमार यादव की बड़ी पुत्री( 18 वर्ष) व छोटी पुत्री ( 16 वर्ष) कस्बे के एक इंटर कालेज में कक्षा 12 तथा कक्षा 11 की छात्राएं हैं। उसकी बड़ी पुत्री मो0-8400234950 पर संदीप यादव से बातें करती रहती थी।जानकारी होने पर उसकी मां रेनू यादव ने दिनांक 16 दिसम्बर को उसे डांटकर मोबाइल छीन लिया।जिससे नाराज होकर उसकी दोनो पुत्रियां जब मां किसी कार्यवाश घर से बाहर गई थी,17 दिसंबर 2023 को दिन में 1 बजे घर से चली गई।

# बु.वि. सेना ने राजकीय मेडीकल कॉलेज का घेराव किया

अवधनामा संवाददाता



- डीन के कक्ष में ताला लटका मिला
- राजकीय मेडीकल कालेज में मर्ज बीमार जिला चिकित्सालय बना रिफर सेन्टर
- जिला चिकित्सालय में भारी अव्यस्थाओं का बोलबाला

**ललितपुर।** बु.वि.सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रमुख हरीश कपूर के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय जो कि राजकीय मेडीकल कॉलेज में मर्ज हो चुका है, में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर राजकीय मेडीकल कालेज का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जमकर नारेबाजी की गई। राजकीय मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य के कक्ष में ताला लटका मिला। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेन्द्र प्रसाद का घेराव किया गया परंतु डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि इस सम्बन्ध में मेरे पास कोई भी पावर नहीं है। सेना प्रमुख ने कहा कि प्रधानाचार्य के कक्ष में अक्सर ताला लगा रहता है जनता की समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। आगे कहा कि राजकीय मेडीकल में तब्दील जिला चिकित्सालय में जगह जगह गन्दगी का आलम हैं। मेडीकल वेस्ट तथा कचरे का जगह जगह ढेर लगा हुआ है। जिस कारण लोगों का इलाज करने वाला मेडीकल कॉलेज आज खुद बीमार नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर मरीजों के साथ अमानवीय बर्ताव किया जाता है। सामान्य इलाज में भी रिफर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई मरीज देर रात में इलाज के लिए जाता है तो उसे बाहर रिफर करके उसे ऐसे ही छोड़कर पल्ला झाड़ लिया जाता है। इमरजेन्सी वार्ड में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अपनी सीट पर नहीं मिलते तथा स्टाफ के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है तथा बाद मरीजों बाहर रिफर कर दिया जाता है। अब आधी रात में असहाय मरीज दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होकर जमकर लुटता पिटता है। कहा कि जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सक और स्टॉफ की मानवीय संवेदनाएं मर चुकी हैं।

प्रसूति के नाम पर सुविधा शुल्क मांगा जाता है। इलाज करने से पहले मरीजों से दुर्व्यवहार किया जाता है तथा जांच के नाम पर टालामटोली की जाती है। उन्होंने कहा यह भी कहा कि जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडीकल स्टाफ की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि नाक, कान, गला विशेषज्ञ एवं नेत्र सर्जन कई महिनों से नहीं है। ट्रॉमा सेन्टर और आईसीयू में भी स्टॉफ की भारी कमी है।

# जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने महात्मा गांधीजी के निर्वाण दिवस पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान पखवाड़ा का शुभारम्भ जीआईसी में आयोजित रैली को हरी झंड़ी दिखाकर किया गया। सीएमओ कार्यालय में महात्मा गांधीजी की फोटो का अनावरण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। सीएमओ ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग कुष्ठ रोगियों को लेकर पूरी तरह से संजीदा है। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत रोगियों की तलाष की जायेगी एवं कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। कुष्ठ रोगी के मिलने पर उसका समय से उपचार प्रारम्भ करके दिव्यांगता से बचा जा सकता है। वर्ष 2023-24 में 104 कुष्ठ मरीजों ने नियमित दवा का सेवन कर बीमारी को मात दी है। वर्तमान में जनपद में 94 मरीज कुष्ठ की दवा का सेवन कर रहे है। उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि कुष्ठ रोग एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है, जो कि माइकोबैक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है, यह रोग मुख्यता तंत्रिकाओं, त्वचा एवं हाथों को प्रभावित करता है। रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणु मुख्य रूप से श्वसन तंत्र जैसे की छीकने-खांसने से षरीर में प्रवेश करते है। कुष्ठ के लक्षणों में त्वचा के गहरे या हल्के रंग के दाग-धब्बे जिनमें सुन्नपन है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया जिला व सत्र न्यायालय का निरीक्षण

**मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से ली स्थिति की जानकारी**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की ओर से बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने न्यायालय परिसर मे लगे सीसीटीवी मानीटिरिंग रुम, न्यायालय के चारों मुख्य द्वारों, बैग स्कैनर, मेटल डिटेक्टर, गेट चेकिंग व सेशन हवालात की जांच की गयी तथा मानिटिरिंग रुम में उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। न्यायालय के मुख्य द्वारों पर लगे सुरक्षा कर्मियों को चुस्त दुरुस्त ड्यूटी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बैग स्कैनर /हैड मेटेल डिटेक्टर गेट पर लगे पुलिस कर्मियों को परिसर मे आने जाने वाले जनमानस की सघन चेकिंग व जांच हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने ड्यूटी पर मौजूद महिला आरक्षियों को महिलाओं की बापर्दा चेकिंग की नसीहत दी, जिससे परिसर मे किसी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न हो। सीसीटीवी मानीट्रिंग रुम पर लगे समस्त कर्मचारियों को परिसर में प्रवेश करने वाले आसामाजिक तत्वों की विशेष निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये, जिससे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मे कोई कमी न हो सके।

# निरीक्षण में मिला गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय का संचालन

अवधनामा संवाददाता

**बीईओ ने विद्यालय का संचालन बंद कराकर प्रबंधन को दी कठोर चेतावनी**

**बहराइच।** खंड शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण में एक विद्यालय बिना मान्यता के संचालित होता पाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से उस विद्यालय के संचालन को बंद कराकर विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी दी कि भविष्य में वह इस प्रकार बिना मान्यता प्राप्त किया विद्यालय का संचालन ना करें। ऐसा पाए जाने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने बुधवार को कस्बा नवाबगंज स्थित एक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवाबगंज कस्बा स्थित विद्यालय बिना मान्यता के संचालित होता पाया गया। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए उक्त विद्यालय को बंद करवा दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि कस्बा नवाबगंज स्थित नूर चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल गैर मान्यता प्राप्त संचालित किया जा रहा था। जानकारी मिलने पर उन्होंने बीते बुधवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अभिलेखों में काफ़ी अनियमितताएं पाई गईं। अभिलेखों के निरीक्षण में विद्यालय बिना मान्यता के संचालित पाया गया। जिस पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्यालय को तत्काल बंद करवा दिया गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन को भविष्य में बिना मान्यता के विद्यालय संचालित किए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

## पुलिस कर्मियों को दी गई ससम्मान विदाई



**सुलतानपुर।** अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से 02 उपनिरीक्षक सशस्त्र/नागरिक पुलिस व 01 आरक्षी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स सुलतानपुर स्थित सभागार में विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्री सोमेन बर्मा द्वारा सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 सशस्त्र पुलिस राधेश्याम राय, उ0नि0 नागरिक पुलिस शिवकुमार सिंह व आरक्षी नागरिक पुलिस श्री सुरेश प्रसाद को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त विदाई कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अरूण चन्द व प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# स्पर्श राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम 2023-24 का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम सुल्तानपुर की ओर से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2024 का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुल्तानपुर डॉ.ओ.पी.चौधरी द्वारा किया गया। कुष्ठ रोग मरीजो को तलाशने के लिए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम 30 जनवरी 2024 से 13 फ़रवरी 2024 (14 दिन तक) कुष्ठ का प्रचार प्रसार कर मरीजो को तलाश करने हेतु जागरूक किया जायेगा । जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जायेगा, इसको लेकर दिनांक 30 जनवरी 2024 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी की अध्यक्षता में जिला अधिकारी का सन्देश पढ़ा गया, सभी कर्मचारी ने सन्देश को दोहराया एवं एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रचार हेतु भेजा गया 7 जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ0 ए0 के0 राय एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लाल जी ने बताया की इसमें कुष्ठ का प्रचार प्रसार कर मरीजो को तलाश करने हेतु जागरूक किया जायेगा।

सुलतानपुर जनपद के समस्त अधीक्षक/ अर्बन नोडल अधिकारियों की सूक्ष्म कार्योजना पर चर्चा की गई एवं उसमे सभी रिपोंटिंग प्रपत्रों पर चर्चा की गई, इस सर्वे धार्मिक, राजनैतिक और शैक्षिक क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग लिया जायेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** सरदार नगर में रेक हैंडलिंग प्लेटफार्म सतह का सुधार, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-220, **अनुमानित लागत (₹)** : 4,77,94,599/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹)** :3,89,000/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 21.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 06 माह। **कार्य का नाम :** कुम्भ मेला–2025 के संबंध में प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी में हाईड्रेन्ट, शौचालय/पाइप लाइन आदि के साथ अस्थायी यात्री शेड का प्रावधान, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2023-221, **अनुमानित लागत (₹)** : 4,07,60,741/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹)** :3,53,800/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 21.02.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** :12 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-220 से एनईआर-बीएसबी-2023-221 दिनांक 21.02.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-525 वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-आक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–आक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन: लखनऊ–पू.उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/पू.उ.रे., नीलामी सूची सं./लॉट सं.: LJN-FSLR-01-24, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि: 29-01-2024 समय 15:15 बजे, नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 14-02-2024 समय 13:00 बजे, नीलामी बन्द करने की तिथि व समय: 14-02-2024 समय 15:50 बजे, नीलामी का प्रकार: Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य–256 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2023–24

कृप्या ध्यान दें।

!! कुष्ठ रोग के चिन्ह व लक्षण !!

**कुष्ठ रोगी उसे कहते है -**

- जिनकी चमड़ी एक या अनेक ऐसे धब्बे हों जिनमें सुन्नपन हो और जिसने पूरा बहु औषधि उपचार न लिया हो।

**कुष्ठ रोगी के दाग या धब्बे-**

- पीले या लाल तांगई रंग हो सकते है, जो समतल या उभरें हुए हो सकते हैं।
- इनमें खुजली नहीं होती है।
- इनमें आमतौर पर तकलीफ नहीं होती है।
- इनमें ठंडा गर्म स्पर्श या दर्द का अभाव होता है। ये शरीर पर कहीं भी हो सकता हैं।
- हाथ–पैर की नसों में झनझनाहट व दर्द होना।
- हाथ व पैरों में पसीना न होना भी कुष्ठ का लक्षण है।

कुष्ठ रोग एम.डी.टी. से हो जाता है

सभी सरकारी अस्पतालों व स्वास्य केन्दों में जाँच एवं उपचार मुफ्त होता है।

"कुष्ठ का प्रारम्भिक अवस्था में जाँच एंव पूरे उपचार से शरीरिक विकृतियाँ नहीं होती"

NLEP

जिला कुष्ठ अधिकारी सुलतानपुर | मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर | जिलाधिकारी सुलतानपुर

उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मैनपुरी

पत्रांकः-559-62/जि.ग्रा.अधि./मैनपुरी/भ.नि.प्रयो.पत्रा./2023-24 दि. 31 जनवरी 2024

(नीलामी सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, राम श्याम भवन, भाँवत चौराहा, मैनपुरी द्वारा निष्प्रयोज्य सामान की जैसा जहां है, के आधार पर नीलामी की जानी है।

अतः दिनांक 06.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित जमानत धनराशि रू0 1000/- जमा कर नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नीलामी से पूर्व धनराशि तत्काल कार्यालय में जमा करनी होगी। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, राम श्याम भवन भांवत चौराहा, मैनपुरी में एवं मोबाइल नम्बर-9580503125 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(पवन यादव)
जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
मैनपुरी

-: खादी एक वस्त्र नहीं, एक विचार है:-

# हमीरपुर में चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं की भेट चढ़ा मासूम

**शव लेकर गेट पर बैठे मां-बाप**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** सांस की नली में सेब का टुकड़ा फंसने से दस माह के मासूम की मौत से टूटे मां-बाप बुधवार तड़के 3 बजे शव लेकर सीएचसी गेट पर बैठ गए। अपने मासूम को खोने परिवारजन को शिकायत डॉक्टरो से नही बल्कि पूरे स्वास्थ्य सिस्टम से है जिसे सुधार की गुहार लगा रहे हैं। पिता का कहना है कि डॉक्टरों ने कोशिश की फिर भी बच्चे को उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया पर वहां पहुंचने से पहले उसकी सांसे थम गई। मां-बाप और परिजन सीएचसी गेट पर डटे हैं और डीएम को बुलाने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें बताया जा सके की लचर हो चुकी स्वास्थ्य सेवाएं कैसे मासूमो की जिंदगी लील रही है। पिंकू की मौत से पिता संजय और मां सोनिया बुरी तरह से टूट गए। तड़के 3 बजे शव लेकर सीएचसी पहुंचे और बगैर किसी हंगामे के गेट पर शव लेकर बैठ गए। सुबह 5 बजे एसडीएम राठ विपिन कुमार शिवहरे और सीओ घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए मनाने की कोशिश की पर पिता डीएम को बुलाने की मांग कर रहे थे। पिता का कहना है कि डॉक्टरों ने बच्चे को बचाने की कोशिश की लेकिन सुविधाओं के अभाव में जान नहीं बचा सके। उन्हें सिर्फ डीएम को बुलाकर यह बताना है कि यह कैसा सिस्टम है जहां मासूम बच्चों की जिंदगी बचाने तक के इंतजाम नहीं है। इसलिए वह यहां बच्चे के शव को लेकर बैठे हैं। पिता का कहना है कि राठ कस्बे के प्राइवेट अस्पताल मरीजो को जमकर लूटते हैं पर रात में कोई इमरजेंसी हो जाए तो अस्पताल का दरवाजा तक नहीं खोलते हैं।

### दस महा पूर्व हुई थी मासूम बेटी की मौत

स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली से इस दस माह में दूसरा बड़ा दुख पहुंचा है। दस माह पहले संजय की दो साल की बेटी लाडो भी पेट दर्द के बाद सीएचसी में इलाज के अभाव में चल बसी थी। बच्ची की मौत के कुछ दिन बाद पिंकू का जन्म हुआ था,जो अब इसी सीएचसी के बदहाल सिस्टम की भेंट चढ़ गया। दस माह में दो मासूम बच्चों को खोने वाले दंपति अब दूसरों की गोद न उजड़े इसलिए सीएचसी गेट पर दूधमुंहे का शव लेकर बैठे हैं ,और अफसरो से व्यवस्था परिवर्तन की गुहार लगा रहे हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक एसडीएम को छोड़कर कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अयोध्या से आए प्रसाद कार्यकर्ताओं में हुए वितरित

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की प्रकोष्ठ व विभाग की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह जी मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मे प्रकोष्ठ व विभाग केवल कार्यकर्ताओं का समायोजन ही नही है, बल्कि प्रकोष्ठ व विभाग मे कार्य करने वाले अनेको अनेक कार्यकर्ता आज पार्टी के शीर्ष टीम में महत्वपूर्ण भूमिका मे काम कर रहे है, इसलिए यह प्रकोष्ठ व विभाग पार्टी (संगठन) का महत्वपूर्ण अंग है। हमे अपने को संकुचित नही रखना है सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ना होगा जिससे कि जनता को सीधे लाभ मिल सके। ज्ञान विज्ञान के आधार पर हम एक विकसित राष्ट्र बनने की तरफ अग्रसर है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में चाहे युवा हो व्यापारी हो किसान हो मजदूर या महिला सभी के लिए अनेको योजनाएं चल रही है, जिससे काफी लोग लाभान्वित हो रहे है। सभी विभाग व प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि आगामी गांव चलो अभियान के अंतर्गत सभी कार्यकर्ता मनोयोग से प्रवास कर सीधे लोगो से संपर्क व संवाद करेंगे। तो निश्चित रुप से विगत चुनावों कि अपेक्षा इस चुनाव में 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ेगा और पार्टी द्वारा निर्धारित 400 पार के लक्ष्य को हम आसानी से पूर्ण कर सकेंगे। और आने वाले लोकसभा चुनाव मे प्रचण्ड बहुमत से मोदी जी के नेतृत्व मे सरकार बनेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने सभी विभाग व प्रकोष्ठ का वृत्त लेते हुए कहा कि हमारा जनपद 5 रियासतो को लेकर बना हुआ है जिसकी सीमांए 4 राज्यो से लगती है।

# एनसीएल ने तकनीकी शिक्षा निदेशालय (म.प्र.) के साथ किया एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत तकनीकी शिक्षा निदेशालय, (म.प्र.) भोपाल के साथ सिंगरौली क्षेत्र में खनन प्रौद्योगिकी संस्थान के निर्माण (लागत 76.56 करोड़ रुपये) हेतु समझौता किया। इस दौरान सीएमडी एनसीएल श्री भोला सिंह, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, जिला कलेक्टर, सिंगरौली, तकनीकी शिक्षा निदेशालय भोपाल के सदस्यगण, महाप्रबंधक (सीएसआर) एनसीएल उपस्थित रहे। सिंगरौली परिक्षेत्र के तिराया गाँव में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन यह खनन प्रौद्योगिकी संस्थान राज्य सरकार का स्वायत्त संस्थान होगा जो युवाओं को खनन इंजीनियरिंग की शिक्षा प्रदान करेगा। इस संस्थान का पाठ्यक्रम राजीव गांधी प्रौधोगिकी विश्वविधालय द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। 3 वर्षों में बनकर तैयार इस संस्थान द्वारा शुरुआती वर्ष में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेकनीकल एजुकेशन द्वारा स्वीकृत केवल एक पाठ्यक्रम माइनिंग इंजीनियरिंग की शिक्षा प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर पहल सब साक्षर व कौशल विकास के तहत आस पास के परिक्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु उच्च शिक्षा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एनसीएल सीएसआर द्वारा यह पहल स्थानीय समाज में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव हेतु कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनसीएल ने सिंगरौली परिक्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने हेतु यह एमओयू किया है।

# व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ डीएम ने की बैठक

**नीलम गुप्ता को जिलाधिकारी नें दी दस लाख की चैक**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई। तदोपरांत उद्योग व व्यापार बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में बैठक में चर्चा की गई। समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं, इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए। इस मौके पर उन्होंने सरकार समर्थित विभिन्न ऋण योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी योजना व्यापारी दुर्घटना बीमा के तहत नीलम गुप्ता पत्नी अमित कुमार फर्म स्वामी बालाजी इंटरप्राइजेज, 6 थोक 421/3 नियर बी,एस,एन,एल, टावर मुस्करा, जिला हमीरपुर को 10 लाख रूपये की चेक जिलाधिकारी द्वारा दी गयी। जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना चलायी जा रही है, जिसमें उन व्यापारियों को लाभ मिलता है जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो और जी0एस0टी. केन्द्र एवं राज्य दोनो में पंजीकृत हो और यदि उनकी दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है तो उनके आश्रित को 10 लाख की धनराशि दी जाती है।

इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव , एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक,सीओ सदर, अधिशासी अभियंता विद्युत , जीएमडीआईसी, उपायुक्त वाणिज्य कर, संतोष कुमार वर्मा, संयुक्त कार्यपालक, सम्भाग बांदा कृष्ण प्रकाश उपायुक्त राज्य कर हमीरपुर श्री राम नरेश सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर हमीरपुर, अविनाश साहू सहायक आयुक्त राज्य कर , अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी ,एलडीएम ,व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व उद्योग बन्धु मौजूद रहे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/अनपरा।** शरद मेला समिति, अनपरा के तत्वाधान में मंगलवार देर शाम को अनपरा कॉलोनी परिसर स्थित शहीद उद्यान में शहीद दिवस के अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद शहीद-ए -आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं आरसी श्रीवास्तव के द्वारा ज्योति पुंज महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित तमाम वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह के बलिदान को याद करते हुए उनकी व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह के देश के प्रति बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता।मुख्य अतिथि परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं आरसी श्रीवास्तव ने शहीदों को नमन करते हुए भगत सिंह,राजगुरु,राम प्रसाद बिस्मिल की चर्चा करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के कारण हमारे देश का मान सम्मान बढ़ा है,इससे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है।उन्होंने शहीद उद्यान में भगत सिंह की प्रतिमा लगवाने हेतु समिति के पदाधिकारियों की सराहना भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शरद मेला समिति के अध्यक्ष इं अदालत वर्मा ने कहा कि भगत सिंह ने अपने प्राणों की आहुति देकर अंग्रेजों के विरुद्ध आजादी की लड़ाई में ऊंचाई प्रदान की। उनके बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता में बहुत बड़ी क्रांति लाई जिससे हमारा देश स्वतंत्र हुआ। कार्यक्रम का संचालन इं धर्मेंद्र राम करन ने किया। इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, अध्यक्षा ज्योति पुंज महिला मंडल अनपरा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक ब ताप इं जय प्रकाश कटियार, महाप्रबंधक द ताप इं राजेंद्र कुमार अग्रवाल, उप समादेष्टा आरके शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अमरनाथ बरनवाल समिति के संरक्षक मंडल में अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय) इं कर्मेंद्र सिंह, इं अवधेश कुमार, इं महेंद्र सिंह, इं उत्पल शंकर, अनुराग अस्थाना, समिति के सचिव अभिषेक सिंह, अधिशासी अभियंता आरके सिंह, संतोष कुमार, अभय केशरवानी, रामप्यारे वर्मा, दिनेश विकल, दिनेश त्रिपाठी, एसके रजक, बीआर पटेल सहायक अभियंता रोहित राय, आशीष शर्मा, समिति के अन्य पदाधिकारीगण में विष्णु देव झा, आलोक सिंह, पुष्कर सिंह, प्रशांत उपाध्याय, श्यामबिहारी सिंह, राकेश जायसवाल, अविनाश सिंह, विशाल शाही, अभिषेक सिंह, प्रभार श्रीवास्तव, शिव प्रकाश उर्फ श्री (सभासद) ज्ञानेंद्र पटेल, मनोज शर्मा, इंद्र कुमार सिंह, कुलदीप मौर्य, प्रवेश राज सिंह, बिंदेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, ज्योतिपुंज महिला मंडल की सचिव मंगई उमापति के साथ अन्य पदाधिकारियों में रिचा, वर्तिका केशरवानी, सर्जना सिंह, विभूति निगम, रूबी सिंह विभिन्न संगठन के प्रतिनिधियों में पवन श्रीवास्तव, डीएस यादव, रविन्द्र जायसवाल, राजीव यादव, शैलेंद्र सिंह, श्रीकांत, महबूब अहमद, सुशील सिंह, आकाश सुमन, अभिषेक सिंह, शैलेश यादव, प्रवीण कश्यप, प्रदीप कुमार, राजकुमार, सुरेश प्रजापति, रवि प्रकाश यादव, ओमेंद्र जायसवाल, अरुण कुमार, अमर नाथ यादव, पवन तिवारी, प्रभाकर सिंह, अनिल कुमार, शिव सिंह, चंदन पटेल, परमेश्वर चौधरी, अभिनव गुप्ता, आकाश सचदेव, सुभम द्विवेदी, रूचित शाहू, कार्तीके त्रिपाठी, धर्मेंद्र पटेल, मनीष सिंह, मृदु रंजन श्रीवास्तव, मनोज पल, पंकज सिंह, आनंद पटेल, रवि गोड, इंद्रजीत बिंद, पवन चौरसिया, बृजेश चौरसिया, अखिलेश कुमार, राहुल मिश्रा, सतीश पटेल, सूरज गुप्ता, इंद्रेश सिंह, नीरज जायसवाल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्ची पर बाईक चढाने का मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची पर अज्ञात बाईक सवार ने बाईक चढ़ा दी जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची के दादा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला फत्तेपुर निवासी रामसजीवन पुत्र मेड़ेलाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ बैठा हुआ था और उसकी चार वर्षीय नातिन परी उसके पास आ रही थी तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाईक सवार जिसकी बाईक का नम्बर यूपी 91 यू 2103 है ने बच्ची पर बाईक चढ़ा दी और मौके से फरार हो गया जिससे बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं जिसे हम इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन गंभीर चोंटो के चलते बच्ची का बाहर इलाज चल रहा है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 650 ग्राम अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कुरारा पुलिस द्वारा मनकी रोड पर स्थित खरौंज मौड़ के पास से अजीज पुत्र नूरबख्श निवासी वार्ड नंबर 2 कस्बा व थाना कुरारा को 650 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### क्रिकेट खेलने को लेकर उपजे विवाद में मारपीट

**मौदहा हमीरपुर।** क्रिकेट खेलने को लेकर बच्चों के बीच हुए विवाद में बड़ों ने आकर मारपीट शुरू कर दी जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी जावेद पुत्र फय्याज ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बच्चों के क्रिकेट खेलने के बीच उपजे विवाद में शाकिब पुत्र महमूद, महमूद और लाला मालिक आदि ने उसके और उसके परिजनों के साथ गाली गलौज और मारपीट की जिससे उसके को चोटें आई हैं।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात क्रेन चालक पर मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** बीते 29 जनवरी की शाम कस्बे के स्टेट बैंक के सामने क्रेन की टक्कर से हुई वृद्ध की मौत को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते 29 जनवरी की शाम मंदिर से लौटते समय मूल रूप से रीवन गांव निवासी और काफी समय से कस्बे में रह रहे वेद प्रकाश गुप्ता को स्टेट बैंक के सामने क्रेन नम्बर यूपी 71 एटी 6361 ने टक्कर मार दी थी जिससे वृद्ध वेदप्रकाश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था जहां पर डाक्टरों ने घायल वृद्ध को मृत घोषित कर दिया था।वहीं टक्कर मारने के बाद क्रेन चालक मौके से फरार हो गया था जबकि पुलिस ने क्रेन को कब्जे में ले लिया था और चालक की तलाश शुरू कर दी थी।इसके अगले दिन मृतक के पुत्र ईश गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात क्रेन चालक के विरुद्ध लापरवाही से क्रेन चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मारने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट दो फरवरी से

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा में दूसरा अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट दो फरवरी से शुरू होगा जिसमें कई राज्यों की नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों की टीमें अपना दमखम दिखाएंगी।ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतापपुरा, बरौर,पुखरायां, गोयरा मुगली, शेखनपुरवा, बांदा स्टेडियम, परछा, आगरा, गाजीपुर, नौहाई, टीकमगढ़, हड़ाहा, पौथिया, उरई, भैरमपुर, स्टार क्लब कानपुर बिसण्डा की टीमों की हिस्सेदारी लेने की स्वीकृति मिल चुकी है जबकि नगरीय क्षेत्रों की टीमों में गुजरात, बांदा हास्टल, प्रयागराज हास्टल, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, आगरा और कानपुर की टीमों द्वारा शानदार खेल का मुजाहरा पेश किया जाएगा।

### सिसोलर में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**मौदहा। हमीरपुर।** 31जनवरी मौदहा तहसील के थाना सिसोलर अंतर्गत सुमेरपुर मार्ग पर गांव टोलामाफ और परेहटा मोड़ के बीच एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। सूचना मिलने पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार की सुबह सिसोलर - सुमेरपुर मार्ग में टोलामाफ गांव से आगे और परेहटा मोड़ के पहले लगभग पैंतीस वर्षीय एक युवक को संदिग्ध हालात में पड़ा देख आसपास के ग्रामीणों में सनसनी फ़ैल गई। उन्होंने इसकी सूचना सिसोलर पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने युवक को मृत पाया और उसके पास किसी भी प्रकार के कागजात, पैसे अथवा मोबाइल भी पुलिस को नहीं मिला है जिससे कि उसकी पहचान में मदद हो सके।

# महिलाओं को पोषक तत्वों की दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेनूकुट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग अपने सामुदायिक दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहा है। इसी क्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट के नगरीय बस्ती में अनेकों अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहें है। हिण्डाल्को के मुखिया श्री एन. नागेश के मार्गदर्शन में एंव ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख श्री अविजीत के नेतृत्व मे रेणुकूट नगरीय बस्ती की महिलाओं के लिए न्युट्रीशन एंव साफ-सफाई पर आधारित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हिण्डाल्को, रेणुकूट के मनोरंजनालय हॉल में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को हिण्डाल्को के प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी श्री वेद प्रकाश ने बताया कि हरी सब्जियों को कैसे काटना और बनाना चाहिए जिससे उनमें उपस्थित पोषक तत्व नष्ट ना हो। उन्होंने बताया कि चावल को भगोना में बनाकर उससे निकाला हुआ माड़ फेंकना नहीं चाहिए तथा भिगोए हुए चना के पानी को भी फेकना नहीं चाहिए बल्कि इन्हें पीना चाहिए क्योंकि इनमें पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होती है जो हमारे पाचन एवं स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने महिलाओं को विटामिन-ए युक्त पदार्थ के बारे में भी जानकारी दी जिनका सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने पानी में घुलनशील व वसा में घुलनशील पदार्थ के बारे में जानकारी दी और दिन में एक घंटा व्यायाम करने की सलाह दी जिससे शरीर का ब्लड सरकुलेशन सही रहे जो हमें बहुत सारी बीमारियों से बचा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि उपरोक्त उपायों से नसों की जकड़न और ब्लड प्रेशर से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में रेणुकूट एवं आस-पास की 83 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं को साफ-सफाई के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई और प्रत्येक महिला को एक-एक साबुन वितरीत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उध्वी पारिख, रेखा मिश्रा एंव ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम का सरानीय योगदान रहा।

# जाते-जाते झटका दे रही ठंड, बालक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जाते-जाते भी सर्दी झटका दे रही है। ठंड की चपेट में आए एक बालक की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। उसके बार परिजन घर ले गए। बुधवार की सुबह फिर से तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे मेडिकल कालेज लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। बालक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अतर्रा कस्बे के कुम्हारडेरा निवासी ओमप्रकाश (8) पुत्र रामप्रकाश को ठंड ने अपनी चपेट में ले लिया। मंगलवार को उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा ले गए। वहां पर उसका उपचार किया गया। हालत में सुधार होने पर परिजन बालक को घर लेकर चले गए। रात भर तो सब ठीक रहा, लेकिन बुधवार की सुबह अचानक फिर से ओमप्रकाश की तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन शव लेकर घर पहुच गए। इधर, ठंड की चपेट में आने से कई लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# नोटिस बोर्ड पर पुरानी सूचनाएं चस्पा देख आयुक्त खफा

अवधनामा संवाददाता

**सिर्फ तात्कालिक सूचनाएं ही चस्पा रखने के निर्देश**

**आयुक्त ने कलेक्ट्रेट में विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण**

**बांदा।** मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी ने बुधवार को कलेक्टेउट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कलेक्टेउट के विभिन्न पटलों के अन्तर्गत स्थानीय निकाय पटल, राजस्व अभिलेखागार, शस्त्र अनुभाग, नजारत, न्याय अभिलेखागार, ईआरके एवं अपर जिलाधिकारी न्यायालयों का भी गहनता से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश कर्मिकों को दिये। उन्होंने कलेक्टेउट के निरीक्षण में नोटिस बोर्ड में लगी पुरानी सूचनाओं को हटाकर केवल अद्यतन सूचना नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्थानीय निकाय पटल का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव को चेक किया तथा पत्रावलियों को नगर पालिका, नगर पंचायत के अनुसार व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिये। उन्होंने न्याय अभिलेखागार में निरीक्षण करते हुए कालातीत अवधि समाप्त होने एवं पुराने अभिलेखों जिनकी समयावधि पूर्ण हो गई हो, उनकी बीडिंग कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अभिलेखागार में लगे अग्निशमन यंत्र के क्रियाशील होने के सम्बन्ध में अपने समक्ष चेक कराया तथा अभिलेखों का बस्ता खुलवाकर उपलब्ध सूची से पत्रावलियों का मिलान कराने पर क्रमवार अभिलेखों के न होने पर व्यवस्थित रूप से सभी अभिलेखों, पत्रावलियों को क्रमवार रखे जाने तथा सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने शस्त्र अनुभाग में शस्त्र अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों के लाइसेन्सों का थानावार सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ईआरके अनुभाग में सन्दर्भ रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए निस्तारण के प्रकरणों को लाल स्याही से अंकित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। आयुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए भूमि पैमाइश के प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सन्दर्भो का समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को राजस्व वादों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस में प्राप्त होने वाले प्रकरणों को समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराये जाने तथा अधिक दिनों तक प्रकरण लम्बित नही रहने पाये के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के साथ जहां मतदान प्रतिशत विगत चुनावों में कम रहा है।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर दूसरे को भी रखे सुरक्षितः कैप्टन रोहित

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन के प्रमुख आर पी सिंह के दिशा निर्देशन व मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह के देख रेख में चल रहे माह भर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रेनूसागर प्रेक्षागृह में बच्चों व अध्यापकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल व आदित्य बिरला इंटरमीडिएट कॉलेज के लगभग दो सौ बच्चों व अध्यापकों ने भाग लिया, कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम आदित्य बंदना से हुई, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी कैप्टन रोहित देव फरासी ने उपस्थित सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा के लिए जागरूक किया, उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि जब हम यात्रा करें ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें इससे हम सुरक्षित रहकर दूसरे को भी सुरक्षित रख सकते हैं, यात्रा के दौरान सुरक्षा संकेत का जरूर ध्यान रखें उन्होंने वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की सभी से अपेक्षा की और अंत में उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा की जानकारी हो सके द्व माह भर चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान सिक्योरिटी विभाग हेड कर्नल जयदीप मिश्रा नेतृत्व में जगह जगह दुर्घनाओ के बचाव हेतु बिरला मार्केट, कॉलोनी परिसर , दो पहिया, चार पहिया चालक व ट्रक चालकों को विडिओ फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया। बच्चो, अध्यापको, व्यापारियों, चालकों व कॉलोनी रहवासियों द्वारा रेनूसागर प्रबंधन की प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम का संचालन ट्रांसपोर्ट विभग के अधिकारी मुकेश श्रीवास्त्व ने किया।

# अधिकारी जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करें: योगी

## पी.सी.एस. अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़, कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका: मुख्यमंत्री

**समस्याओं के निस्तारण के प्रति अधिकारियों को आग्रही बनना होगा**

अवधनामा ब्यूरो



अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील होना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पी.सी.एस. अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे इसके लिए जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारीगण तमाम विषयों और मुद्दों से भली-भांति परिचित हों। उन्हें अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करने के लिए परिश्रमी और तेजी से फैसले लेने में भी सक्षम होना चाहिए। साथ ही, मामलों का निस्तारण पारदर्शी तथा समयबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए। अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अधिकारीगण उस महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जहां आम जनमानस की समस्याओं को बहुत नजदीक से सुनने का अवसर मिलेगा। एक कॉमन मैन की पीड़ा को सुनने का अवसर प्राप्त होगा। व्यक्ति तभी फेल होता है, जब वह छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करता है। आपके लिए छोटी सी चीज दूसरे के लिए बड़ी भी हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेत की पैमाइश आपके लिए छोटी हो सकती है, लेकिन जिसका परिवार उस खेत पर आश्रित है, यदि कोई दबंग व्यक्ति उस गरीब व्यक्ति के खेत पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहता है वह उस पीड़ित व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी घटना होती है। उस स्थिति में खेत की पैमाइश की उसकी मांग उसे तत्काल राहत और न्याय दिला सकती है। राजस्व से जुड़े मामलों को लम्बित न रखा जाए, इससे कॉमन मैन प्रभावित होता है। ऐसे मामलों के लम्बित रहने की दशा में तमाम दावेदार आ जाते हैं, जिससे अन्ततः विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद लोकतंत्र की ताकत है। हमें इस ताकत का इस्तेमाल करना होगा। आपकी सबसे बड़ी ताकत ह्यूमन इण्टेलीजेंस है। आपका व्यावहारिक पक्ष अच्छा है, तो जनता की समस्याएं नहीं अटकेंगी और जनप्रतिनिधियों के साथ भी आपका बेहतर संवाद होगा। समस्याओं से जुड़े स्थलों जैसे-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थाना इत्यादि से संवाद स्थापित कर मेरिट के आधार पर शिकायतों व समस्याओं का निस्तारण करें। समस्याओं के निस्तारण के प्रति आप सभी को आग्रही बनना होगा। अधिकारी जनता से संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आई.जी.आर.एस. पोर्टल, सी.एम. हेल्पलाइन, तहसील दिवस तथा थाना दिवस की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का अन्तिम मापदण्ड है। जनता से प्राप्त शिकायतों में 90 प्रतिशत शिकायतें थाना और तहसील से सम्बन्धित होती हैं। अपने कार्य क्षेत्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जनसुनवाई करें। तहसील दिवस और थाना दिवस पर टीम बनाकर समय-सीमा तय करते हुए कार्यवाही को आगे बढ़ाएं। जो न्याय संगत हो, उसी पर कार्य किया जाए।

# पर्यटन मंत्री ने आत्मरक्षा कार्यशाला का किया शुभारम्भ

**पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह समर्पण अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महिला सशक्तिकरण के लिए केन्द्र एवं राज्य द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से नारी शक्ति को जोड़ रहे हैं, जिसका नतीजा है कि आज की भारतीय नारी जीवन के हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है और देश को विकसित भारत बनाने के लिए अपना श्रेष्ठ योगदान प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान की प्रत्येक छात्रा में नारी शक्ति है और देश का भविष्य आज की नारी शक्ति है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री आज देवा रोड स्थित समर्पण मेडिकल इन्स्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दौर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का है। चन्द्रयान की सफल लैन्डिंग के बाद माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस श्रृंखला में जय अनुसंधान को भी जोड़ दिया है। अब भारत अमृतकाल के समय से गुजर रहा है। इस समय विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है शीघ्र ही देश के विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज का भारत एक नया भारत है, जिसकी धमक पूरे विश्व में सुनी जा रही है। कला से लेकर विज्ञान तक हर क्षेत्र में भारत का झंडा लहरा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पश्चिम के लोग भारत को सपेरों का देश कहते थे, अब वहीं भारत आज पूरी दुनिया को शान्ति का संदेश देते हुए हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर रहा है।

# कस्टम ड्यूटी में 3 श्रेणियों में बदलाव किए: अश्विनी वैष्णव

अवधनामा ब्यूरो

**मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुओं पर अब 10 प्रतिशत होगा शुल्क**



**लखनऊ/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना के जरिए कस्टम ड्यूटी में 3 श्रेणियों में बदलाव किए हैं। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिए वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणी/अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं जिन्हें पहले अन्य माना जाता था और 15 प्रतिशत शुल्क लिया जाता था, अब 10 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। उदाहरण- बैटरी कवर, फ्रंट कवर, मिडिल कवर, मेन लेंस, बैक कवर, जीएसएम एंटीना, पीयू केस, सीलिंग गैस्केट, सिम सॉकेट, स्क्रू, प्लास्टिक और धातु के अन्य यांत्रिक आइटम। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग के लिए वस्तुओं पर लागू अवशिष्ट श्रेणी/अन्य पर लगने वाले सीमा शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। मोबाइल फोन के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं जिन्हें पहले अन्य माना जाता था और 15 प्रतिशत शुल्क लिया जाता था, अब 10 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। इन अधिसूचनाओं में विशेष रूप से सूचीबद्ध वस्तुओं के निर्माण में उपयोग के लिए इनपुट या भागों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया गया है। मोबाइल उद्योग ने उद्योग के लिए सीमा शुल्क कम करने के सरकार के कदम का जबरदस्त स्वागत किया है। यह संशोधन निर्यात-आधारित विकास, नीतिगत स्थिरता सुनिश्चित करने और विनिर्माण में प्रतिस्पर्धात्मकता को संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव है, जो भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। आईसीईए के अध्यक्ष, पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, यह भारत में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य नीतिगत हस्तक्षेप है। बिल्डिंग स्केल, कम इनपुट टैरिफ पर सवारी भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है और निर्यात। मोबाइल फोन उद्योग प्रधान मंत्री कार्यालय, MoF और MeitY के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करना चाहता है। मोबाइल फोन और मैकेनिक्स और डाई-कट पार्ट्स के हिस्सों पर बीसीडी का समायोजन 10 प्रतिशत और मैकेनिक्स के इनपुट पर 0 प्रतिशत निर्यात-आधारित विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता की दिशा में सरकार की नीति अभिविन्यास में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है।

# रोजगार मेले में 205 युवाओं को मिला जॉब ऑफर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में शिशिक्षु/रोजगार मेले का उद्घाटन राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने किया एवं अपने सम्बोधन में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। एम0 ए0 खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि मेले में आमंत्रित 12 कम्पनियों में कुल 205 अभ्यर्थियों को रूपये 10,000 से 27,000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व मानकों का रखा जाये ध्यान: केशव प्रसाद मौर्य

**नियमित रूप से सड़कों का किया जाए निरीक्षण**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरणबद्ध एवं समयबद्ध लक्ष्य की प्राप्ति एवं उच्च गुणवत्ता की ग्रामीण सड़कों को बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा भविष्य में एफ.डी.आर. तकनीक को प्राथमिकता देते हुये नये मार्गों का निर्माण प्रस्तावित किया जाये तथा एफडीआर तकनीक को बढ़ावा दिया जाए।, इस हेतु कान्ट्रेक्टर्स के साथ मीटिंग करते हुये अच्छा संवाद बनाए रखा जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उप मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा सड़क निर्माण की गति बढ़ाने के लिये निरन्तर न्यूनतम 05 एफ.डी.आर. कॉन्ट्रैक्टर्स की समीक्षा बैठक प्रत्येक दिन की जा रही है, जो,एफ.डी.आर. कार्य समाप्ति तक / न्यूनतम 3-4 महीने चलती रहेगी। उप मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सुखलाल भारती, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के राज्य गुणवत्ता समन्वयक एवं यंग सिविल इंजीनियर्स के साथ मंगलवार को जनपद लखीमपुर खीरी के पैकेज सं. यूपी-44139, मार्ग-एल.बी.बी. (एस.एच-90) किमी.-25 बिजुआ-अलीगंज, ब्लाक-बिजुआ एवं पैकेज सं. यूपी-44154, मार्ग-एनपीडीपी किमी.-34 (आर.एस.) से टापरपुरवा मार्ग, ब्लाक पलिया का निरीक्षण किया गया।

# समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाये: कश्यप

## गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजन के लिए संचालित दोनों विश्वविद्यालयों के क्रियाकलापों एवं सुविधाओं को प्रदर्शित किया जाये: मंत्री नरेन्द्र कश्यप

अवधनामा ब्यूरो

**योजनाओं में लापरवाही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी**



**लखनऊ।** मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने निर्देश दिया कि पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाय। योजनाओं में आवेदन से लेकर लाभ प्राप्त करने तक की प्रक्रिया में पात्र लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने निर्देशित किया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के अधिकारी एवं कर्मचारी पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनो के हितों को ध्यान में रखते हुए पूरी लगन एवं ईमानदारी से कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप बुधवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना की समीक्षा की और निर्देश दिए कि योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ दिया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य को तीव्र गति से मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में दिव्यांगजनो की समस्याओं का पूरा ध्यान रखा जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में दिव्यांगजन छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण का प्रस्ताव भेजा जाय। दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। दिव्यांगजनों को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर प्रदान किये जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के क्रियाकलापों एवं सुविधाओं को प्रदर्शित किया जाय। इसके साथ ही दिव्यांगजनो को अपनी हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सफल हो चुके दिव्यांगजनों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाय।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने पेश किए चौका देने वाले आँकड़े

**वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में है भारत की महत्वपूर्ण भूमिका**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** एक हालिया बयान में, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भारत को एक ऐसी सभ्यता के रूप बताया जो की ज्ञान से परिपूर्ण है और कहा कि भारत अपने डीएनए में ही प्रतिभा का एक जन्मजात भंडार रखता है। उन्होंने वैश्विक मंच पर, विशेषकर शिक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत के प्रभाव को रेखांकित करने के लिए चौंका देने वाले आँकड़े पेश किए। विधायक नें बताया कि 500 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की श्रम शक्ति के साथ भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कार्यशक्ति का खिताब हासिल है। इसके अलावा, भारत में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) स्नातकों के प्रमुख स्रोत के रूप में सालाना 1.5 मिलियन से अधिक पेशेवर भारत से ही निकलते हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने यह भी बताया कि वैश्विक बाजार में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत आउटसोर्सिंग और ऑफशोरिंग के लिए प्रमुख गंतव्य बन गया है। भारतीय आईटी उद्योग, जिसका मूल्य वर्तमान में 200 बिलियन से अधिक है, के वर्ष 2025 तक 350 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। विधायक ने भारत की उद्यमशीलता की भावना पर भी प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि देश 100 से अधिक यूनिकॉर्न का घर है - प्रत्येक स्टार्टअप का मूल्य 1 बिलियन डॉलर से अधिक है।

गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




मोबस्सिर हुसैन
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत खड़कोईया नानकार
वि.ख. बढ़नी सिद्धार्थ नगर

गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



उदय प्रताप गौतम
ग्राम विकास अधिकारी, विकास खण्ड बढ़नी सिद्धार्थनगर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की शिष्टाचार भेंट

# पी.एल. पुनिया संयोजक व आराधना मिश्रा मोना सहसंयोजक नियुक्त

**लखनऊ।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में सफल संचालन के लिए पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया को संयोजक और नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के अनुमोदन के बाद यात्रा के लिए संयोजक नियुक्त किये गये हैं। डॉ. राय ने बताया कि इसी तरह भारत जोड़ो न्याय यात्रा अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेश में चलाए जाने वाले ज्योत से ज्योत जगाते चलो कार्यक्रम का प्रदेश प्रभारी प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय को नियुक्त किया गया है।

# 62 आवंटियों की रजिस्ट्री की हुई कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर के दूसरे दिन बुधवार को 62 आवंटियों की रजिस्ट्री की कार्रवाई हुई। वहीं 80 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए पत्रावली अनुमोदित की गयी। लविप्रा अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने समय-समय पर विभिन्न आवासीय और व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया है, जिसमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अब तक नहीं हो सकी है। प्राधिकरण में दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर का आयोजन मंगलवार और बुधवार को किया गया। बुधवार को शिविर के दूसरे दिन प्राधिकरण के गणना, लेखा, नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही निबंधन विभाग की टीम भी मौजूद थी। शिविर में कुल 62 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी, जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, प्रधानमंत्री आवास, गोमती नगर, जानकीपुरम, प्रियदर्शिनी और कानपुर रोड सहित अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं।

# हज़रत ग़ुफ़रान मआब की स्मृति में संगोष्ठी एवं शोक सभा

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** दिलदार अली गुफ़्रान मआब फाउंडेशन के तत्वावधान में हज़रत गुफ़्रान मआब का स्वर्गवास 19 रजब 1235 को हुआ था उनके जीवन और उपलब्धियों पर एक सेमिनार और स्मारक सेवा का आयोजन हुसैनिया जन्नत मआब सैयद तकी साहब, अकबरी गेट, लखनऊ में किया गया, जिसकी अध्यक्षता आयतुल्लाह हमीदुल हसन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना ज़फ़र अब्बास कशमीरी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। मौलाना शरर नकवी ने सेमिनार और शोक सभा की व्यवस्था का दायित्व निभाया। मौलाना साएम मेहदी ने उद्घाटन भाषण देते हुए इज्तेहाद परिवार की सेवाओं का उल्लेख किया। श्री सीस्तानी के वकील, हुज्जतुल-इस्लाम वल मुस्लिमीन सैयद अशरफ ग़रवी ने अपने लेख में कहा कि हज़रत ग़ुफ़रान मआब ने अख़बारवाद और सूफ़ीवाद के ख़िलाफ़ जिहाद छेड़ा और शियावाद को इन दोनों से शुद्ध किया ताकि कोई भी सच्चाई छुप न सके और कोई भी असत्य में प्रवेश कर न सकेंगे उन्होंने साहब जवाहर के लिखे पत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह से अतीत में भारत की धार्मिक सेवाएं की जाती थीं, ईश्वर जल्द से जल्द उन दिनों को लौटाए ताकि भारत का लखनऊ शहर फिर से नजफे हिन्द बन जाए और मौलाना मुस्तफा अली खान ने सैयद दिलदार अली नकवी गुफ़्रान मआब, जिन्हें अल्लाह सर्वशक्तिमान के धन्य जीवन पर एक प्रस्तुति में कहा कि शरिया अदालत, जुमा और जमात की स्थापना और उपमहाद्वीप में शोक को बढ़ावा देना उनकी उपलब्धि थी, उन्होंने मजबूत किया न्यायशास्त्र और धर्मशास्त्र से शीअत को लाभ पहुंचाया, लखनऊ एवं नजफ अशरफ में शिक्षा संकाय की स्थापना की। मजलिस को संबोधित करते हुए आयतुल्लाह अमीरउल उलमा सैयद हमीदुल हसन साहब किबला ने ज्ञान और विद्वानों के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुफ़्रान मआब की सेवाओं और उनके माध्यम से शिया समुदाय ने जो विकास हासिल किया है उसका कोई विकल्प नहीं है। अंततः गुफ़्रान मआब फ़उंडेशन के तत्वावधान में कुछ पुस्तकें प्रकाशित हुई, जिन्हें मौलाना मोहम्मद मशरिकिन उस्ताद जामिया नाज़िम और डॉ. आरिफ़ अब्बास उस्ताद ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय द्वारा संकलित किया गया था। मुजद्दिदे शरीअत हज़रत गुफ़्रान मआब और उनके पांच मुजतहिद बेटे (उर्दू), हालात हज़रत अमीर मुख्तारं, (तर्जमा नूर अल-अबसार) (उर्दू) मकातीबे साहबे जवाहर एला सुल्तानुल उलमा व सैयदुल उलमा (अरबी) मकातीबुल आलाम एला मुम्ताजुल उलमा (अरबी) मकातीब मुफ्ती मुहम्मद अब्बास वा मुम्ताजुल उलमा (अरबी), तज़किरा उलमा अल्लामा सैय्यद मेहदी रिज़वी (फ़ारसी) किताबें अयातुल्ला सैयद हमीद अल हसन द्वारा जारी की गई। हज्जतुल-इस्लाम मौलाना सैयद सायम मेहदी, मौलाना सैयद सैफ अब्बास, मौलाना जहीर अहमद इफ्तिखारी, मौलाना फरीदुल हसन, जिसमें बड़ी संख्या में विद्वानों और विश्वासियों ने भाग लिया जिसमें मौलाना सैयद फरीदुल हसन, प्रिंसिपल जामिया नाजमिया, मौलाना जहीर अहमद इफ्तिखारी मौलाना अफ्जल अब्बास, मौलाना मुहम्मद रजा एलिया मुबारकपुरी, मौलाना अफ्ज़ाल हुसैन काजमी, मौलाना मिर्जा रजा हुसैन, मौलाना शबाब वास्ती, मौलाना काजिम वाहिदी, एजाज हुसैन, मौलाना गुलाम सरवर, मौलाना शमसुल हसन, मौलाना मीसम जैदी, मौलाना मुहम्मद हुसैन, मौलाना गुलाम अली आदि उपस्थित थे।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पिपरी, सोनभद्र




आदर्श नगर पंचायत पिपरी 26 जनवरी 2024 के शुभ अवसर पर शुभकामनाओं सहित समस्त नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है तथा नगर के समस्त नागरिकों के तरफ से देश के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन समर्पित करती है। इस अवसर पर नगर पंचायत, पिपरी अपने नागरिकों से निम्न अपेक्षायें करती है :-

1. वातावरण को शुद्ध रखने हेतु कम से कम एक पेंड़ अवश्य लगायें।
2. इस राष्ट्रीय पर्व को सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए धूम-धाम से मनायें, आपस में माई-चारा बनाये रखें, अफवाहों से दूर रहें।
3. यह नगर आपका है इसे साफ-सुथरा स्वच्छ बनाये रखने में नगर पंचायत को अपना सहयोग प्रदान करें एवं कूड़ा-करकट निर्धारित स्थान पर ही फेंकें खुले में शौच न करें सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें।
4. मार्ग प्रकाश के उपकरणों को क्षति न पहुंचायें ये निशाकाल में आपके सहयोगी पथ प्रदर्शक है।
5. घर अथवा दुकान में गीला, सूखा एवं हानिकारक कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखकर सफाईकर्मी/डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाले कर्मचारी को प्रदान करें।
6. कूड़े को किसी भी दशा में नाले/नाली अथवा सड़क/खुले स्थान पर न फेंके और न ही जलाये, ऐसा करना दण्डनीय अपराध है और पकड़े जाने पर जुर्माना भी देय होगा ।
7. पॉलिथीन कैरीबैग तथा थर्माकोल से बने सामग्री की बिक्री एवं उपयोग बंद करें, कपड़े जूट व कागज के बने थैलों का ही प्रयोग करें ताकि पॉलिथीन से होने वाली बीमारी से बचा जा सके।
8. जल संयोजन का कार्य करायें, अवैध कनेक्शन को स्वतः हटा लें। पेयजल आपूर्ति में नगर पंचायत का सहयोग करें। जल ही जीवन है व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें। जल लेने के उपरान्त जल की टोटी हमेशा बन्द रखें जल मूल्य का भुगतान समय से करे।
9. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य करायें।
10. नगर क्षेत्र के अन्तर्गत सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण/पार्किंग एवं अवैध होल्डिंग तथा सड़क के पटरियों, नालियों, पाईप लाईन तथा सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अवैध रूप से अतिक्रमण न करें।

नगर के विकास एवं सुन्दरीकरण के लिये जनता का सुझाव आमंत्रित है। स्वच्छ पिपरी, स्वस्थ पिपरी, आओ मिलकर बनायें बेहतर पिपरी

अंशुमान सिंह
अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पंचायत पिपरी सोनभद्र

समस्त सभासदगण
आदर्श नगर पंचायत
पिपरी सोनभद्र

दिग्विजय प्रताप सिंह, N.I.S.
अध्यक्ष/चेयरमैन
आदर्श नगर पंचायत पिपरी सोनभद्र